

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, उत्तर भारत का नया आईटी हब बनने को तैयार लखनऊ व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 35, अंक 167, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 33.7° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 24 | सूर्यास्त 07 :04

लखनऊ, रविवार, 13 जुलाई 2025


एलडीएफ-यूडीएफ ने भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा...12



## केएल राहुल...लाड्र्स का लॉर्ड

**लंदन।** लाड्र्स के मैदान पर शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाने के बाद कुछ इस अंदाज में दिखे केएल राहुल। राहुल का लाड् र्स में यह लगातार दूसरा टेस्ट शतक है। वर्ष 2021 में लाड्र्स में पहला शतक लगाने वाले पहले एशियाई ओपनर बल्लेबाज भी हैं राहुल। (**विस्तृत खेल पेज पर**)



## विंबलडन की नई मल्लिका...

**लंदन।** यूएसए की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में 6-0, 6-0 से हराकर पोलैंड की इगा स्वियातेक विंबलडन-2025 की महिला एकल चैंपियन बन गई हैं। वर्ष 1911 के बाद ये पहला मौका है, जब किसी खिलाड़ी ने बिना कोई गेम गंवाए यह खिताब अपने नाम कर लिया।

# ईंधन स्विच बंद होने से दुर्घटनाग्रस्त हुआ था विमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- मामले में एएआईबी ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की पेश
- रिपोर्ट में कहा- स्विच बंद होने से पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हुई

एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के दोनों इंजन में ईंधन पहुंचाने वाले स्विच बंद हो गए थे और इसके बाद पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई, जिसके कुछ ही सेकंड बाद विमान अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

पंद्रह पन्नों वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि कॉकपिट वॉयस रिकार्डिंग'में सुना गया कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने ईंधन क्यों बंद किया, तो जवाब मिला कि उसने ऐसा नहीं किया। लंदन जाने वाले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान ने 12 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद ही गति खोनी शुरू कर दी और वह एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में विमान में सवार 242 लोगों में से एक को छोड़कर बाकी सभी की मौत हो गई थी। इस विमान दुर्घटना में यात्री और चालक दल के सदस्यों के अलावा 19 और लोग मारे गए थे। यह एक दशक में सबसे घातक विमान दुर्घटना थी। ईंधन नियंत्रण स्विच उड़ान भरने के तुरंत बाद कटऑफ स्थिति में चले गए थे। लगभग 10 सेकंड बाद, इंजन 1 का ईंधन कटऑफ स्विच अपनी तथाकथित रन स्थिति में चला गया और उसके चार सेकंड बाद इंजन 2 भी रन स्थिति में आ गया। पायलट दोनों इंजनों को फिर से चालू करने में कामयाब रहे, लेकिन केवल इंजन 1 ही ठीक हो पाया, जबकि इंजन 2 गति कम करने के लिए पर्याप्त शक्ति उत्पन्न नहीं कर पाया। एक पायलट ने संकटकालीन चेतावनी मेडे, मेडे, जारी की, लेकिन प्रतिक्रिया मिल ने से पहले हादसा हो गया।




अहमदाबाद हादसे की फाइल फोटो।

### प्रारंभिक रिपोर्ट व पायलटों की बातचीत से निष्कर्ष नहीं निकाल सकते: मुरलीधर

**पुणे।** केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल ने शनिवार को कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता क्योंकि पायलटों के बीच बातचीत बहुत संक्षिप्त थी। मोहोल ने कहा कि ऐसी दुर्घटनाओं के मामले में ब्लैक बॉक्स विदेश भेजना पड़ता था। अब, हम इस जांच को स्वयं जल्दी पूरा कर सकते हैं। एएआईबी एक स्वतंत्र संस्था है।

### पायलटों के समूह ने निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग की

**मुंबई।** एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए) ने दुर्घटना की निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग की। एसोसिएशन ने दावा किया कि विमान दुर्घटना की जांच की शैली और दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत देती है। एएलपीए इंडिया इस धारणा को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उसके प्रतिनिधियों को जांच प्रक्रिया में पर्यवेक्षक बनाया जाए।

# अवैध धर्मांतरण गहरी साजिश : योगी

## मुख्यमंत्री बोले-कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कर रही हैं कोशिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गुरु तेग बहादुर के शहीदी वर्ष को समर्पित संदेश यात्रा कार्यक्रम में योगी ने दिया कड़ा संदेश
- कहा-बलरामपुर में अवैध धर्मांतरण का पर्दाफाश करके 100 करोड़ के संदिग्ध लेन-देन की हो रही जांच

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित संदेश यात्रा के स्वागत और सम्मान कार्यक्रम में अवैध धर्मांतरण पर कड़ा संदेश दिया। कहा कि अवैध धर्मांतरण देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अवैध धर्मांतरण के खिलाफ पूरी सख्ती से कार्रवाई कर रही है। सरकार ने हाल ही में बलरामपुर में एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें अवैध धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए विदेशों से धन राशि प्राप्त करने वाले एक नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया। इस कार्रवाई में अवैध धर्मांतरण के लिए रेट तय करने के मामले को उजागर किया गया और अब तक 40 खातों में 100 करोड़ से अधिक का लेन-देन पाया गया है। यह आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर खतरा है। यह समाज को तोड़ने और धार्मिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। अनुसूचित जाति के लोगों को लालच और भय के जरिए धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो संविधान और सामाजिक समरसता के खिलाफ है।

योगी ने गुरु तेग बहादुर की शहादत को याद करते हुए औरंगजेब जैसे अत्याचारी शासक का विस्तार से जिक्र किया। कहा कि शासक का उद्देश्य था सनातन धर्म को समाप्त करना और इस्लामिक धर्म को बढ़ावा देना। गुरु तेग बहादुर ने इस चुनौती का सामना करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी, लेकिन अपने पथ से कभी विचलित नहीं हुए।

कहा कि सिख गुरुओं ने जिस बलिदान और त्याग की परंपरा की नींव रखी थी, उसे हमें आज भी जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता है। हिंदू और सिखों के बीच फूट डालने के प्रयास कभी भी होते रहेंगे, लेकिन हमें सतर्क रहना होगा और इन साजिशों को नाकाम करना होगा। कहा कि समाज में कोई भी जाति, धर्म, वर्ग अपनी संस्कृति और धर्म को छोड़ने के लिए दबाव में न आएं।इस अवसर पर राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, एमएलसी सरदार हरि सिंह ढिल्लो, अल्पसंख्यक आयोग सदस्य सरदार परविंदर सिंह, महासचिव दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी सरदार जगदीप सिंह कहलो, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद आदि उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से शनिवार को साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

### किसानों की समृद्धि के बिना नहीं आ सकती खुशहाली

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भारत में पशु नस्लों का विकास कार्यशाला की शुरूआत करते हुए गोरखपुर के कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान व पशुपालन अवसंरचना विकास निधि के तहत अमेठी, बरेली व मथुरा की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कहा कि किसान की समृद्धि के बिना खुशहाली नहीं आ सकती। भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। कहा कि यूपी दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। पशुधन को एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) मुक्त बनाकर पशुपालकों के जीवन में खुशहाली लाने में योगदान देंगे।

## यूरोपीय संघ और मेक्सिको पर ट्रंप ने लगाया 30% शुल्क

**ब्रिजवॉटर।** राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार यूरोपीय संघ (ईयू) और मेक्सिको पर 30 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया खाते पर पोस्ट किए गए पत्रों में यह जानकारी दी। यह शुल्क 1 अगस्त से प्रभावी होगा।

मेक्सिको के नेता को लिखे अपने पत्र में, ट्रंप ने स्वीकार किया कि मेक्सिको ने उत्तरी अमेरिका को मादक पदार्थ की तस्करी के मैदान में बदलने से रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं। ट्रंप ने यूरोपीय संघ को लिखे अपने पत्र में कहा कि अमेरिका का व्यापार घाटा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है।

# हर क्षेत्र में रोजगार पैदा कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रधानमंत्री ने 51,000 नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद डिजिटल रूप से कार्यक्रम को किया संबोधित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रोजगार सृजन को लेकर अपनी सरकार की योजनाओं पर जोर देते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। मोदी ने 51,000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद एक कार्यक्रम को डिजिटल रूप से संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक घर बनाना, 10 करोड़ से ज्यादा एलपीजी के नए कनेक्शन वितरित करना या घरों की छत पर सोलर पैनल लगाना जैसी उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने रोजगार के लाखों नए अवसर सृजित किए हैं तथा इसी तरह कई अन्य योजनाओं से विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि हुई है।

मोदी ने पांच देशों के हालिया दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि अब पूरी दुनिया भारत की जनसांख्यिकी और लोकतंत्र की ताकत को पहचान रही है। भारत के युवाओं की ताकत इसकी सबसे बड़ी पूंजी और देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियां हैं। एक जनसांख्यिकी, दूसरा लोकतंत्र। यानी सबसे बड़ी युवा आबादी और सबसे बड़ा लोकतंत्र।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा विनिर्माण पर गर्व से चर्चा हो रही

प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान दिखाई गई भारत की स्वदेशी सैन्य क्षमता का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा विनिर्माण पर गर्व से चर्चा हो रही है। रक्षा उत्पादन 1.25 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। मोदी ने कहा कि भारत अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

## आईआईएम कलकत्ता की छात्रा से संस्थान परिसर में दुष्कर्म

- छात्रा ने प्राथमिकी दर्ज कराई आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक बार फिर दुष्कर्म की शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां भारतीय प्रबंधन संस्थान-कलकत्ता में अध्ययनरत एक छात्रा से बिजनेस स्कूल के छात्रावास में दुष्कर्म किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर 19 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा दिया गया है। छात्रा ने हरिदेवपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना लड़कों के छात्रावास के अंदर शुक्रवार को हुई। छात्रा ने प्राथमिकी में कहा है कि उसे काउंसलिंग के लिए हॉस्टल बुलाया गया था। छात्रावास में उसे नशीला पेय पदार्थ दिया गया, जिसे पीने के बाद वह बेहोश हो गई। होश में आने के बाद छात्रा को एहसास हुआ कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। छात्रा ने यह आरोप भी लगाया कि आरोपी ने उसे धमकी दी थी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# पति-पत्नी की एक ही जिले में तैनाती अनिवार्य नियम नहीं

विधि संवाददाता,लखनऊ

- कर्मचारियों के तबादलों के संबंध में हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

**अमृत विचारः**हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा है कि सरकारी नौकरी में कार्यरत पति-पत्नी की एक ही जनपद में तैनाती कोई अनिवार्य नियम नहीं है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कार्यरत पर्यावरण अभियंता अमित मिश्रा की सेवा सम्बंधी याचिका पर पारित किया है। याची का कहना था कि उसे जून 2022 में लखनऊ से कानपुर नगर स्थानांतरित किया गया था। कहा गया कि याची की पत्नी भी वर्तमान में कानपुर नगर में ही कार्यरत है। दलील दी गई कि राज्य सरकार के कर्मचारियों के स्थानांतरण के सम्बंध में अपनाई गई 2024-25 की नीति के तहत पति-पत्नी दोनों यदि सरकारी नौकरी में हों तो उन्हें एक ही जनपद में तैनात किया जाना चाहिए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत पारित अपने आदेश में कहा कि याची का प्रशासकीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तबादला किया गया है। स्थानांतरण सरकारी सेवा का अनिवार्य अंग है और यह नियोक्ता का अधिकार है कि व कर्मचारी को कहीं भी स्थानांतरित करे। कोर्ट ऐसे मामलों में तभी हस्तक्षेप कर सकती हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि पति-पत्नी के एक ही जनपद या स्थान पर तैनाती के सम्बंध में स्थानांतरण नीति कहती है कि 'यथासंभव, एक ही स्थान पर तैनात किया जाए। 'यथासंभव' शब्द के प्रयोग से ही स्पष्ट है कि एक ही स्थान पर तैनाती अनिवार्य नहीं है।

# भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का कर रही सामना

हैदराबाद, एजेंसी

## प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा- व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत



- दीक्षांत समारोह में छात्रों को सलाह कि छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर पढ़ाई करें, न कि परिवार पर बोझ डालें

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है और मुकदमों में कभी-कभी कई दशकों की देरी हो सकती है। नालसार विधि विश्वविद्यालय, हैदराबाद में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने छात्रों को सलाह दी कि वे छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर अध्ययन करें और परिवार पर वित्तीय बोझ नहीं डालें।

उन्होंने कहा, हमारा देश और न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है। मुकदमों में देरी कभी-कभी दशकों तक चल सकती है। हमने ऐसे मामले देखे हैं जहां विचाराधीन कैदी के रूप में कई वर्ष जेल में बिताने के बाद भी कोई व्यक्ति निर्दोष पाया गया है। हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं हमें उन समस्याओं का समाधान करने में मदद कर सकती हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश ने इस संबंध में अमेरिका के वरिष्ठ संघीय जिला न्यायाधीश जेड एस राकॉफ का हवाला दिया। अमेरिकी न्यायाधीश ने अपनी पुस्तक क्यों निर्दोष दोषी ठहराए जाते हैं एवं दोषी मुक्त हो जाते हैं और हमारी टूटी हुई कानूनी व्यवस्था के अन्य विरोधाभास में लिखा था, हालांकि मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि हमारी न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत है, फिर भी मैं पूरी तरह से आशावादी हूं कि मेरे साथी (नागरिक) इस चुनौती का सामना करेंगे। अमेरिकी न्यायाधीश की इस टिप्पणी को प्रधान न्यायाधीश गवई ने उद्धृत किया। विदेश में मास्टर डिग्री हासिल करने के दबाव पर न्यायमूर्ति गवई ने कहा, सिर्फ एक विदेशी डिग्री आपकी योग्यता पर मुहर नहीं है। यह फैसला बिना सोचे-समझे या अपने साथियों के दबाव में न लें।

### पारदर्शी व योग्यता-आधारित अवसर प्रदान करने होंगे

गवई ने कहा, अगर हम अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को बनाए रखना चाहते हैं या उन्हें वापस लाना चाहते हैं, तो इसमें बदलाव लाना होगा। हमें एक सृजनात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाना होगा, पारदर्शी और योग्यता-आधारित अवसर प्रदान करने होंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात, भारत में कानूनी शोध और प्रशिक्षण की गरिमा और उद्देश्य को बहाल करना होगा। कानूनी पेशेवरों के समक्ष आने वाले मानसिक दबाव के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि काम के घंटे लंबे होते हैं, अपेक्षाएं अधिक होती हैं और संस्कृति कभी-कभी निर्मम होती है। भारत की कानूनी विरासत का सिर्फ जश्न मनाना ही काफी नहीं है, इसके भविष्य का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।




## एक नजर

### टीटीएफ में यूपी पर्यटन विभाग को एक्सीलेंस अवॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** कोलकाता में आयोजित तीन दिवसीय ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ-2025) में उप्र. पर्यटन विभाग को एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह अवार्ड, विभाग के स्टॉल पर प्रदेश की समृद्ध विरासत, धार्मिक, सांस्कृतिक, साहसिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार करने पर दिया गया है, आगंतुकों ने स्टॉल पर राज्य के गंतव्यों की जानकारी ली। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि, इस वर्ष का संस्करण 10 से 12 जुलाई तक विशेष रूप से बीटूबी (बिजनेस टू बिजनेस) स्वरूप में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा, ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर के पेशेवर, टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स और ट्रैवल एजेंट्स से आग्रह किया गया कि वे अपने पर्यटन पैकेज में उप्र. को शामिल करें।

# यूपी में दुरुस्त नहीं कार्मिकों का ब्यौरा, अफसर तलब

## मिशन कर्मयोगी की समीक्षा में सामने आया चौंकाने वाला तथ्य, ब्यौरा दुरुस्त करने में जुटे अफसर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- लोकभवन में कल से तीन दिन लगातार बैठकें, विभागों को बताना होगा- कहां हो रही गड़बड़ी

**अमृत विचार :** राज्य के सरकारी विभागों, निदेशालयों, निगम, परिषद, संस्थान और संगठनों में कुल कितने कार्मिक तैनात है, इसका ब्यौरा अभी तक दुरुस्त नहीं है। यह तथ्य राज्य में मिशन कर्मयोगी की प्रगति की समीक्षा में सामने आने पर शासन सख्त हो गया है। लोकभवन में सोमवार से तीन दिन लगातार सभी विभागों के नामित अफसरों को तलब करके पोर्टल और विभाग में कार्मिकों की भिन्नता के पीछे की गड़बड़ियों का ब्यौरा मांगा गया है।

दरअसल, भारत सरकार के निर्देश पर वर्ष 2005 में शुरू किए गए एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण (इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग) पोर्टल यानी मिशन कर्मयोगी पर राज्य के सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी, संविदा, आउटसोर्स से लेकर दैनिक वेतनभोगी कार्मिक ब्यौरा दर्ज होना अनिवार्य है। मुख्य उद्देश्य भारतीय सेवा के सभी विंग समेत सभी सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है। हालांकि इस प्रगति में यूपी बिहार से भी पीछे हैं। यहीं नहीं प्रमुख सचिव कार्मिक एम. देवराज की अध्यक्षता में बीती 24 जून को हुई मिशन कर्मयोगी के कार्यान्वयन की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा में यह भी सामने आया कि इस पोर्टल पर पंजीकृत कार्मिकों की संख्या और विभाग में कार्यरत कार्मिकों की संख्या अलग-अलग है।

शासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को निर्देश दिए हैं कि प्रकरण पर विचार विमर्श के लिए लोकभवन में कार्मिक विभाग में सोमवार से तीन दिन मिशन कर्मयोगी के लिए सभी विभागों में नामित एडमिन अफसर (एमडीओ) के साथ बैठक होगी। शासन ने बैठक में संबंधित विभाग के अधीन समस्त निदेशालय, निगम, परिषद, संस्थान और संगठन में कार्यरत समस्त नियमित, मानदेय, संविदा, आउटसोर्सिंग समेत दैनिक मजदूरी वाले कार्मिकों की संख्या का ब्यौरा लाना अनिवार्य होगा।

### रोज दो शिफ्ट में होंगी तीन दर्जन विभागों की बैठकें

शासन ने कार्मिकों की संख्या दुरुस्त करने के लिए सोमवार, मंगलवार व बुधवार को प्रतिदिन दो शिफ्ट में बैठक की रूपरेखा तय की है। सोमवार को मध्यान्न 12 से 1 बजे तक आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से लेकर लोक निर्माण विभाग तक कुल 15 विभाग और अपरान्ह 4 से 5 बजे तक नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति से लेकर उच्च शिक्षा तक कुल 15 विभागों की बैठक होगी। इसी तरह मंगलवार को पहले शिफ्ट में पर्यावरण से लेकर पर्यटन तक कुल 17 विभाग और दूसरी शिफ्ट में पिछड़ा वर्ग कल्याण से लेकर अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत तक कुल 15 विभागों की बैठक होगी। आखिरी दिन पहले शिफ्ट में औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना से लेकर भाषा तक 15 और दूसरे शिफ्ट में निर्वाचन से लेकर वित्त विभाग तक कुल 15 विभागों की बैठकें होगी।

# जल जीवन मिशन से आया बदलाव, रिपोर्ट जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्वांचल के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाकर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने क्षेत्र की दशा और दिशा बदल दी है। जल जीवन मिशन के प्रभाव का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन वाटरएड इंडिया और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि के जियोग्राफी डिपार्टमेंट ने विस्तृत अध्ययन की रिपोर्ट जारी की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस योजना ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक विकास और सामाजिक समरसता के क्षेत्रों में व्यापक सकारात्मक बदलाव किए हैं। वाटरएड इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वांचल के 93 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक अब नल से शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है।

पहले जहां लोग कुएं, हैंडपंप या अन्य स्रोतों पर निर्भर थे, वहीं अब अधिकांश परिवार पीने से लेकर खाना पकाने तक के लिए नल के पानी का उपयोग कर रहे हैं। इससे पुराने जल स्रोतों पर निर्भरता में भारी कमी आई है। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीण क्षेत्रों में जल जनित और संक्रामक रोगों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। पाइपलाइन बिछाने, पानी की टंकी का निर्माण और देखरेख जैसे कार्यों में स्थानीय लोगों को काम मिला है।

# नस्लों में सुधार न होने से कसाईखाने जाते थे पशु

## मुख्यमंत्री ने कहा- राज्य में गोवंश के नस्ल सुधार की मुहिम और होगी तेज, पशुपालक होंगे समृद्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समय के अनुरूप पशुधन की नस्लों में सुधार नहीं होने से 2017 में चुनौती थी। बड़े पैमाने पर पशुधन सड़क, खेतों, कसाईखानों में जाते थे। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से आस्था से खिलवाड़, किसानों के खेत में परेशानी और सड़क पर दुर्घटनाएं भी होती थीं। आश्वस्त किया कि राज्य में गोवंश के नस्ल सुधार की मुहिम और तेज होगी, जिससे पशुपालक होंगे समृद्ध होंगे।

वे शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भारत में पशु नस्लों का विकास कार्यशाला में बोल रहे थे। कहा कि भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से उप्र में भी इन



लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह व अन्य।

दोनों क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए गए हैं। उप्र दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। पशुधन से अधिक और गुणवत्ता युक्त उत्पादन पाने के लिए नस्ल सुधार पर और जोर देना होगा। योगी ने कहा कि 2017 में निराश्रित गोआश्रय स्थल की कार्ययोजना बनाई और 2018 में उसे लागू किया। आज 14 लाख से अधिक गोवंशों की देखभाल सरकार की गोशालाओं या सरकार द्वारा सहायता प्राप्त पशुपालकों द्वारा की जा रही है। कुपोषित परिवारों को गायें दी जा रही हैं। अब तक 10 हजार से अधिक परिवार इसका लाभ ले चुके हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कहा कि अंडा उत्पादन और कुक्कुट पालन में भी प्रदेश ने बड़ी छलांग लगाई है। कार्यक्रम में प्रजनक संघों की स्थापना की रूपरेखा संबंधी पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

इस दौरान अरुणाचल प्रदेश के पशुपालन एवं पशु चिकित्सा, डेयरी विकास मंत्री गेब्रियल डेनवांग वांगसू, प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, केंद्रीय सचिव पशुपालन एवं डेयरी अल्का उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

- योगी ने केंद्रीय मंत्री के साथ 'भारत में पशु नस्लों का विकास' कार्यशाला की शुरुआत की

### नस्ल सुधार में केंद्र का पूरा सहयोग : राजीव रंजन

कार्यक्रम में केंद्रीय पंचायतीराज और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में उप्र में अच्छा काम हो रहा है। नस्ल सुधार आदि अन्य कार्यों में केंद्र द्वारा पूरा सहयोग दिया जाएगा।

# इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माण का जल्द ही हब बनेगा यूपी : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री से नवगठित आर्थिक सलाहकार समूह ने की मुलाकात
- जल्द ही कार्य करना शुरू कर देगा उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास एवं छवि निर्माण के लिए नियोजन विभाग के अंतर्गत नवगठित आर्थिक सलाहकार समूह ने मुलाकात की। योगी ने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माण का निकट भविष्य में उप्र हब बनेगा। जल्द ही उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन भी कार्य करना शुरू कर देगा। उन्होंने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में भी उप्र देश का रोल मॉडल बनेगा।

नवगठित आर्थिक सलाहकार समूह में कृषि, शिक्षा, सेमी कंडक्टर, एमएसएमई, स्टार्टअप जैसे अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रहे देश के विषय विशेषज्ञ शामिल थे। इस दौरान समूह ने मुख्यमंत्री योगी को अपने कुछ सुझाव दिए। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' का गठन कर चुकी है, जो जल्द ही कार्य करना शुरू कर देगी। इस मिशन के तहत जॉब मैपिंग कर विभिन्न विभागों के सहयोग से प्रदेश के युवाओं का कौशल विकास, भाषा प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश में स्थापित हिंदुजा ग्रुप की यूनिट इलेक्ट्रिक व्हीकल का प्रोडक्शन शुरू कर देगी। उहोंने हर क्षेत्र में हुए काम गिनाए।

### आईटी टैलेंट मिशन लांच करे यूपी

बैठक के दौरान नवगठित आर्थिक सलाहकार समूह ने विगत आठ वर्षों में हुई उत्तर प्रदेश के प्रगति की सराहना की। यह देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है, जिसकी अर्थव्यवस्था तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। समूह ने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के अपने खाद्य पदार्थों को ग्लोबल ब्रांड बनाने की आवश्यकता है। समूह ने सुझाव दिया कि प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए और कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही प्रदेश में आईटी टैलेंट मिशन लॉन्च किया जाए। इससे प्रदेश में सॉफ्वेयर निर्माण एवं निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मत पत्र से मतदान की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 55 करोड़ मतपत्रों की छपाई के लिए मांगी गई निजी एजेंसियों से निविदा
- राज्य निर्वाचन आयोग ने शुरू की चुनाव की तैयारी

**अमृत विचार:** राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मत पत्र से मतदान की तैयारी शुरू कर दी है। 55 करोड़ मत पत्रों की छपाई के लिए 24 जुलाई तक निजी एजेंसियों से निविदा मांगी गई है।

आयोग के सूत्रों ने बताया कि पिछले चुनाव की तरह ही इस बार भी मत पत्रों के जरिये मतदान कराए जाएंगे। इसी को ध्यान में रखकर मत पत्रों की छपाई की तैयारी शुरू की गई है। आयोग की ओर से ख्याति प्राप्त कागज निर्माता मिलों से सफेद व रंगीन हरा, गुलाबी व नीला कागज आपूर्ति के लिए ऑनलाइन निविदा मांगी गई है। इन एजेंसियों को मत पत्र के लिए राजधानी स्थित राजकीय मुद्रणालय के अलावा प्रयागराज, वाराणसी व रामपुर में आपूर्ति करनी होगी। 30 जुलाई को आयोग के कार्यालय में निविदाएं खोली जाएंगी।

आयोग के अधिकारियों ने बताया कि आयोग की ओर से मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य के लिए भी तारीख की घोषणा की जा चुकी है। इसके तहत 18 जुलाई से मतदाता पुनरीक्षण का कार्य शुरू होगा।

14 अगस्त से बीएलओ लोगों के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे और 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करना सुनिश्चित करेंगे। 14 अगस्त से 22 सितंबर कि अर्ह युवा मतदाता ऑनलाइन अपने नाम जुड़वा सकेंगे। अनंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 5 दिसंबर को होगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2026 को होगा।

## 15 व 16 को लखनऊ में लगेगा युवाओं के हुनर का मेला

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में 15 व 16 जुलाई को युवाओं के हुनर का मेला लगेगा। विश्व युवा कौशल दिवस पर कौशल ओलंपिक-2025 तकनीक और टैलेंट का भव्य संगम होगा। इसमें प्रदेश भर के प्रशिक्षणार्थी अपने हुनर का दम दिखाएंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत आयोजित होगा। इसका उद्देश्य युवाओं के नवाचारों को मंच देना है। खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किए गए टेक-बेस्ड कौशल नवाचारों को मंच मुहैया कराया जाएगा।


# आरटीआई से भ्रष्टाचार करें उजागर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कार्यशाला में दिया गया संघर्ष का मंत्र

**अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आरटीआई के जरिये सरकारी भ्रष्टाचार उजागर करने का कार्य करें। राष्ट्रीय प्रवक्ता शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग के पदाधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार की ओर से दिया आरटीआई कानून सरकार के



कार्यशाला में राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह का स्वागत करते कांग्रेस पदाधिकारी।

भ्रष्टाचार को उजागर करने का एक बहुत ही सशक्त हथियार है। कांग्रेस कार्यकर्ता आरटीआई के महत्व को समझें और कम से कम 10-10 आरटीआई दाखिल कर सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करें।

राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार आरटीआई कानून को कमजोर करने का कुत्सित प्रयास कर रही है। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि आरटीआई एक्टिविस्ट देवेश मणि त्रिपाठी ने आरटीआई से जुड़ी सभी जानकारियों को साझा किया।

## नई बिजली दरों को लेकर 21 को सुनवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर 21 जुलाई को राजधानी में जनसुनवाई होगी। इस बीच, उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रमों में दरों में बढ़ोतरी का विरोध लगातार जारी रहेगा।

आयोग के अधिकारियों के अनुसार, 21 जुलाई होने वाली जनसुनवाई में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ ही, उपभोक्ता प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि 17 जुलाई को मेरठ में जनसुनवाई होगी, जिसमें दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ ही, उपभोक्ता प्रतिनिधि शामिल होंगे।

# भाजपा के बाजार में अब बिकेगा बिजली विभाग : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के बाजार में अब बिजली विभाग बिकेगा और जनता की जेब पर निजी कंपनियों के भारी भरकम बिल डाका डालेंगे। भाजपा राज में जेनरेशन, ट्रांसमिशन या डिस्ट्रीब्यूशन किसी में कोई तरक्की नहीं हुई है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था बर्बाद कर दिया है।

सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार नौ साल के कार्यकाल में बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया है। केवल बिजली का बिल बढ़ाया है। प्रदेश भर में बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। धान की रोपाई का समय चल रहा है। लेकिन किसानों को बिजली नहीं मिल रही है। छोटे शहरों और गांवों में बिजली की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर बिजली व्यवस्था खराब कर रही है। सरकार बिजली विभाग को निजी हाथों में बेचने की तैयारी कर रही है।

# कर्मियों के आवास पर मीटर लगाने का विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिजली कर्मियों ने कहा यह समझौते का उल्लंघन परिवारीजन भी करेंगे सत्याग्रह

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया के बीच उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने कर्मियों के आवासों पर मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बीच, बिजली कर्मियों ने इसे तत्कालीन राज्य बिजली बोर्ड के विघटन के समय हुए समझौते का उल्लंघन बताया है। बिजली कर्मियों ने कहा कि कॉरपोरेशन प्रबंधन के दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में अब बिजली कर्मियों के साथ उनके परिवारीजन सत्याग्रह करेंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण में आ रही वैधानिक अड़चनों से प्रबंधन बौखला गया है। दमन व भय का वातावरण बनाकर निजीकरण थोपने की कोशिश की जा रही है, पर इसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

### उत्पीड़न के तहत किए गए कर्मियों के स्थानांतरण

संघर्ष समिति ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन ने हजारों बिजली कर्मियों के उत्पीड़न की दृष्टि से उन्हें दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया है। कई हजार बिजली कर्मियों का 'फेशियल अटेंडेंस' के नाम पर वेतन रोक लिया गया है। साथ ही, संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों पर आय के अधिक मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई। उन्होंने कहा कि यूपी इलेक्ट्रिसिटी रिफॉर्म एक्ट 1999 और यूपी रिफॉर्म ट्रांसफर स्कीम 2000 का खुला उल्लंघन कर स्मार्ट मीटर लगाना शुरू कर दिया गया है।

# ग्रेड फोर के 1300 पद रिक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डॉक्टरों को विभागीय प्रोन्नति कमेटी की बैठक का इंतजार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के निर्देश देने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों को प्रमोशन नहीं मिल रहा है। जबकि मुख्य सचिव के स्पष्ट निर्देश हैं कि विभागीय प्रोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक के जरिए रिक्त पदों को भरा जाए। बाजवूद पीएमएस में ग्रेड फोर में करीब 50 प्रतिशत पद रिक्त हैं, जिन्हें ग्रेड तीन के डॉक्टरों की पदोन्नति से भरा जाना है, यहीं क्रम ग्रेड तीन, ग्रेड दो तक जाता है। वर्षों से एक ही ग्रेड में सेवाएं दे रहे डॉक्टरों को बैठक का इंतजार है।

चिकित्सकों के 19011 पद वाले स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड फोर के 2825 पदों में करीब 1300 से ज्यादा पद रिक्त हैं, हर माह डॉक्टरों के सेवानिवृत्त होने से रिक्त पदों की संख्या बढ़ती जा रही है। पद रिक्त होने के पीछे दूसरी वजह विभाग में डॉक्टरों का समयबद्ध पदोन्नति न होना है। इसी प्रकार ग्रेड दो के करीब 2000 डॉक्टरों को ग्रेड तीन में पदोन्नति का इंतजार है। यही हाल ग्रेड वन से ग्रेड दो में प्रमोशन का इंतजार करने वाले डॉक्टरों का है, हालांकि इसी वर्ष विभाग द्वारा डीपीसी के माध्यम से ग्रेड वन के करीब 750 डॉक्टरों को ग्रेड दो में पदोन्नति मिली है, मगर यह संख्या नाकाफी है। क्योंकि ग्रेड वन में 3620 पद के सापेक्ष अभी भी पांच हजार से ज्यादा डॉक्टर कार्यरत हैं।

> ग्रेड वन के डॉक्टरों की डीपीसी हो चुकी है, अर्ह डॉक्टरों को प्रोन्नति मिल गयी है। जल्द ही ग्रेड दो, ग्रेड तीन व ग्रेड फोर की डीपीसी बैठक प्रस्तावित है। बैठक होते ही रिक्त पद भर जाएंगे।
>
> -डॉ.रतन पाल सिंह सुमन स्वास्थ्य महानिदेशक, उप्र.

# परिवार आईडी से मिलेगा योजनाओं का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'बदलाव' संस्था ने जारी की राजधानी में भिक्षावृत्ति में लगे लोगों की स्थिति

**अमृत विचार :** समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि पुनर्वास संसाधनों को पुनर्जीवित कर परिवार आईडी के जरिये भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। राज्यमंत्री शनिवार को सहकारिता भवन में 'बदलाव' संस्था की ओर राजधानी में भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों की स्थिति पर आधारित सर्वेक्षण रिपोर्ट 'उपेक्षा और समावेश 2024-25' के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित



कार्यक्रम के दौरान लोगों को पौधा वितरित करते समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण।

कर रहे थे।

राज्यमंत्री ने कहा कि सभाएं व चर्चाएं बहुत होती हैं, पर इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज के वंचित तबके के लोगों स्थिति पर आधारित रिपोर्ट आंकड़े नहीं मिल पाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से पुनर्वास के लिए संसाधन तो हैं पर उन्हें पुनर्जीवित कर धरातल पर लाने की जरूरत है। परिवार आईडी के जरिये राज्य सरकार यह तय कर रही है कि परिवार में कौन से व्यक्ति को किस योजना का लाभ मिलना चाहिए और अगर नहीं मिल रहा है तो उसे योजना से जोड़ा जाए।

## सरकार द्वारा देय जख्म का होगा हिसाब : चंद्रशेखर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि प्रदेश में मुसलमानों की दुकानें बंद कराई जा रही हैं, यह संविधान का खुला उल्लंघन है। कावड़ियों पर पुष्प वर्षा हो रही है, मगर नमाज के वक्त मुसलमान का एक पैर सड़क पर आ जाए तो पुलिस कार्रवाई करती है। भाजपा सरकार द्वारा दिए जा रहे हर जख्म का हिसाब होगा। नगीना सांसद, शनिवार को कन्वेंशन सेंटर में पार्टी द्वारा आयोजित "मुस्लिम संवाद : समस्या और समाधान" कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बीजेपी की नकारात्मक राजनीति को देश के लिए हानिकारक बताया।

**अनुमान** रिपोर्ट के मुताबिक, पर्यटकों की बढ़ती संख्या से 10 फीसद बढ़ेगा रोजगार

# टूरिज्म सेक्टर पांच वर्ष में बढ़ सकता है चार गुना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अगले पांच वर्ष में देश के टूरिज्म सेक्टर का अर्थव्यवस्था में योगदान तीन से चार गुना तक संभव है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में भी इसका योगदान कुल सृजित रोजगार का करीब 10 फीसद होगा। तब जीडीपी में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर का योगदान करीब 8 फीसद हो जाएगा। सर्वाधिक धार्मिक स्थल होने से धार्मिक पर्यटन का सबसे अधिक लाभ उप्र. को होगा।

यह संभावनाएं एसोसिएशन ऑफ इंडिया की (2024) रिपोर्ट में है। वैसे विकसित देशों में टूरिज्म सेक्टर अर्थव्यवस्था में करीब 10 फीसदी का योगदान देता है। जबकि भारत में यह योगदान सिर्फ दो से तीन फीसद का है। पर, डबल इंजन मोदी और योगी सरकार का इस सेक्टर पर जिस तरह फोकस है, उससे आने वाले कुछ वर्षों में टूरिज्म सेक्टर भी अर्थव्यवस्था में योगदान के मामले में विकसित देशों की बराबरी करेगा।

एसोसिएशन ऑफ इंडिया की (2024) रिपोर्ट के अनुसार देश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर अगले पांच से सात वर्षों में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कुल सृजित रोजगार का करीब 10 फीसद योगदान होगा। तब जीडीपी में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर का योगदान बढ़कर करीब 8 फीसद हो जाएगा। पिछले दो वर्षों में इस सेक्टर में भर्तियों की संख्या में करीब ढाई गुना से अधिक वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में सर्वाधिक योगदान धार्मिक पर्यटन का होगा। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 60 फीसद से अधिक यात्राएं धार्मिक स्थलों की होती हैं। वैश्विक धार्मिक पर्यटन का बाजार 2032 तक दो अरब डॉलर से अधिक का होगा।

### यूपी का धार्मिक पर्यटन होगा शिखर पर

उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक धार्मिक स्थल हैं, लिहाजा धार्मिक पर्यटन का सबसे अधिक लाभ भारत को और भारत में उत्तर प्रदेश को होगा। महाकुंभ के दौरान जिस तरह से भीड़ उमड़ी है, उसे देखते हुए उत्तर भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक शहरों में आने वाले समय में ज्यादा पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इसका सर्वाधिक लाभ श्रीराम, श्रीकृष्ण, भोलेनाथ, बुद्ध और गुरु गोरक्षनाथ की धरती उत्तर प्रदेश को मिलेगा। यूं भी कुछ वर्षों से घरेलू पर्यटकों के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश में लगातार पहले पायदान पर है। हॉस्पिटैलिटी के साथ इससे जुड़े सेक्टर्स की भी चांदी रहेगी।

# सेवानिवृति के तीन दिन पहले डॉ. आमोद बर्खास्त

## किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में लिया गया फैसला, कई अन्य डॉक्टरों की चल रही जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ केजीएमयू में पहली बार किसी डॉक्टर को प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप में बर्खास्त किया गया

अमृत विचार : प्राइवेट प्रैक्टिस, निजी संस्था से लाभ कमाने और विभिन्न संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर होने के आरोपों से घिरे किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में फार्माकोलॉजी विभाग के निलंबित विभागाध्यक्ष डॉ. आमोद कुमार सचान को सेवानिवृति के तीन दिन पहले शनिवार को बर्खास्त (पदच्युति) कर दिया गया है। यह फैसला केजीएमयू की कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया। केजीएमयू के इतिहास में पहली बार किसी डॉक्टर को प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप में बर्खास्त किया गया है। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद के कार्यकाल में कई डॉक्टरों पर प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप लगे। करीब डेढ़ साल से सिर्फ जांच ही चल रही है।

कुलपति कार्यालय के बोर्ड रूम में शनिवार को कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद की अध्यक्षता में कार्यपरिषद की बैठक हुई। रजिस्ट्रार अर्चना गहरवार के स्थान पर डिप्टी रजिस्टार डॉ. संदीप भट्टाचार्या बैठक में शामिल हुए। बैठक में डॉ. आमोद सचान का मामला रखा गया। प्राइवेट प्रैक्टिस समेत दूसरे आरोपों को रखा गया। डॉ. सचान के जवाब से कार्यपरिषद संतुष्ट नहीं हुई। लिहाजा कार्यपरिषद ने उन्हें बर्खास्त करने का फैसला किया।

इससे पहले चार जुलाई को इमरजेंसी कार्यपरिषद की बैठक हुई थी। इसमें उन्हें 180 पेज की नोटिस देने पर फैसला हुआ था। छह दिन में नोटिस का जवाब देना था। उन्होंने जवाब देने के लिए अतिरिक्त समय मांगा। 10 जुलाई को फिर इमरजेंसी कार्यपरिषद की बैठक हुई। कार्यपरिषद ने अतिरिक्त समय देने से इनकार कर दिया था।

### दूसरे प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोपियों की जांच ठंडे बस्ते में



पूर्व कुलपति डॉ. सरोज चूड़ामणि गोपाल के समय में भी प्राइवेट प्रैक्टिस का मामला उठा था। केजीएमयू प्रशासन ने वीडियोग्राफी कराई। जिसमें कई डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करते हुए कैद हुए थे। कई विधायकों आदि ने ससाक्ष्य शिकायतें भी की। लेकिन किसी के खिलाफ प्राइवेट प्रैक्टिस के प्रकरण में दण्डात्मक कार्रवाई नहीं हुई। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद के कार्यकाल में भी कई डॉक्टरों पर प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप लगे। सभी डाक्टरों से प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त न रहने के शपथ-पत्र भी लिए गए। वर्ष 2023 में केजीएमयू में एक विभाग के अध्यक्ष प्राइवेट प्रैक्टिस के फेर में फंस गए। निजी अस्पताल में इलाज के बाद मरीज की मौत के बाद प्राइवेट प्रैक्टिस का राज खुला था। पीड़ित परिवारीजनों ने शिकायत व सुबूत केजीएमयू प्रशासन को मुहैया कराया। केजीएमयू प्रशासन ने जांच कराई। जांच के बाद कार्यपरिषद ने डॉक्टर को आरोप पत्र देने का फैसला दिया। आरोप पत्र देने के बाद विभागाध्यक्ष पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह एक और विभाग के अध्यक्ष पर प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप लगे। जांच के नाम पर लीपापोती की जा रही है।

### तीन वर्ष से चल रही थी जांच : प्रवक्ता

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि डॉ. आमोद कुमार सचान की करीब तीन साल से प्राइवेट प्रैक्टिस समेत दूसरे मामले की जांच चल रही थी। कोर्ट का भी आदेश था। उसी क्रम में लगातार दो इमरजेंसी कार्यपरिषद की बैठक बुलाई गई थी। शनिवार को जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें बर्खास्त कर दिया गया है। केजीएमयू में पहली बार प्राइवेट प्रैक्टिस को लेकर कार्रवाई की गई है।

### शिकायत पूरी तरह से झूठी और निराधार : डॉ. आमोद

मेरे विरुद्ध दर्ज की गई यह शिकायत पूरी तरह से झूठी, निराधार और मनगढ़ंत है। यह कार्रवाई रिटायरमेंट से तीन दिन पहले केवल मेरी प्रतिष्ठा को धूमिल करने, व्यक्तिगत एवं पेशेवर गरिमा को ठेस पहुंचाने के मकसद से की गई है। यह कृत्य एक दूषित मानसिकता और दुर्भावनापूर्ण इरादों से प्रेरित है। जिसका उद्देश्य केवल मुझे बदनाम करना और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना है। मैं समाज को यह भी बताना चाहता हूं कि केजीएमयू से मेरा जुड़ाव हमेशा शिक्षण और सेवा के प्रति गहरी निष्ठा पर आधारित रहा है। मैंने फार्माकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। अपने कार्यकाल के दौरान अनेक नवाचारी एवं प्रभावशाली पहलें शुरू की। इनमें प्रिस्क्रिप्शन ऑडिट, फार्माकोविजिलेंस सेंटर की स्थापना व डीएम फार्माकोलॉजी पाठ्यक्रम शामिल है। मैंने अपने जीवन के अमूल्य 23 वर्ष संस्थान को समर्पित किए हैं।

# रेलवे से पैनल्ड अस्पताल में ठीक से नहीं हो रहा उपचार

▶▶ पूर्व मुख्य नियंत्रक ने की अधिकारियों से शिकायत

**अमृत विचार, लखनऊः** रेलवे से पैनल्ड अस्पताल में रेल कर्मियों का ठीक से उपचार नहीं हो रहा है। इलाज के नाम पर उनसे पैसा वसूलने का काम चल रहा है।

इस मामले की शिकायत रेलवे अधिकारियों से रेलवे के पूर्व मुख्य नियंत्रक एसएन पाण्डेय ने की है। उन्होंने बताया कि उनकी बहू तनुश्री पाण्डेय वरिष्ठ वाणिज्य लिपिक कार्यरत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में तैनात है।

7 जुलाई की सुबह वह कार्यालय जाने के लिए निकलीं तो सड़क हादसे का शिकार हो गई। उन्हें रेलवे से पैनल्ड एक अस्पताल ले गए। वहां भर्ती करके इलाज शुरू किया परन्तु वहां डॉक्टर का रवैया एवं उपचार का तरीका सही नहीं रहा। मरीज को डिस्चार्ज कराने की बात कही तो कहा गया कि रेफर केस है। 6-7 दिन रहना पड़ेगा, आगे देखा जायेगा। अंत में रेफर कराने पर भी 05-06 घंटे के इलाज के लिए 23,716 रु जमा करा लिए गए।




# कपूरथला से मामा चौराहे तक 1200 मीटर ओवरब्रिज बनाएगा सेतु निगम

**अमृत विचार,लखनऊ :** सेतु निगम 329.85 करोड़ की लागत से कपूरथला चौराहे से नीरा नर्सिंग होम, डंडहिया बाजार चौराहा होते हुए मानस कॉम्प्लेक्स के आगे कुर्सी रोड पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प से मामा चौराहे की तरफ कुल 1200 मीटर लम्बा ओवरब्रिज का निर्माण कराएगा। परियोजना प्रबंधक अमित कुमार वर्मा ने बताया कि कपूरथला से अलीगंज तक प्रस्तावित फ्लाईओवर महानगर से आ रहे यातायात को कपूरथला चौराहे से क्रास कर सहारा इंडिया होते हुए नगर निगम कार्यालय के सामने उतारने की कोई भी परियोजना प्रस्तावित नहीं है।

# धर्म परिवर्तन कर किया निकाह, खिलाया मांस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ नशीला पदार्थ खिला दुष्कर्म कर बना लिया था वीडियो

▶▶ युवक के भाइयों ने भी किया दुष्कर्म का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** हसनगंज इलाके में युवती पर दबाव बनाकर दूसरे समुदाय के युवक ने नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया और वीडियो बना ली। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर धर्म परिवर्तन कराकर शादी की, फिर जबरन नमाज पढ़वाने के साथ प्रतिबंधित मांस भी खिलाया। विरोध पर पीटा और दो भाइयों समेत तीन ने दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने शुक्रवार को हसनगंज कोतवाली में गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

निराला नगर निवासी 25 साल की युवती ने बताया कि जब वह हाईस्कूल में थी तब मोहल्ले के दूध कारोबारी का बेटा नाजिल घूमने चलने की बात कहता था। इंकार पर दबाव बनाता था। इसी दौरान पिता की मौत हो गई, परिवार में मां व छोटा भाई रह गए। नाजिल भाई को नुकसान पहुंचाने की धमकी देता था। डर के चलते पीड़िता उसके साथ घूमने गई। नाजिल ने नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया। दबाव बनाकर 18 अगस्त 2020 को धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कर लिया। युवती को प्रतिबंधित पशु का मांस खिलाया गया।

निकाह के बाद नाजिल उसके साथ टेढ़ी पुलिया पर रहने लगा। वहां मारपीट करता था, इससे मकान मालिक ने घर खाली करवा लिया। फिर दोनों मुंशी पुलिया के पास किराए पर रहने लगे। पीड़िता का आरोप है कि नाजिल की गैर मौजूदगी में उसके भाई कादिर व आदिल घर आकर दुष्कर्म की कोशिश करते थे। विरोध पर पति ने पीड़िता की गर्दन दबाते हुए वॉकर से पीटा। पीड़िता के बेहोश होने पर आरोपी भाग निकला। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर हसनगंज अमर सिंह ने बताया कि नाजिल, कादिर, आदिल व सलीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### जाल में फंसा किया दुष्कर्म, धर्मांतरण का बनाया दबाव

**अमृत विचार, आशियाना :** थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि 16 फरवरी को टेलीग्राम पर युवक से बातचीत हुई थी। उसने अपना परिचय एम्स में रिसर्च स्पेशलिस्ट प्रिंस राठौर निवासी राजाजीपुरम के रूप में दिया था। 2 मई को तबीयत खराब होने पर युवती को डॉक्टर अब्दुल फैज के यहां ले गया। वहां दवाओं के साथ नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में अंजान जगह ले जाकर दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। कुछ दिनों बाद भाई की फंगल इन्फेक्शन से तबीयत बिगड़ गई। घर में काला जादू होने का झांसा देकर देहरादून के एक तांत्रिक से पूजा कराने के बहाने 40 हजार रुपये ऐंठ लिए। युवती के बताने पर परिजन ने छानबीन की तब युवक के असली नाम शमशुज्जा की जानकारी हुई। वह अयोध्या का रहने वाला है। विरोध करने पर अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर यौन शोषण किया। धर्मांतरण का दबाव बनाकर 30 हजार रुपये वसूल लिए। पीड़िता ने पुलिस के पास जाने की बात कही तो आरोपी ने रिश्तेदार के घर जाकर धमकाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी ख्वाजा शमशुज्जमा उर्फ प्रिंस राठौर को गिरफ्तार कर लिया है।

### मासूम बेटी को पिलाई शराब और नशीला दवा

पीड़िता ने बताया कि 21 जनवरी 2022 को उसने बेटी को जन्म दिया था। आरोप है कि नाजिल मासूम बेटी को शराब और नशीली दवा पिलाता है। पीड़िता ने आरोपी की मोबाइल फोन के जरिए वीडियो बनाकर पुलिस को दी है।

# संत रामपाल की विवादित पुस्तकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग पर मांगा जवाब

**अमृत विचार, लखनऊ (विधि संवाददाता):** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जेल में निरुद्ध संत रामपाल की कुछ विवादित पुस्तकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए, राज्य सरकार से पूछा है कि क्या सरकार द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई प्रस्तावित है। मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को होगी । यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस संगठन की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। याची की अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री ने बताया कि जेल में निरुद्ध उक्त संत रामपाल के संस्थान की पुस्तकों में हिंदू देवी-देवताओं पर घोर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं। याची की ओर से दलील दी गई कि इस संबंध में प्रमुख सचिव गृह तक से शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। न्यायालय ने मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से यह भी पूछा है कि याची की शिकायत पर अब तक क्या कार्रवाई की गई।

ADMISSION NOTIFICATION SESSION 2025-2026 | Adv. No. 05/2025

INTEGRAL UNIVERSITY
LUCKNOW - INDIA

A+ ACCREDITED BY NAAC

NABH ACCREDITED 820 BEDDED HOSPITAL | NABL ACCREDITED LABS | NBA & ICAR ACCREDITED PROGRAMS | QS I-GAUGE DIAMOND | CELEBRATING 27 YEARS OF EXCELLENCE

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION IN UG, PG & Ph.D. PROGRAMS IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

FACULTY OF ENGINEERING & INFORMATION TECHNOLOGY
- Electronics & Communication Engineering
- Computer Science & Engg.
- Biochemical Engg.
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Biotechnology
- Food Technology
- Biomedical Engineering
- Computer Application
- Bioinformatics

FACULTY OF SCIENCE
- Biotechnology
- Life Sciences
- Biochemistry
- Mathematics & Statistics
- Chemistry
- Industrial Chemistry
- Physics
- Microbiology
- Environmental Science
- Zoology with Chemistry / Botany
- Botany with Chemistry/Zoology

FACULTY OF AGRICULTURAL SCIENCE & TECHNOLOGY
- Agriculture
- Agricultural Engineering
- Agribusiness Mgmt.
- Genetics & Plant Breeding
- Agronomy
- Soil Science
- Fruit Science
- Vegetable Science

FACULTY OF ARCHITECTURE, PLANNING & DESIGN
- Architecture
- Fashion Design
- Product & Interior Design

FACULTY OF PHARMACY
- Pharmacy
- Pharmaceutics
- Pharmacology
- Pharmaceutical Chemistry
- Pharmacy Practice
- Pharm. D.
- Pharm. D. Post Baccalaureate

FACULTY OF EDUCATION
- Education

FACULTY OF LAW
- Law

INTEGRAL BUSINESS SCHOOL
- Business Administration
- M.B.A.-Health Care Mgmt.
- Financial Services
- Supply Chain Mgmt.

FACULTY OF COMMERCE
- Commerce
- Retail Operations Mgmt
- Business Analytics
- Hotel Management

FACULTY OF HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
- Economics
- History
- Political Science
- Psychology
- Sociology
- Liberal Arts
- International Relations
- Public Administration
- English
- Clinical Psychology
- Journalism & Mass Communication

FACULTY OF MEDICINE & HEALTH SCIENCES
- MBBS
- MD/MS
- Medical Anatomy
- Medical Physiology
- Medical Biochemistry
- Medical Microbiology
- Medical Pharmacology
- Clinical Psychology
- Optometry
- Medical Lab Science
- Dialysis Technology
- Occupational Therapy
- Forensic Science
- Hospital Administration
- Public Health
- Nutrition and Dietetics
- O. T. Technology
- Respiratory Care Tech.
- Cardiovascular Tech.
- Blood Banking Technology
- Anesthesiology and Intensive Care Technology

DIPLOMA PROGRAM
- Anesthesia & Critical Care Technician
- CT Scan Technician
- Dialysis Technician
- Emergency Trauma & Care Technician
- Operation Theater Technology
- Optometry
- MRI Technician
- X Ray Technician
- Nurse Practitioner in Critical Care
- Auxiliary Nursing & Midwifery
- Elementary Education
- Early Childhood Care & Education
- Proficiency (Arabic)
- Proficiency (Urdu)

UNIVERSITY POLYTECHNIC
- Architecture
- Civil Engineering
- Civil Engineering (Construction Management & Safety)
- Electrical Engineering
- Electronics Engineering
- Computer Science & Engineering
- Communication & Computer Networking
- Mechanical Engineering
- Mechanical Engineering (Automobile)

Dual Degree Program with Szechenyi Istvan University, Hungary
Master in International Economics & Business (M.Sc.)
& Master of Business Administration (MBA)
ONE SEMESTER IN HUNGARY

Dual Degree Program with
Tashkent Institute of Chemical Technology, Uzbekistan
Master of Science in Biotechnology
ONE SEMESTER IN UZBEKISTAN

APPLY FOR IUET - 2025 Integral University Entrance Test
+91-93351 77775
website : www.iul.ac.in | e-mail : admission@iul.ac.in
INTEGRAL BUSINESS SCHOOL
INTEGRAL StartUps FOUNDATION
INTEGRAL HOSPITAL 1000+ BEDED HOSPITAL

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।

इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com

व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

बादल छाए रहेंगे, तेज बारिश की संभावना है।

| 33.7° | 25.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## अमृत विचार आपके द्वार

अमृत विचार आपके द्वार'' की टीम रविवार 11:00 बजे ऐशबाग रामनगर कालोनी स्थित मूक बधिर कालेज के पास पहुंचेगी। स्थानीय लोग और व्यापारी टीम के समक्ष अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। आपकी समस्याओं को अखबार प्रमुखता से उठाएगा।

## शहर में आज

- चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह, जैन मन्दिर डालीगंज में प्रात: 8:30 बजे।
- गांधी स्मारक सभागार में बुद्धं नमामि धम्म यात्रा संस्थान द्वारा मेधावी छात्रों का सम्मान, 9:00 बजे।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा नेशनल पीजी पीजी कॉलेज में पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्ता की मूर्ति का अनावरण व डाक टिकट का विमोचन। 11:30 बजे
- अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में राष्ट्रीय नर्सिंग सम्मेलन 2025 का आयोजन। 3.30 बजे
- सर्वजन हिताय साहित्यिक समिति की ओर से सारस्वत सम्मान समारोह उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में सायं 4:30 बजे।

## एक नजर

### बंद किया ट्रॉमा का गेट तीमारदारों का हंगामा

**अमृत विचार, लखनऊ:** वीवीआईपी मूवेंट से पहले पुलिस ने सुरक्षा के लिए ट्रॉमा सेंटर का मुख्य गेट बंद करा दिया। इससे मरीजों की शिफ्टिंग व अन्य इमरजेंसी कार्य बाधित हो गए। इससे नाराज तीमारदारों ने हंगामा किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को केजीएमयू में भर्ती भाजपा के वरिष्ठ नेता विध्यासिनी कुमार की सेहत का हाल जाने के लिए पहुंचे थे। उनके आने से पहले ही पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से ट्रॉमा सेंटर के मुख्य गेट को बंद करा दिया।

### स्थायी लेबर अड्डे बनाने के लिए नहीं मिल रही जगह

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम विभाग और नगर निगम के सहयोग से शहर के प्रमुख जगहों पर श्रमिकों के लिए स्थायी लेबर अड्डे बनाने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन जगहों का चुनाव न होने की वजह से काम अधर में अटका हुआ है। नगर निगम की जो भी जगह है वहां उचित स्थान नहीं मिल पा रहा है जिसकी वजह से अन्य विभागों का भी सहयोग लिया जा रहा है। सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार ने कहा कि जैसे ही उपयुक्त जगह का चयन हो जायेगा। लेबर अड्डे बनने की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।

### कृत्रिम दांत लगाने में एआई बना सहायक

**अमृत विचार, लखनऊ:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक ने दांतों का इलाज और आसान किया है। केजीएमयू के प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग के अध्यक्ष डॉ. पूरन चन्द्र शनिवार को भारतीय प्रोस्थोडॉन्टिक्स-रिस्टोरेटिव-पेरिओडॉन्टिक्स सोसायटी के 15वें सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। डॉ. पूरन चन्द्र ने कहा, डिजिटल और एआई से कृत्रिम दांतों को कम समय में लगाया जा सकता है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने किया।

### रूमेटिक हृदय रोग के खात्मे को चलेगा अभियान

**अमृत विचार, पीजीआई:** रूमेटिक हृदय रोग के खात्मे के लिए एसजीपीजीआई और स्टैनफोर्ड बायोडिजाइन ने मिलकर शनिवार को एआरएचडी रोको पहल शुरू की। यह दोनों संस्थान राज्यव्यापी अभियान का नेतृत्व करेंगे। आरएचडी रोको पायलट परियोजना का मकसद बच्चों के वाल्व से जुड़ी बीमारी का जल्द पता लगाना और जरूरी उपचार मुहैया कराना। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की अगुवाई में शनिवार को आरएचडी रोको पायलट परियोजना पर पीजीआई में वैज्ञानिक सलाहकार समिति (एसएपी) की बैठक आयोजित की गई।




**खतरनाक गड्ढे**

रक्षामंत्री जी जाम से निजात के लिए आप अपने संसदीय क्षेत्र में पुलों की सौगात ला रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार इन्हें दुर्गति की ओर ले जाने में लगे हैं। ऐशबाग ओवरब्रिज पर बैरिकेडिंग लगाने के लिए करीब पौन फीट तक गहरे गड्ढे खोद दिए गए हैं। बारिश में कूड़े से ये गड्ढे धीरे-धीरे भर रहे हैं। हाल यह है कि इन्हें अभी ठीक ढंग से भरा तक नहीं गया है। सिर्फ यही नहीं पुलों के रखरखाव पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। डीएवी कॉलेज वाले पुल पर कई जगह सड़क फट चुकी है। – अमृत विचार

# टेंडर धांधली मामले में लीपापोती शुरू

**▶▶ प्रकरण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों ने साधी चुप्पी**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** टीबी मुक्त भारत अभियान में दवा वितरण करने के लिए हुए 40 लाख रुपये के टेंडर में हुई धांधली प्रकरण में जिम्मेदार अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है। नाकामी छिपाने के लिए मामले को लेकर लीपापोती शुरू हो गई है। शनिवार को मामला मीडिया में आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। इसको लेकर सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने डीटीओ डॉ. एके सिंघल और टेंडर का काम देख रहे बाबू मनोज यादव को तलब किया। सूत्रों का दावा है कि दोपहर 12 बजे के बाद दोनों से काफी देर तक बंद कमरे में सीएमओ ने वार्ता की।

लखनऊ के जिला क्षयरोग अधिकारी (डीटीओ) की ओर से नादरगंज स्टेट ड्रग स्टोर (एसडीएस) से तमाम केंद्रों तक टीबी की दवाओं के वितरण फरवरी में जेम पोर्टल पर चार पहिया और बड़े वाहन का टेंडर निकाला गया था। गाजियाबाद की फर्म कुमार ट्रैवेल्स के प्रोपराइटर अमन कुमार ने आरोप लगाया है कि इस टेंडर में शामिल तीन फर्मों ने दस्तावेज में हेराफेरी की है। महिंद्रा के हाफ डाला की आरसी लगाई गई है। जिस नंबर का उल्लेख किया गया है, वह लखनऊ आरटीओ में ई-रिक्शा दर्ज है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री समेत वरिष्ठ अफसरों को मेल से सारे साक्ष्य भेज दिये हैं। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने मामले की जांच की बात कही है।

# कुर्सी सुख भोगने को नहीं, सेवा की चौकी है : राजनाथ

## रक्षामंत्री ने ऐशबाग में प्रबुद्धजनों और मंडल कार्यकर्ताओं से किया संवाद, कई अन्य कार्यक्रमों में भी लिया हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ के सांसद और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को मध्य विधानसभा क्षेत्र के ऐशबाग रामलीला ग्राउंड के मानस भवन में प्रबुद्ध जनों और मंडल कार्यकर्ताओं से संवाद किया। सांसद ने कार्यकर्ताओं से पूछा कि जिस जनता से आप वोट मांगते हैं, उनसे संपर्क और संवाद स्थापित करते हैं या नहीं? उत्तर हां में आया...फिर भी उन्होंने समझाया कि अपने वार्ड और मोहल्ले में लोगों से विनम्रता से मिलें। कार्यकर्ताओं को पार्टी की नींव बताते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि आपकी मेहनत और पसीने से ही पार्टी की प्रतिष्ठा है। उन्होंने कहा कि जिस कुर्सी पर हम बैठे हैं, वह सत्ता का सुख भोगने के लिए नहीं है बल्कि वह 'सेवा की चौकी' है। यह मानकर ही हमें काम करना है। कार्यकर्ताओं के बल पर पार्टी भारत ही नहीं विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। जनप्रतिनिधियों से भी मैं यही कहूंगा कि जब वह कार्यकर्ताओं के पास जाएं तो उनका पूरा सम्मान करें।

अतुल दीक्षित ने बताया कि अमीनाबाद पोस्ट ऑफिस की बिल्डिंग मालिक द्वारा खाली कराए जाने के कारण उसको न्यू हैदराबाद शिफ्ट किया गया है, जिसके कारण क्षेत्रीय निवासियों को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया और अमीनाबाद में दोबारा पोस्ट ऑफिस खोले जाने की मांग की। अमरनाथ अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और लूटपाट से व्यापारियों को निजात मिली है।



ऐशबाग रामलीला मैदान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, साथ में मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा व अन्य। अमृत विचार

### कोई नहीं कह सकता कि दिल्ली में सम्मान न मिला हो

सांसद ने कहा कि मैं हर कार्यकर्ता का सम्मान करता हूं। कोई यह नहीं कह सकता कि जो दिल्ली आया हो और उसको सम्मान व समय न मिला हो। राजनाथ सिंह ने सभी को प्रोत्साहित करते हुए यह भी कहा कि आपके अथक परिश्रम से प्रदेश और केंद्र में सरकार बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय प्रतिष्ठा बड़ी है और देश के प्रति लोगों की धारणा, विचारधारा बदल चुकी है। अर्थव्यवस्था में भारत आज 11वें स्थान से छलांग लगाकर चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। शीघ्र ही तीसरे स्थान पर पहुंचेंगे।

### सवाल किया तो जवाब आया, गलियां हो चुकी हैं पक्की

क्षेत्र की समस्या और विकास कार्यों की आवश्यकता पूछने पर सभी ने एक मत से कहा कि अब एक-एक गली पक्की बन चुकी है।

### ओवरब्रिज ने दी जाम से राहत

कार्यकर्ताओं ने बात आगे बढ़ाते हुए कहा कि शहर में अनेकों ओवरब्रिज बने हैं। इससे जाम से राहत मिली है। समय व ईंधन की बचत भी होती है।

### श्मशान घाट का जीर्णोद्धार कराने की मांग की


सचिन कंछल ने लखनऊ में बन रही आईटी सिटी में बड़ी कंपनियों को आमंत्रित करने का प्रस्ताव दिया। हरीलाल धानुक ने समाज के श्मशान घाट के जीर्णोद्धार कराने की मांग की। जिसे रक्षा मंत्री के निर्देश पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद डॉ. महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, विधायक ओपी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, राम अवतार कनौजिया, रमेश तूफानी, मनोज रस्तोगी, डॉ. राजीव लोचन, दिवाकर त्रिपाठी, सतीश मिश्रा, राघवेंद्र शुक्ला, सुशील तिवारी पम्मी, प्रवीण गर्ग सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



भाजपा के वरिष्ठ नेता विन्ध्यवासिनी कुमार का हाल जानने केजीएमयू पहुंचे राजनाथ सिंह।

### केजीएमयू में विन्ध्यवासिनी कुमार का जाना हाल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व सदस्य विधान परिषद विन्ध्यवासिनी कुमार के अस्वस्थ होने की जानकारी मिलने पर किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज, चौक पहुंचे और वहां परिजनों व डॉक्टरों से मिले और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। रक्षा मंत्री पार्षद नागेंद्र सिंह के आवास भी गए और हाल ही में हुई उनकी माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।



लोकार्पण कार्यक्रम में राजनाथ सिंह को माला पहना कर स्वागत करते पार्टी नेता।

### बड़ी काली जी मंदिर में किए दर्शन

रक्षामंत्री ने चौक की कालीजी मंदिर में सिर नवाया। पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में नवीन भवन लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुझे खुशी है कि समाज के साथ-सरकार की तरफ से भी यह प्रयास हो रहे हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। लखनऊ नहीं था, तब भी यह मंदिर था और जब आज यह लखनऊ एक स्वरूप ले रहा है, तब भी मंदिर हम सब की प्रेरणा की शक्ति के रूप में हमारे बीच मौजूद है। रक्षामंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने भव्य सत्संग भवन बनवाने की घोषणा की। क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा ने अतिथियों और संतों का अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। पार्षद अनुराग मिश्रा, इब्जा के नार्थ इंडिया हेड अनुराग रस्तोगी, दीप प्रकाश, महंत स्वामी विवेकानंद गिरी, स्वामी आत्मानंद, स्वामी अच्युतानंद, स्वामी गौरी शंकर दास, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी मौजूद रहे।

NOTICE

I, Gurcharan Singh, resident of NW-501 Golflink Appartments 98 Park Road,Lucknow have lost Original Lease cum Sale Agreement between Darsh D Business and Karnataka Industrial Area Development Board of Plot No 28, Hardware Park Industrial Area, Mahadevakodigehalli, Hobli Jala, Taluk Bengaluru North Distt Bengaluru Urban on 09-07-2025 at somewhere in Janpath Market Hazratganj, Lucknow.If found by anyone, kindly contact me at 9839011403 or return to the above address. Gurcharan Singh 9839011403

कोर्ट नोटिस

हेतु संदर्भित करने की सूचना / साधारण प्रारूप

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी स्थान सरोजनीनगर जिला लखनऊ
वाद सं0– 202410460536109 सन् ई0
रमापति ..वादी
बनाम
प्यारेलाल आदि ...प्रतिवादी
वाद संबंधित –गाटा सं0–1164 स्थित ग्राम सकरा, परगना –काकोरी,तह0 सरोजनीनगर, जिला–लखनऊ

चूंकि उपरोक्त नामांकित उपरोक्त ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि उपरोक्त अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिये 18/07/2025 के दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 11/07/2025 के दिवस को दिखाई गयी ।

आदेशानुसार
न्यायालय की मुहर

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-ABP-MX-159-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MLPR-MX-162-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.07.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.07.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MFKA-MX-149-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.07.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.07.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2114/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चिकनपॉक्स के दो नए मरीज मिले, सीएमओ का इनकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रहीम नगर इलाके में एक महीने से चिकनपॉक्स का प्रकोप है। कई लोग इसकी जद में आ चुके हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग आंकड़े छिपाने में लगा है। शनिवार को भी दो नए मरीज मिले हैं। वहीं, कुछ लोगों को बुखार की शिकायत भी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एसीएमओ की अगुवाई में इलाके में पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना। दवाओं का वितरण किया। साफ-सफाई का जायजा लिया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि चिकनपॉक्स का कोई नया मरीज नहीं मिला है। इसके पहले शुक्रवार को भी आठ मरीज मिले थे, इसके उलट सीएमओ की टीम ने महज चार मरीज मिलने की बात कही थी।

रहीम नगर इलाके में चिकनपॉक्स फैला हुआ है। शनिवार को दो नए मरीज विकास (18) और अंशिका (17) मिले हैं। शनिवार को एसीएमओ और जिला टीकाकरण ऑफीसर डॉ. अमिताभ श्रीवास्तव की अगुवाई में महानगर पीएचसी की प्रभारी डॉ. मारिया व दूसरे कर्मचारी इलाके में पहुंचे। टीम ने पाया कि अंशिका के शरीर पर दाने मिले, उसे बुखार भी था। उसके भाई देशराज को दाने और बुखार नहीं था। ऐसे ही सागर और शिवानी के शरीर पर दाने न मिलने और बुखार होने की बात कही है, जबकि शुक्रवार को जब टीम गई थी तो गहन जांच के बाद दोनों को चिकनपॉक्स होने की बात कही थी। अब विभाग का कहना है कि दोनों को लक्षण लग रहे थे, लेकिन चिकनपॉक्स नहीं निकला है। वहीं, गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग को स्थानीय लोगों ने सूचना दी, लेकिन फिर भी टीम उस दिन नहीं गई। शुक्रवार दोपहर बाद महानगर पीएचसी की प्रभारी डॉ. मारिया टीम के साथ इलाके में पहुंचीं। करीब 150 घरों का सर्वे टीम में शामिल आशा, एएनएम ने किया था। स्वास्थ्य विभाग ने दावा किया है कि चिकनपॉक्स के कुल चार ही मरीज अब तक मिले हैं।



जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### एक माह पहले भी मिले थे मरीज

स्थानीय निवासी अन्नू और शैलेंद्र ने बताया कि करीब एक माह पहले भी चिकनपॉक्स के मरीज मिले थे। तब उनका इलाज रहीमनगर पीएचसी के डॉक्टरों ने किया था, लेकिन उसके बाद से सीएमओ की टीम ने कोई निगरानी नहीं की। इधर भी चार दिन से लोगों को चिकनपॉक्स की समस्या थी। वर्तमान समय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग दावा करता है कि संचारी रोग अभियान में टीम घर-घर जाकर जानकारी जुटाती व जागरुकता फैलाती है, लेकिन चार दिन से फैले चिकनपॉक्स की जानकारी टीम को नहीं हो सकी।

> रहीम नगर में चिकनपॉक्स फैलने वाले इलाके में टीम ने शनिवार को 50 घरों में जाकर हालात देखे। कोई नया मरीज नहीं मिला है। क्षेत्र में स्थिति सामान्य है।
>
> –डॉ. एनबी सिंह, सीएमओ

# सरकार ध्यान दे नहीं तो बंद हो जाएगा व्यापार

**अमृत विचार, लखनऊ :** टेंट, कैटर्स, लाइट, फ्लावर और डीजे व्यापारियों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश टेंट कैटर्स एण्ड डेकोरेटर वेलफेयर्स एसोसिएशन ने शनिवार को सर्वोदय नगर में बैठक का आयोजन किया।

व्यापारियों ने कहा कि शहीद पथ पर छोटी गाड़ियों की इंट्री सुबह शाम प्रतिबंधित है, जिसकी वजह से व्यापारियों को समान लाने ले जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए शहीद पथ पर छोटी गाड़ियों का आवागमन शुरू कर दिया जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि अगर व्यापारियों की समस्या को नहीं सुना गया तो व्यापार बंद हो जाएगा, जिससे सरकार को भी बहुत बड़ा नुकसान होगा। बैठक में प्रदेश संरक्षक भूपेन्दर सिंह, प्रदेश चेयरमैन पवन तलवार, प्रदेश महामंत्री नवीन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजू, उपाध्यक्ष सोनू बिन्ध्वासिनी, उपाध्यक्ष हरियंत जैन, उपाध्यक्ष संजय, कीर्ति चौधरी समेत अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैने अपना नाम SANDEEP KUMAR CHOUBEY से बदलकर SANDEEP KUMAR CHAUBEY रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-DINESHWAR CHAUBEY ADD-5/249A GROUND FLOOR, VIPUL KHAND 5, GOMTINAGAR DIST-LUCKNOW-226010 (U.P)

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व में नाम LUBNA JAVED था। जिसे बदलकर मैंने अपना नाम LUBNA ABDULLAH कर लिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।– LUBNA ABDULLAH, SHAHNAWAN, SHANAWA, FAIZABAD, UTTAR PRADESH-224135

सूचना

सूचित किया जाता हैं कि पूर्व में मेरा नाम अबूज़र ( ABUZER) था, अब मैने अपना नाम बदल कर मो0 अबुजर (MOHD ABUZAR) रख लिया है। अब मुझे नये नाम से जाना व पढ़ा जाए। **निवासी– ग्राम– गनपतपुर, पोस्ट–जहांगीरगंज, जिला– अम्बेडकर नगर, पिन कोड –224147 उ0 प्र0**

सूचना

मैं **संचित कुमार तिवारी पुत्र दीपू तिवारी निवासी– मंगराईच पुरवा अमराई थाना विश्वेश्वरगंज जिला– बहराइच,** मेरे जरूरी दस्तावेज व शैक्षिक अभिलेख (आधार कार्ड, पेन कार्ड, एटीएम, हाईस्कूल मार्कशीट, इंटरमीडिएट की मार्कशीट, निवास प्रमाण पत्र) वास्तव में खो गये है।

सूचना

मैं **हफीज पुत्र हनीफ निवासी चांद सराय गोसाईगंज, थाना गोसाईगंज, जिला लखनऊ** मेरे पुत्र हसीब का चालचलन ठीक नहीं है, वह काफी समय से ऐसे कार्य करता चला आ रहा है जिससे मेरी व मेरे परिवार की समाज में छवि धूमिल हो रही है। उसने मेरी मर्जी के बिना बताए रूखसार उर्फ रुखसाना से विवाह भी कर लिया है, उसके कृत्यों से क्षुब्ध होकर मै अपने पुत्र से सभी सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नही होगा। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीतापुर।

पताः–तृतीय तल, विकास भवन, सीतापुर।

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक–587/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/अनु0सहायक/2025–2026, दिनांकः–02–07–2025

महामहिम श्रीराज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *ई–टेण्डरिंग* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु स्वीकृति में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | योजना/कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | विधायक निधि योजना | | | | |
| 1 | सीतापुर | ग्राम पंचायत थानगांव के मजरा कटरा में पार्क का निर्माण कार्य, वि0खं0 रेउसा। | 24.99 | 0.50 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 2 | सीतापुर | ग्राम पंचायत जटपुरवा के मजरा किशोरगंज के मेला मैदान में शेड निर्माण कार्य, वि0खं0 रेउसा। | 24.99 | 0.50 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 3 | सीतापुर | ग्राम पचांयत रसूलपुर के मजरा कान्तापुरवा में रेउसा बिसवां डामर रोड से छविराज चौधरी के घर के आगे तक सी0सी0 निर्माण कार्य, वि0खं0 रेउसा। | 24.99 | 0.50 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 4 | सीतापुर | ग्राम पंचायत खरहरा के मजरा जबदुवा में प्राथमिक विद्यालय से राधे के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य, वि0खं0 रेउसा। | 15.58 | 0.32 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 5 | सीतापुर | ग्राम पंचायत राजपुर क्योटाना के मजरा क्योटाना में इण्टरलाकिंग से प्राथमिक विद्यालय के आगे तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य, वि0खं0 रेउसा। | 13.33 | 0.27 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |

2. वैबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः–24–07–2025 से 01–08–2025(अपरान्ह 12:00बजे तक)
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समयः–01–08–2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–02–08–2025 को अपरान्ह 12:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(ज्ञानेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड सीतापुर।
श्रीराज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

UP – 235714 दिनांक: 07/07/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



राधाग्राम में नाले में बहे युवक की तलाश करते कर्मचारी। अमृत विचार

# राधाग्राम में खुले नाले में बह गया युवक

## तीन घंटे बाद पहुंची नगर निगम की टीम, भीड़ ने किया हंगामा, पुलिस से हाथापाई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज क्षेत्र के राधाग्राम में शनिवार को खुले नाले में गिरा युवक बारिश के पानी के तेज बहाव के साथ बह गया। आरोप है कि सूचना देने के तीन घंटे बाद नगर निगम की टीम पहुंची। लापरवाही से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों की पुलिस ने नोकझोंक और हाथापाई तक हो गई। अधिकारियों ने जैसे तैसे भीड़ को समझाकर शांत कराया। सुएज इंडिया, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें शाम तक युवक की तलाश नहीं कर पाई। रविवार को फिर रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा।

राधाग्राम निवासी सुरेश (32) के परिवार में पत्नी रेनू, तीन बच्चे और माता-पिता हैं। सुरेश घर के पास ही एक पान की दुकान पर काम करता है। पत्नी ने बताया कि सुबह 7 बजे खाना खाकर वह काम पर जा रहे थे। दुकान के पास नाले का स्लैब टूटा है। जलमाव होने से नाला दिखाई नहीं दे रहा था। इससे सुरेश नाले में गिर गए। वह बारिश के पानी के तेज बहाव के साथ नाले में बह गए। पत्नी ने बताया कि नाले पर स्लैब डालने के लिए कई बार नगर निगम अधिकारियों से कहा गया, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। बताया कि घर के सामने का टूटा स्लैब भी खुद के पैसे से बनवाया था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सुरेश के नाले में गिरने की सूचना देने के तीन घंटे बाद नगर निगम की टीम पहुंची। आरोप है कि देरी से बचाव कार्य शुरू करने के कारण सुरेश की तलाश नहीं की जा सकी। नगर निगम अधिकारियों की ढिलाई से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस से लोगों की धक्का मुक्की और मारपीट तक हो गई। पुलिस ने जैसे तैसे समझाकर लोगों को शांत कराया। जोन-6 के जोनल अधिकारी मनोज यादव का कहना है रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। रविवार को टीम फिर सर्च अभियान चलाएंगी।मौके पर पहुंचे नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि नाले में खोजने के लिए टीमें लगाई गई हैं।



पुलिस से हाथापाई करती आक्रोशित महिला को पकड़ते लोग। अमृत विचार

▸▸ सुएज इंडिया, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें कर रहीं युवक की तलाश



रोती बिलखती मां को संभालता बेटा।

# बारिश में सड़कों पर रहें सावधान, जरा भी चूके तो गई जान

## मुख्य सड़कों से गलियों तक में खोदे गए गड्ढे जलभराव होने से बन गए हैं खतरनाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सावन शुरू होने के साथ राजधानी में झमाझम बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। दो दिन से हो रही बारिश से मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक में घुटनों तक प जलभराव हो गया। जलभराव से सड़कों और गलियां जानलेवा बन गई हैं। क्योंकि कई जगह जलकल, जल निगम और अन्य विभागों संस्थाओं से सड़कें खोदकर छोड़ दी हैं। नाले भी खुले पड़े हैं।

जलभराव होने पर गड्ढा युक्त सड़कें और खुले नाले खतरनाक बन गए हैं। जोन दो के रामनगर में जलकल विभाग ने नगर निगम की अनुमति के बिना ही बीचोबीच सड़क खोदकर छोड़ दी है।

शनिवार को बारिश होने पर पूरी सड़क पर जलभराव हो गया। इस दौरान पैदल निकल रही एक महिला गड्ढे में जा गिरी। जैसे तैसे वह संभलकर गड्ढे से बाहर निकली। सड़क पर खोदे गए इस बड़े गड्ढे पर कोई सांकेतक भी नहीं लगाया गया है।

नगर निगम जोन दो के अधिशासी अभियंता संजीव प्रधान का कहा है कि जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता से बात हुई है। उन्होंने बताया कि 50 घरों में 10 दिनों से पानी नहीं आ रहा था। इस कारण सड़क खोदी गई थी। संजीव ने कहा कि बिना अनुमति रोड खोदने पर सोमवार को संबंधित को नोटिस जारी करेंगे। जल्द सड़क बनवाई जाएगी।**जगह-जगह नालियां चोक, नाले भी साफ नहीं :** जिस बात का डर था वही हुआ। नगर निगम ने गलतियों से सबक नहीं लिया। जलभराव से निपटने के लिए नालों और नालियों की सफाई में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों ने मौन साध लिया। जगह-जगह नालियां चोक हैं और नाले भी सही से साफ नहीं हुए। नगर आयुक्त गौरव कुमार के सख्त निर्देश का भी अधिकारियों पर कोई असर नहीं हुआ। नाले और नालियों की सफाई केवल कागजों तक सीमित रही।







रामनगर में जलकल विभाग ने सड़क खोद दी है, शनिवार को बारिश में जलभराव होने से महिला गड्ढे में गिर गई। पानी उतरने के बाद सड़क पर बड़ा गड्ढा नजर आने लगा। अमृत विचार

### शहर में औसतन 41 एमएम हुई बारिश

अमृत विचार, लखनऊ : सावन में लगातार दूसरे दिन शहर में झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार दिन भर में 41 एमएम औसत बारिश हुई है। हनुमान सेतु 55.4, एयरपोर्ट 39.5, कंट्रोल रूम 41.1, बनी 20.2 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 0.4 डिग्री कम था। वहीं न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 0.9 डिग्री कम रहा।मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ अभी तीन दिनों तक बादलों की गरज चमक के साथ में बिजली गिरने और 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ तेज बारिश के आसार हैं। इस दौरान सामान्य से अधिक बरसात होगी।



सरस्वतीपुरम में सड़क पर बने गड्ढे को बचाकर कार निकालता चालक। अमृत विचार



रामनगर में रसोई में में भरे पानी में खड़ा युवक।

### रामनगर, त्रिवेणी नगर, आलमबाग में घुटनों तक भरा पानी

अमृत विचार, लखनऊ : झमाझम बारिश ने जगह-जगह जलजमाव हो गया। चोक नाले और नालियां उफना गए। मरीन ड्राइव, रिवर फ्रंट, रामनगर, त्रिवेणी नगर, आलमबाग के चंदर नगर और गुरूनानक नगर सहित कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। नूपुर, राजकुमार और जगजीत सिंह ने बताया कि इंजन में पानी भरने से कई वाहन बंद हो गए, जिन्हें धक्का देकर बाहर निकालना पड़ा। जलनिकासी न होने से घरों में नालियों का गंदा पानी पहुंच गया। चारबाग रेलवे स्टेशन, के बाहर सड़क पर जलभराव हो गया, जिससे यात्रियों को आने-जाने में परेशानी हुई। दुबग्गा सब्जी मंडी में पानी भरने से सब्जियां उतराने लगीं। गुरुनानक नगर में कपूर डेरी के पीछे जलभराव से बच्चे स्कूल नहीं जा सके। करीब दो घंटे बाद आवागमन शुरू हो सका। मोतीझील रोड पर दीवार गिरने से बिजली के कई खंबे गिर गए। बारिश और हवा से सहारागंज के के पास यातायात विभाग का चौराहा गिर गया। त्रिवेणी नगर बड़ा दुर्गा मंदिर के पीछे व आसपास नाला चोक होने से बड़ा दुर्गा मंदिर और लोधेश्वर नागेश्वर महादेव मंदिर सहित घरों में नाले का पानी घुस गया। जोन 6 में न्यू हैदरगंज द्वितीय वार्ड के अंतर्गत बुद्धेश्वर विहार कॉलोनी में नाला और नाली की सफाई सही से न होने से घरों में जलभराव हुआ। यहां के गुड्डू, श्याम, अवधेश, संजय, प्रकाश, बब्लू और दीपक ने बताया कि कई घरों में भी बारिश का पानी भर गया था।



जलभराव के बीच से पीने का पानी लेकर जाता अधेड़।



रामनगर में सड़क पर भरे पानी से होकर स्कूल जाते बच्चे।

### चौक सर्राफा बाजार में तीन घंटे गुल रही बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिसगोमती के चौक इलाके में बारिश में हुए बिजली फॉल्ट के कारण तीन घंटे से अधिक सप्लाई बाधित रही। इस दौरान लोगों और व्यापारियों ने अधिकारियों और उपकेंद् पर सैकड़ो फोन किए, फोन रिसीव ही नहीं हुआ। चौक सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री विनोद माहेश्वरी ने बताया कि सुबह 10 बजे से पूरी मार्केट की सप्लाई बाधित हो गई। इस दौरान सप्लाई को सामान्य कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को कई बार फोन मिलाए गए। हर बार रक्षामंत्री के कार्यक्रम में व्यस्त होने का हवाला देकर जल्द सप्लाई को चालू करने का आश्वासन दिया गया। वहीं व्यापारी आनंद खन्ना और मानस रस्तोगी ने बताया कि सुबह से ही पूरी सर्राफा मार्केट में सप्लाई नहीं आई। शिकायत के बाद भी मार्केट के व्यापारियों की कोई नहीं सुनता, इससे उनके व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। चौक सर्राफा उप्र के बड़े सर्राफा बाजारों के साथ चिकन के कपड़े का बड़ा केंद्र है। चौक अधिशासी अभियंता रमन वासनिक ने बताया कि विक्टोरिया ब्रेकर में हुए फॉल्ट के कारण सप्लाई बाधित हुई। फॉल्ट को सही कराकर पूरे क्षेत्र की सप्लाई को डेढ़ बजे सामान्य करा दिया गया।

### हिम्मत खेड़ा गांव में बिजली गिरने से किसान की मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर थाना क्षेत्र के हिम्मत खेड़ा गांव में खेत आकाशीय बिजली गिरने से धान की रोपाई कर रहे किसान की मौत हो गई। बिजनौर के परवर पूरब स्थित हिम्मत खेड़ा गांव निवासी राजेश कुमार वर्मा (54) शनिवार को पत्नी श्याम दुलारी, बेटे रवि कुमार, शिवम कुमार और बेटी रागिनी के साथ खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। पत्नी और बच्चे राजेश से कुछ दूरी पर धान लगा रहे थे। दोपहर बाद करीब 3 बजे तेज गड़गड़ाहट के साथ बिजली आकाशीय बिजली खेत में गिरी। इसी चपेट में आकर राजेश झुलस गया और पत्नी व बच्चे बेसुध हो गए। कुछ देर बाद होश आने पर पत्नी व बच्चों ने गंभीर रूप से झुलसे राजेश को बंथरा के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महाराजा बिजली पासी जन सेवा कल्याण समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल रावत ने कहा है कि बिजली गिरने से किसान की मौत हुई है। परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए एसडीएम सरोजनीनगर से मांग की जाएगी। संस्था की ओर से भी परिवार की हर संभव आर्थिक मदद दी जाएगी।

### युवक की करंट से मौत

**अमृत विचार,मलिहाबाद :** बांस से केबल ठीक करते समय करंट की चपेट में आए युवक की मौत हो गई। ग्राम तरौना निवासी गोलू ने बताया कि शनिवार सुबह छत पर टीन लगाई जा रही थी। इस दौरान वोल्टेज लो-हाई हो रहा था। यह देख सुबह करीब 7 बजे भाई अंकित (26) बांस से एलटी एबीसी लाइन पर अपना केबिल ठीक करने लगा। इस बीच बारिश शुरू हो गई और अंकित करंट की चपेट में आ गया। आरोप है कि बिजली आपूर्ति बंद कराने के लिए उपकेंद्र पर फोन लगाया जाता रहा लेकिन फोन नहीं उठा। मोहल्ले के लोग बेहोशी की हालत में अंकित को सीएचसी मलिहाबाद ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।




## राजेंद्र नगर शिवालय में भस्म आरती के दर्शन करने दूर-दूरे से आते हैं भक्त

# महाकाल मंदिर

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजधानी में एक ऐसा शिवालय है, जहां उज्जैन के महाकाल मंदिर की तरह भस्म आरती होती है। राजेन्द्र नगर स्थित महाकाल मंदिर में सावन के सोमवार को सुबह 4 बजे से भक्तों की कतारें लग जाती हैं।

शहर के शिवालय

मंदिर प्रबंधक अतुल मिश्रा ने बताया कि मंदिर का निर्माण 1960 में किया गया था। 15 वर्ष पहले मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया। उसी समय भूगर्भ जल संचयन की मुहिम की शुरुआत भी की गई। कोयला, बालू, गिट्टी और मौरंग के साथ बने सोख्ते में भगवान महाकाल के अभिषेक का जल जाता है। जमीन के अंदर दूध युक्त पानी न जाए इसके लिए महाकाल को दूध चढ़ाने की अलग व्यवस्था है। एकत्र दूध से खीर बनाकर प्रसाद के रूप में वितरित की जाती है। बेलपत्र और पुष्प को अलग करने के बाद ही जलाभिषेक का पानी जमीन में डाला जाता है। प्रबंधक मिश्रा ने बताया कि महाकाल के जलाभिषेक का पानी ही नहीं बल्कि बारिश में मंदिर की छत का पानी भी सोख्ते के माध्यम से जमीन के अंदर भेजा जाता है। मंदिर में महाकाल के सामने नंदी महाराज की स्थापना भी है। महाकाल का श्रृंगार में भगवान के सभी स्वरूप को दिखाने का प्रयास किया जाता है। कोई धार्मिक आयोजन महाकाल के श्रृंगार के बगैर अधूरा ही रहता है। सावन मास में मंदिर प्रांगण भक्तों से भरा रहता है। बाबा का दिन में दो बार श्रृंगार होता है।



### सावन में रुद्राभिषेक के लिए भक्त करवाते हैं बुकिंग



मंदिर प्रबंधक अतुल मिश्रा।

महाकाल मंदिर में पूरे वर्ष रुद्राभिषेक होता रहता है लेकिन भोलेनाथ के प्रिय सावन महीने में भक्तों की अग्रिम बुकिंग चलती है। पंडित महादेव तिवारी ने बताया कि पूरे सावन में 80 से अधिक भक्त रुद्राभिषेक करवाते हैं जिन भक्तों की मुराद पूरी हो जाती है वह बाबा का श्रृंगार करवाते हैं। यहां महाकाल के विविध रूपों का श्रृंगार किया जाता है जैसा कि उज्जैन महाकाल मंदिर में होता है।



## एक नजर

### एयरपोर्ट से भागा साइबर ठग इंदौर में गिरफ्तार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से बुधवार को गुजरात पुलिस को चकमा देकर हिरासत से भागा साइबर ठग हर्ष को मध्य प्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने पूछताछ में कबूला कि वह लखनऊ एयरपोर्ट से भागने के बाद कैब से आलमबाग बस स्टेशन पहुंचा। जहां से बस के जरिए बाराबंकी और बाराबंकी से झांसी, फिर झांसी से इंदौर पहुंच गया था। पुलिस सूत्रों की माने तो आरोपी अर्श को लखनऊ से इंदौर तक भगाने में एक युवती ने उसकी मदद की। युवती का नंबर सर्विलांस पर लेकर गुजरात पुलिस ने आरोपी को दबोचा। आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर पुलिस गुजरात जाने की तैयारी कर रही है।

### फंदे से लटककर युवक ने दी जान

अमृत विचार, इटौंजा : इटौंजा के सरायदामू गांव निवासी 23 वर्षीय विपिन ने शुक्रवार की रात किसी बात से नाराज होकर साड़ी के सहारे घर में फंदे से लटक गया। जानकारी होते ही परिजन उसे फंदे से उतार कर फौरन इलाज के लिए ले गए, लेकिन उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक शराब का आदी था। उसने इंस्टाग्राम के जरिए युवती से दोस्ती कर प्रेम विवाह किया था। इटौंजा थाने के सब इंस्पेक्टर रमेश सिंह यादव ने बताया कि घटना की सूचना मिली है।

# पूरब से पश्चिम तक फैला छांगुर बाबा का नेटवर्क

## सांप्रदायिक ताकतों को मजबूत कर रहा था बाबा, 40 लोगों की सुरक्षा एजेंसियों ने तैयार की सूची, तलाश में दबिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के धर्मांतरण गिरोह का नेटवर्क यूपी के बलरामपुर या नेपाल से सटे जिलों में ही नहीं है। बल्कि इस गिरोह का नेटवर्क पूरब से लेकर पश्चिम तक फैला है। गिरोह पूर्वांचल के आजमगढ़ से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बरेली तक फैला है। इस गिरोह में कई रसूखदार लोग भी शामिल है। बरेली में कई ऐसे चिकित्सक इस गिरोह से जुड़े हैं। जो हिंदुओं का धर्मांतरण कराकर खतना जैसे काम करते हैं। छांगुर बाबा के गिरोह से जुड़े करीब 40 लोग अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। अपने धर्मांतरण का नेटवर्क चला रहे हैं। इनकी सूची तैयार कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

एटीएस की जांच में सामने आया कि छांगुर बाबा सिर्फ धर्मांतरण ही नहीं बल्कि वह सांप्रदायिक ताकतों को मजबूत कर रहा था। एटीएस इस गिरोह से जुड़े अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन व हवाला नेटवर्क की जांच कर रही है। एटीएस को छांगुर बाबा के ठिकाने से 'शिजर-ए-तैयबा' नाम की एक किताब मिली। एटीएस सूत्रों के मुताबिक किताब में 'धार्मिक लोगों की सेना' का जिक्र किया गया है, यानी ऐसे लोग जो इस्लाम के लिए अपनी जान देने को तैयार हों।

**मिशनरियों से किया गठजोड़**

धर्मांतरण के मामले में फंसे जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की साजिश का दायरा पूछताछ में लगातार खुलता जा रहा है। जांच में अब बड़ा खुलासा हुआ है कि छांगुर बाबा की सांठगांठ सिर्फ कुछ कट्टरपंथी संगठनों तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के सात संवेदनशील जिलों में सक्रिय ईसाई मिशनरियों के संपर्क में भी था। देवीपाटन मंडल में ईसाई मिशनरियों ने हर वर्ग के लिए अलग प्रचारक नियुक्त कर रखे हैं।

### चार करीबियों से उतरौला कोतवाली में पूछताछ

एटीएस की टीम शनिवार को धर्मांतरण गिरोह के सरगना छांगुर बाबा की जांच करने उतरौला पहुंची। कोतवाली में टीम ने बैनामे के अभिलेखों की जांच की। जमीनों की खरीद-फरोख्त में जिन लोगों के खाते में रुपये आये थे। उन चार लोगों से कोतवाली में पूछताछ की गई। जमीन की मालियत कितनी थी, बाजार मूल्य क्या था और कितने रुपए किसके खाते में भेजे गए। इसकी पूरी छानबीन किया। पूछताछ में शामिल रहे मधुपुर के पूर्व प्रधान जुम्मन ने भी ज्यादा कुछ बताने से गुरेज किया। कहा कि जो सवाल हुए उसका जवाब दिया गया है। उन्होंने छांगुर को 28 बिस्वा जमीन बेची थी, उसी के बारे में जानकारी एटीएस ने हासिल की है।

### पाकिस्तान, तुर्की और अरब देशों से हुई फंडिंग

धर्मांतरण की जांच कर रही एटीएस और ईडी के सामने चौंकाने वाले तथ्य आये हैं। जो देश की सुरक्षा के लिए गंभीर संकेत हैं। सूत्रों के अनुसार छांगुर बाबा ने धर्मांतरण को मुनाफे का कारोबार बना दिया। इसमें पाकिस्तान, तुर्की, अरब देशों सहित विदेशों से आने वाली करोड़ों रुपए की फंडिंग, फर्जी एनजीओ और मोटी संपत्ति शामिल थी।

### गिरोह के चार सदस्यों ने नेपाल से बनवाया पासपोर्ट

एटीएस की जांच में सामने आया कि छांगुर बाबा गिरोह के चार प्रमुख सदस्यों ने नेपाल से पासपोर्ट बनवाया है। इन्हीं पासपोर्ट से वीजा बनवाकर विदेश यात्रा करते हैं। पूछताछ में छांगुर बाबा ने बाताया कि खातों में रकम डोनेशन के नाम पर आती है। एटीएस के मुताबिक छांगुर की पूछताछ के आधार पर 4 संदिग्धों के नेपाल से बने पासपोर्ट की जानकारी सामने आई है, जिनके जरिए दुबई की यात्रा की और कराई गई। डोनेशन और नेपाल के पासपोर्ट से दुबई तक की आवाजाही के प्रमाण की पुष्टि की जा रही है।

## सदस्य कोड वर्ड में करते थे बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** छांगुर बाबा धर्मांतरण गिरोह की जांच कर रही एटीएस की टीम के सामने कई राज आये। ये सारे राज छांगुर बाबा और उसकी करीबी नसरीन से पूछताछ में खुले। छांगुर बाबा गिरोह के सदस्यों से बातचीत करने के लिए कोर्ड वर्ड का प्रयोग करता था। एटीएस के अधिकारी के मुताबिक युवतियों को 'प्रोजेक्ट', धर्मांतरण को 'मिट्टी पलटना' और ब्रेन वॉश को 'काजल करना' बोलते थे। इसके अलावा बाबा से मुलाकात के लिये 'दीदार' कोड का प्रयोग करते थे।

छांगुर बाबा गिरोह के कोडवर्ड्स में निकाह का वादा करने के बाद धर्मांतरण और नया जीवन शुरू करने की शर्तें बताई जाती थीं। आर्थिक लालच और विदेश भेजने का सपना दिखाकर लड़कियों और युवाओं को निशाना बनाया जाता था। छांगुर बाबा का नेटवर्क बलरामपुर के चांद औलिया दरगाह से संचालित होता था। यहां वह अक्सर बड़ी धार्मिक मजलिसें करता था। जिसमें देशी व विदेशी नागरिक शामिल होते थे। छांगुर बाबा ने अपने धार्मिक प्रवचनों 'शिजरा-ए-तैय्यबा' नामक किताब छपवाकर इस्लाम को बढ़ावा दिया। जबकि अन्य धर्मों के लोगों खासकर हिंदुओं, अनुसूचित जातियों और आर्थिक रूप से वंचित लोगों को व्यवस्थित रूप से धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया।

### दो वर्ष पूर्व भी हुई थी जांच

इस गिरोह के खिलाफ दो वर्ष पूर्व 2023 में भी पुलिस को सूचना मिली थी। पुलिस ने जांच किया। मामले में 18 लोगों को नामजद किया गया था। आरोपियों में छांगुर के करीबी बलरामपुर निवासी मोहम्मद सबरोज, रशीद, शहाबुद्दीन और गोंडा निवासी रमजान शामिल थे. इसके अलावा आजमगढ़ निवासी अवधेश सरोज उर्फ वकील, ऊषा देवी, पन्ना लाल गुप्ता, सिकंदर, हसीना, कुंदन बेनवंशी, आकाश सरोज, मऊ निवासी मोहम्मद जावेद, परवेज आलम, इरफान अहमद, साबिर अली, जावेद अहमद और जौनपुर निवासी फैयाज भी नामजद शामिल थे। लेकिन जांच में आजमगढ़ पुलिस छांगुर बाबा के नेटवर्क को तोड़ नहीं पाई थी। जब छांगुर की जांच एसटीएफ ने शुरू की तो बलरामपुर के चारों युवकों का नाम भी सामने आया. नवंबर 2024 में छांगुर समेत नौ नामजद आरोपियों की सूची में मोहम्मद सबरोज, रशीद, शहाबुद्दीन और रमजान को भी शामिल किया गया।

# वसुंधरा ग्रुप ने प्लॉट के नाम पर ठगे 15.36 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रियल एस्टेट कंपनी वसुंधरा ग्रुप ने प्लॉट दिलाने का झांसा देकर महिला से 15.36 लाख रुपये ऐंठ लिए।11 वर्षों तक टालमटोल के बाद पीड़िता ने डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह से शिकायत की। विभूतिखंड पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, बाजारखाला कोतवाली में दो बिल्डर भाइयों के खिलाफ प्लॉट के नाम पर 6.37 लाख हड़पने की रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

विकासनगर के सेक्टर-1 निवासी रश्मि सिन्हा वर्ष 2014 में प्लॉट खरीदने की इच्छुक थी। उन्होंने विभूतिखंड स्थित वसुंधरा ग्रुप में संपर्क किया था। वहां उनकी मुलाकात कंपनी निदेशक सुधीर सिंह, शशांक और सौरभ तिवारी से हुई। बातचीत के बाद रश्मि ने दिसंबर 2014 और जून 2017 में आर्चिड वैली में दो प्लॉट बुक कराए थे। पीड़िता ने किश्तों में 15.36 लाख रुपये जमा किए थे। पीड़िता ने रजिस्ट्री के लिए संपर्क किया तो टालमटोल की गयी।

पीड़िता ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने धमकाया। करीब 11 साल बाद भी प्लॉट या रुपये वापस न मिलने पर पीड़िता रश्मि ने डीसीपी पूर्वी से मुलाकात कर शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर विभूतिखंड पुलिस ने सुधीर सिंह, शशांक और सौरभ तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी, गबन, अमानत में खयानत, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वहीं, बाजारखाला के नादान महल रोड निवासी मोहम्मद सलीम ने बताया कि उनकी मुलाकात मोहम्मद तलहा और उनके भाई मोहम्मद हारुन से हुई। बातचीत में आरोपियों ने दुबग्गा के मूसाबाग रोड पर 1500 वर्ग फीट का प्लॉट दिखाया। पसंद आने पर सौदा 6 लाख में तय हुआ। पीड़िता ने किस्तों में रुपये जमा किए। आरोपियों ने उन्हें चौपटिया स्थित जय मातेश्वरी आवासीय समिति के नाम से रसीदें दी। पीड़ित ने रजिस्ट्री के लिए संपर्क किया तो आरोपियों ने 37 हजार की मांग की।

उसके बाद आरोपियों ने आनाकानी शुरु कर दी। दबाव बनाने पर आरोपियों ने सरोजनीनगर के गहरू में प्लॉट दिलाने की बात कही। तय समय बाद भी प्लॉट की रजिस्ट्री न होने पर पीड़ित ने अपने 6.37 लाख मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धमकाया। कोर्ट के आदेश पर बाजारखाला पुलिस ने तलहा और हारुन निवासी रुस्तमनगर सआदतगंज के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मासूम की हत्या करने वाली मौसी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 28 जून को बीमारी से मौत बताकर घरवालों को दे दिया था शव
- अंतिम संस्कार में चोटें देख सीतापुर पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम
- हत्या की पुष्टि के बाद पिता ने 8 जुलाई को इंदिरानगर थाने में दर्ज करायी थी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** इंदिरानगर में आइसा (6) को कुरान पढ़ाने के लिए लेकर आई मौसी ने डंडे से पीटकर हत्या कर दी। अंतिम संस्कार के दौरान बच्ची के शरीर पर चोटें देख पिता ने पुलिस को सूचना दी। महमूदाबाद पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराया तो सिर पर वारकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। पिता की तहरीर पर इंदिरानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी मौसी को गिरफ्तार कर लिया है।

सीतापुर के महमूदाबाद स्थित ग्राम विलासपुर निवासी शमशुद्दीन ने बताया कि पत्नी की बड़ी बहन रुबीना इंदिरानगर के चांदन इलाके में 12 साल की बेटी के साथ किराए पर रहती है। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि करीब तीन माह पहले रुबीना बहन के घर सीतापुर गई थी। वहां उसने अपनी बहन से कहा था कि बेटी आइसा (6) को उसके साथ भेज दो। वह उसे घर पर कुरान



पढ़ाएगी। इसपर शमशुद्दीन व पत्नी ने आइसा को उसकी मौसी रुबीना के साथ भेज दिया था। 28 जून को रुबीना ने बहनोई शमशुद्दीन को कॉल करके बताया कि आइसा की तबीयत खराब थी। उसकी मौत हो गई है। परिजन आनन-फानन में लखनऊ पहुंचे और शव लेकर महमूदाबाद स्थित बिलासपुर चले गए थे। बच्ची को दफनाने के पहले की प्रक्रिया के दौरान आइसा की कनपटी, सिर, कंधे व धुटनों पर 6 चोटें देख शक हुआ। पिता की सूचना पर पहुंची महमूदाबाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मौत कारण सिर पर गंभीर चोट लगना आया।

हत्या की पुष्टि होने के बाद महमूदाबाद पुलिस ने घटनास्थल इंदिरानगर होते हुए वहां जाकर रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दी। 8 जुलाई को शमशुद्दीन इंदिरानगर थाने पहुंचे। उन्होंने अपनी साली रुबीना पर बेटी आइसा की हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने महमूदाबाद पुलिस से पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मंगाई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने आरोपी रुबीना के घर छापा मारा, लेकिन वहां ताला मिला। शुक्रवार देर रात सूचना पर पुलिस ने आरोपी रुबीना को पिकनिक स्पॉट के गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के घर से हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया है।

## दो पक्षों में चले लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर, छह घायल

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** भगौतापुर गांव में घर के सामने सूअर बाड़े को लेकर दो पक्षों में शनिवार को लाठियां और ईंट-पत्थर चले। हमले में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गये। पुलिस ने दोनों तरफ की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। भगौतापुर गांव में निवासी मंजू पत्नी प्रमोद व रेखा पत्नी गोविंद का आरोप है कि गांव के ही किशोरीलाल, साधु व प्रमोद नेता ने घर के सामने सूअर बाड़ा बना रखा है। गंदगी से बदबू आती है। आज इन लोगों ने विरोध किया तो किशोरीलाल पक्ष ने लाठी, डंडों व ईंट पत्थर से हमला बोल दिया। हमले में इनके पक्ष की माया, मंजू, सरस्वती, प्रमोद चोटिल हो गए। दूसरे पक्ष के विवेक का आरोप है कि प्रमोद, मोतीलाल, श्रीकांत व अन्य लोगों ने रंजिश को लेकर गालियां दी और छत से ईंट पत्थर चलाए। जिससे उनके पक्ष के विवेक व विपिन घायल हो गए। इंस्पेक्टर इटौंजा मार्कंडेय यादव ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# दबंगों ने युवक पर की फायरिंग

संवाददाता, चौक

- खुद को सपा नेता बताने वाले युवक व तीन साथियों पर चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज
- घटनास्थल पर मिले खोखे, सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** नक्खास इलाके में शुक्रवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते युवक पर कई राउंड फायरिंग की गई। युवक ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने खुद को सपा नेता बताने वाले युवक व तीन अन्य पर हमले का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

मौलवीगंज के चिकमंडी निवासी मो. रहमान ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 1:45 बजे साथी नदीम और मन्नू के साथ नक्खास की तरफ जा रहा था। तिराहे के पास पहुंचते ही वहां पहले से घात लगाए बैठे मौलवीगंज के फैज खान, उसके दोस्त तालिब, इरफान और खुद का सपा नेता बताने वाले हकीम ने फायरिंग करनी शुरू कर दी। रहमान जान बचाते हुए भागा तो आरोपियों ने असलहा लेकर दौड़ा लिया। लोगों के जुटने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही चौक पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन के दौरान पुलिस को घटनास्थल पर खोखे मिले हैं। पुलिस ने शनिवार को पीड़ित रहमान की तहरीर पर फैज, तालिब, इरफान व हकीम के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखी जा रही है।

**दो दिन पहले हुआ था आरोपियों से विवाद:** पीड़ित ने पुलिस को बताया कि दो दिन पूर्व आरोपी एक युवक को पीट रहे थे। यह देख उसने मोबाइल पर वीडियो बनाया गया था। इसी के बाद से आरोपी उससे रंजिश रखे थे। आरोपी उसपर वीडियो डिलीट करने का दबाव बना रहे थे। इंकार करने पर धमका रहे थे।

## सार-संक्षेप

### युवती से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** फतेहपुर इलाके की रहने वाली युवती अलीगंज त्रिवेणीनगर में रहकर निजी कंपनी में जॉब करती है। पीड़िता ने बताया कि रविवार की शाम ऑफिस से घर लौट रही थी। हनुमंतनगर के पास स्थानीय निवासी साद ने पीड़िता को रोक लिया। छेड़खानी कर पीड़िता से मोबाइल नंबर मांगा। पीड़िता के चिल्लाने और स्थानीय लोगों के जुटने पर आरोपित भाग निकला। पीड़िता के मुताबिक शुक्रवार देर शाम वह अपनी सहेली के पास चौराहे पर फास्ट फूड खाने गई थी। इसी दौरान साद भी वहां पहुंच गया। पीड़िता से आरोपित अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर आरोपी धमकी देकर भाग निकला। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ देर रात रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बाइकर्स हावी: युवती व व्यापारी से लूट

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए कालोनी सेक्टर-डी निवासी पल्लवी जयसवाल गुरुवार शाम रात करीब दस बजे खाना खाकर टहलने निकली थी। रास्ते में कमेटी हाल के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीन लिया। कृष्णानगर पुलिस ने शुक्रवार को तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।वहीं, जानकीपुरम के जानकी विहार कॉलोनी निवासी सुरेंद्र प्रसाद बुधवार दोपहर परवतपुर चौराहा स्थित अपनी इलेक्ट्रिकल की दुकान पर थे। इसी बीच एक बदमाश ग्राहक बनकर सामान खरीदने आया। मौका देखते ही बदमाश चेन खींचकर साथी संग बाइक से फरार हो गया। बीकेटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### खेत में मिले तलवार, भाला और खंजर

**अमृत विचार, इटौंजा :** भरिगहना के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरेश सिंह के मुताबिक गांव के नरेंद्र सिंह अपनी दुकानों की मिट्टी पटाई कर रहे थे। रघुवीर के खेत में जेसीबी से मिट्टी खोदी जा रही थी। यही मिट्टी नरेंद्र सिंह की दुकानों में डाली जा रही थी। बरसात हुई तो खेत की मिट्टी बह गई। मिट्टी हटी तो तलवार, भाला तथा खंजर के अंश दिखाई पड़े। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके से 5 से 6 तलवारों सेत कुल 26 हथियारों के जंग लगे टुकड़े पाए गए हैं। अस्त्र शस्त्र के टुकड़े प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान के बताए जा रहे हैं। एसओ शिवमंगल सिंह के मुताबिक सारे हथियार कब्जे में ले लिया गया है। जिला प्रशासन को सूचित कर दिया गया है। जैसा निर्देश होगा उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### दो दुकानों में लाखों की चोरी, कैमरे में कैद तीन चोर

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा के बरावन कलां निवासी गौरव तिवारी का त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज के पास श्री श्याम इलेक्ट्रॉनिक के नाम से दुकान है। शनिवार सुबह वह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर थोड़ा उठा मिला। गौरव ने बताया कि सीसीटीवी में शनिवार तड़के चार बजे तीन नकाबपोश बदमाश दुकान का शटर उठाकर अंदर घुसते नजर आए। जिसमें से एक व्यक्ति ने हेल्मेट व दो ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। चोरों ने गल्ले में रखे 85 हजार रुपये, करीब 2 .50 लाख के लैपटॉप व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि सीसी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है। वहीं, इटौली के सम्राट सिटी में राहुल जनरल स्टोर का शटर तोड़कर चोरों ने गल्ले में रखे 15 हजार रुपये पार कर दिए। सीसीटीवी में तीन चोर कैद हुए हैं। राहुल जनरल स्टोर के संचालक लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि तड़के करीब चार बजे पल्सर बाइक से आये तीन चोर दुकान का शटर उठाकर गल्ले में रखे रुपये चोरी किए हैं।

### दुष्कर्म के बाद महिला के हाथ बांधकर फेंकने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कानपुर निवासी महिला दुबग्गा इलाके में किराए पर रहती है। पति और दो बच्चे कानपुर में रहते हैं। करीब साढ़े तीन साल पहले महिला को शादी का झांसा देकर मौरा गांव निवासी अंशू मौर्य उर्फ अभय ने उसका शारीरिक शोषण किया था। आरोपित ने पीड़िता से बहन की शादी करने के नाम पर कई बार में रुपए 5 .60 लाख रुपये भी ले लिए। इसके बाद शादी करने से मना कर दिया था। इस मामले में दुबग्गा पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। पीड़िता के मुताबिक 9 जुलाई की रात उसे घर के बाहर से आरोपित अंशू ने अपने रिश्तेदार व दो अन्य लोगों के साथ मिलकर कार से अगवा कर लिया था। उसका मुंह और हाथ-पैर बांधकर उसके साथ रेप किया था। उसकी पिटाई करने के बाद 10 जुलाई की सुबह वसंतकुंज इलाके में फेंक दिया था। डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य आरोपी अंशू को शुक्रवार देर रात को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अभिरक्षा से फरार 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कोर्ट परिसर से पेशी के दौरान सिपाहियों को धक्का देकर फरार हुए बंदी मोहम्मद जैद खान को एसटीएफ ने हरदोई से गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी एसटीएफ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि सआदतगंज निवासी मोहम्मद जैद खान के खिलाफ 2013 में गैंगरेप, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। 18 जून को उसे पेशी पर कोर्ट परिसर में लाया गया था। सिपाही फरीद अहमद और मुकीम पेशी पर एसीजेएम प्रथम कोर्ट की तरफ ले जा रहे थे। इस दौरान जैद सिपाहियों को धक्का देकर फरार हो गया था। दरोगा विपिन सिंह की तहरीर पर वजीरगंज कोतवाली में बंदी जैद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। फरार होने के बाद उसके खिलाफ 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। शनिवार को एसटीएफ को सूचना मिली कि आरोपी मोहम्मद जैद हरदोई के अतरौली इलाके में तोमर कोल्ड स्टोरेज के पास मौजूद है। इस सूचना पर उसे घेरकर गिरफ्तार कर लिया।

### आंबेडकर की प्रतिमा की क्षतिग्रस्त, प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** काकोरी के गुलाब खेड़ा गांव में स्थापित बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की मूर्ति अराजक तत्वों ने शनिवार देर शाम क्षतिग्रस्त कर दी। वहां पर खेल रहे बच्चों की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने सड़क जाम करने का भी प्रयास किया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर नाराज ग्रामीणों को शांत कराया। गुलाब खेड़ा में सड़क किनारे मैदान में बाबा साहब की मूर्ति करीब चार दशक से लगी है। शनिवार शाम छह बजे मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा शुरु कर दिया। उन्होंने नई मूर्ति लगवाने, बाउंड्री वाल, बिजली व सीसीटीवी कैमरों लगवाने की मांग करने लगे।

# छत्तीसगढ़ जेल से मांगी डिटेल तस्करों के बैंक खाते खंगाले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जेल में आने वाले मुलाकातियों के माध्यम से नेटवर्क का पता लगाएगी पुलिस

**अमृत विचार:** कृष्णानगर पुलिस ने दो दिन पहले नौकरी व शादी का लालच देकर किशोरियों और युवतियों के खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपियों संतोष और मनीष के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है। साथ ही लेनदेन के बारे में जानकारी जुटा रही है। इसके लिए बैंक से पत्राचार किया गया है। वहीं, छत्तीसगढ़ जेल से मुलाकातियों की डिटेल मंगाई है। ताकि गिरोह के नेटवर्क के बारे में जानकारी हो सके। दोनों वहां डेढ़ वर्ष तक बंद रहे। एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय के मुताबिक इस गिरोह के पकड़े गये सदस्यों में संतोष और मनीष दुष्कर्म और तस्करी के मामले में छत्तीसगढ़ जेल में डेढ़ वर्ष तक बंद थे। पुलिस ने जेल प्रशासन से संपर्क कर मुलाकातियों की डिटेल मांगी हैं। जल्द ही इस मामले में विवेचक जेल भेजे गए आरोपितों को रिमांड पर लेने के लिए अर्जी डालेंगे। दोनों के पास से बारमद मोबाइल नंबरों की काल डिटेल्स और व्हाट्सएप की डिटेल खंगाली जा रही है।

# रिक्शा चालक को पीटा, मुंह में बोतल ठूंसी

संवाददाता, काकोरी

- पारा के आगरा-एक्सप्रेस वे के सर्विस लेन पर शुक्रवार रात हुई घटना
- चाट ठेला संचालक समेत कई पर रिपोर्ट दर्ज, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** पारा के आगरा एक्सप्रेस-वे सर्विस लेन मोड़ पर शुक्रवार रात चाट के ठेले के सामने ई-रिक्शा खड़ा करने को लेकर मारपीट हो गई। चाट ठेला संचालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर ई-रिक्शा चालक को बुरी तरह से पीट दिया। उसके मुंह में बियर की बोतल ठूंस दी। इसके बाद लाठी से पैर तोड़ दिया। खून से लथपथ ई-रिक्शा चालक को सड़क किनारे फेंक कर भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पारा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

काकोरी के करीमाबाद निवासी दिनेश कुमार ई-रिक्शा चालक हैं। शुक्रवार रात वह ई- रिक्शा लेकर घर लौट रहे थे। दिनेश के मुताबिक रात 10 बजे वह पारा स्थित आगरा एक्सप्रेस वे सर्विस लेन मोड़ पर पहुंचे थे। तभी सड़क किनारे लगे चाट के ठेले के पास ई- रिक्शा खड़ा कर दिया। दिनेश के मुताबिक ई-रिक्शा रोकते ही चाट ठेला संचालक सागर उन्हें गालियां देने लगा। विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी।

दिनेश के मुताबिक वह जान बचाकर ई- रिक्शा लेकर भाग निकला। इसके बाद भी आरोपी सागर ने अपने साथियों के साथ उसे बाइक से दौड़ा लिया। वह करीब दो सौ मीटर दूर जाकर ई-रिक्शा रोक लिया। आरोपियों ने उसके मुंह में बियर की बोतल ठूंस दी। इसके बाद लाठी से पिटाई कर उसका पैर तोड़ दिया। आरोपितों ने रिक्शे में भी तोड़फोड़ की। इसके बाद उसे मृत हालत में सड़क किनारे फेंक कर भाग निकले। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### पंजाब के अपराधी का लखनऊ से बना था पासपोर्ट, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** लुधियाना के ससराली निवासी शातिर अपराधी गुरविंदर सिंह ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर लखनऊ से पासपोर्ट बनवाया। इसी फर्जी पासपोर्ट पर वह अमेरिका चला गया था। फरवरी में अमेरिका ने जब भारतीयों को डिपोर्ट किया। एक ग्रुप में गुरविंदर भी शामिल था। इस मामले में एडीजी एसटीएफ/कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के आदेश पर 15 दिन पहले जांच शुरू किया। कैंट पुलिस ने जांच रिपोर्ट के आधार पर गुरविंदर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। एसटीएफ के लखनऊ यूनिट के एसपी ने पंजाब के लुधियाना स्थित ससराली कालोनी ख्वाजा निवासी शातिर अपराधी गुरविंदर सिंह के जाली पासपोर्ट की जांच शुरू की। गुरविंदर सिंह पंजाब पुलिस में तैनात कांस्टेबल धारी सिंह का बेटा है। गुरविंदर सिंह ने सुल्तानपुर रोड स्थित अर्जुनगंज के प्लॉट नंबर-12 पीछे श्याम मिष्ठान वाटिका के पते पर फर्जी दस्तावेज तैयार कराया।

# साइबर जालसाज ने युवती समेत पांच के खातों से उड़ाए 7.85 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गाजीपुर, महानगर, गोमतीनगर और पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** साइबर जालसाजों ने युवती समेत पांच के खातों से 7.85 लाख रुपये उड़ा लिए। साइबर ठगी के यह मामले गाजीपुर, महानगर, गोमतीनगर और पीजीआई के हैं। पुलिस पांचों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

इंदिरानगर सेक्टर -22 निवासी शिवांगी सिंह ने बताया कि 1 जुलाई को टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। संपर्क करने पर जालसाज ने बातों में फंसाकर कई बार में 6 जुलाई तक 3.18 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसी थाना क्षेत्र के ए-ब्लॉक मीना मार्केट निवासी आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि साइबर जालसाज ने खाते से कई बार में 18,883 रुपये गायब कर दिए।

वहीं, महानगर के पंचवटी कॉलोनी निवासी किरन सिंह ने बताया कि बेटी वैष्णवी के इंस्टाग्राम पर आए मैसेज में क्रिप्टो करेंसी में निवेश पर दोगुना मुनाफे का झांसा दिया। जिसके बाद पीड़िता ने दस बार में 2,89,087 रुपये भेज दिए। मुनाफा न मिलने पर किरन ने संपर्क किया तो और मांग की गई।

उधर, गोमतीनगर के बड़ी जुगौली निवासी राम बहादुर यादव ने बताया कुछ दिन पहले मोबाइल रास्ते में गिरकर गुम हो गया था। उन्होंने यूपी कॉप पर शिकायत की थी। जिसके बाद जालसाज ने उनके यूको बैंक खाते से 39 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत की है। इसके अलावा तेलीबाग के गांधी नगर निवासी अमित कुमार सैनी ने बताया कि कुछ दिन पहले कॉल आई। फोनकर्ता ने कोरियर कर्मी बनकर कहा कि आपका एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड डिलीवर करना है। एक लिंक व्हाट्सएप पर भेजा है, उसपर क्लिक कर दीजिए तो लोकेशन से कार्ड वहां पहुंचा दिया जाएगा। ठगी से अंजान पीड़ित ने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो खाते से चार बार में 1,19,988 रुपये निकल गए।

# जॉब के लिए ऑनलाइन आवेदन पड़ा महंगा, खुल गए दो फर्जी खाते

संवाददाता, आलमबाग

**अमृत विचार:** जॉब के लिए ऑनलाइन आवेदन करना कृष्णानगर के प्रांशु को महंगा पड़ गया। मूल रूप से ग्राम अडिलापार अमटौरा थाना गीडा गोरखपुर निवासी प्रांशु कृष्णानगर के मानस नगर में किराए पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि 26 जून को जॉब है एप को डाउनलोड कर आर्ट लाइफ वेलनेस प्राइवेट कंपनी में नौकरी के लिए आवेदन किया था। उसके बाद एक कॉल आयी। कंपनी कर्मचारी बनकर सत्यापन की बात कहते हुए आधार कार्ड और पैन कार्ड व्हाट्सएप पर मांगा।

पीड़ित ने भेज दिया। उसके बाद जालसाज ने कहा कि कंपनी की तरह से आप के नाम से एक बैंक अकाउंट खोला जाएगा, जिसमें वेतन आएगा। पीड़ित ने खाता खुलवाने से मना किया तो जालसाज ने दबाव बनाया। खाता खुलवाने पर शाम तक पासबुक और नियुक्ति पत्र भेजने की बात कही। जाल में फंसाने के बाद आरोपी ने बैंक का लिंक भेजकर वीडियो कॉल के जरिए केवाईसी करवाई और फर्जी बैंक अकाउंट खोल दिया। नियुक्ति पत्र और पासबुक न मिलने पर पीड़ित ने संपर्क किया तो आरोपी ने पहले इंकार किया और उसके बाद फोन उठाना बंद कर दिया। आशंका के चलते पीड़ित ने यस बैंक और यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक में संपर्क कर खाता बंद करने का अनुरोध किया। यूनिटी स्मॉल फाइनेंस ने खाता बंद करने के लिए पुलिस रिपोर्ट मांगी। पीड़ित ने कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एक नजर

### सुभाष छात्रावास में अवस्थापना सुविधाओं का लोकार्पण

अमृत विचार , लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सुभाष छात्रावास में शनिवार को नई अवस्थापना सुविधाओं का लोकार्पण कुलपति प्रो . आलोक कुमार राय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्रावास में नई बाउंड्री वाल, प्रवेश द्वार एवं किचन का निर्माण तथा डाइनिंग हॉल और अन्य स्थानों का नवीनीकरण किया गया है, जिससे अंत :वासियों की समस्याओं का निवारण हो गया है। लोकार्पण कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो . मनुका खन्ना, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो . वी के शर्मा, मुख्य अभिरक्षक प्रो . अनूप कुमार सिंह, मुख्य कुलानुशाशक प्रो . राकेश द्विवेदी, कार्य अधीक्षक प्रो . डी के सिंह, प्रो . राजेश्वर यादव, प्रो . ओ पी शुक्ला, डॉ . महेंद्र अग्निहोत्री एवं बड़ी संख्या में कुलानुशासक मंडल तथा छात्रावास अभिरक्षक और अभिरक्षका उपस्थित थे। छात्रावास अभिरक्षक डॉ . एस पी कन्नौजिया ने सभी का स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नई अवस्थापना सुविधाओं के साथ छात्रावास अब नए अंत :वासियों के लिए सुसज्जित हो गया है।

# छात्रों और शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश

## मंडल के सभी माध्यमिक स्कूलों को संयुक्त शिक्षा निदेशक ने दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचारः** लखनऊ मंडल के सभी माध्यमिक स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के संयुक्त शिक्षा निदेशक ने निर्देश जारी किये हैं। वहीं शिक्षकों का कहना है कि पहले स्कूलों में संसाधन उपलब्ध कराएं। फिर ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था लागू करें। ग्रामीण इलाके के बहुत स्कूलों में जियो लोकेशन मिस मैच की वजह से ऐप को लॉगिन नहीं कर पा रहे हैं।

मालूम हो माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने 30 जून को ऑनलाइन उपस्थिति मोबाइल ऐप यूपीएमएसपी अटेंडेंस पर लगाने के आदेश जारी किये थे। स्कूलों के प्रधानाचार्यों को रोजाना समय से विद्यार्थियों और शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति अपलोड करना है लेकिन स्कूलों द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति अपलोड नहीं की जा रही है। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने शनिवार को लखनऊ, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी के डीआईओएस को सभी मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में विद्यर्थियों और शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिन स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने में लोकेशन मिसमैच की समस्या आ रही है। वो प्रधानाचार्य मोबाइल ऐप यूपीएमएसपी अटेंडेंट पर दिए गए विकल्प के माध्यम से अपने कॉलेज के मुख्य द्वार पर खड़े होकर फोटो खिंचवाकर अपलोड करें। ताकि उनके स्कूल की त्रुटिरहित जियो लोकेशन प्राप्त की जा सके। स्कूल के जियो लोकेशन मिसमैच की समस्या का निराकरण किया जा सके।

## लविवि में नए सत्र की शुरुआत कल से



**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-2026 की शुरुआत 14 से करने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित वाहन स्टैंड पर अपना वाहन खड़ा करने के बाद परिसर में प्रवेश करने का अनुरोध किया गया है। छात्रों को निर्देशित किया गया है कि वे अपना वाहन निर्धारित वाहन स्टैंड पर खड़ा करें और पैदल परिसर में प्रवेश करें। बाहरी छात्रों,व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध है। छात्रों को अपने साथ अपना परिचय-पत्र या छात्रत्व की पुष्टि हेतु अभिलेख प्रतिदिन साथ लेकर आने का अनुरोध किया गया है।

# नेशनल पीजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** नेशनल पीजी कॉलेज में सत्र 2025-26 के लिए बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा में कुल 842 छात्र उपस्थित थे, जिनमें से 601 छात्र–छात्राओं की मेरिट सूची जारी की गई है। मेरिट सूची की कॉलेज के विभिन्न सूचना पटों पर चस्पा की गई है और कॉलेज की वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है।

बीए में प्रवेश की काउंसलिंग प्रक्रिया 15 जुलाई से 17 जुलाई तक होगी। मेरिट लिस्ट में प्रत्येक छात्र के नाम के समक्ष काउंसलिंग की तिथि और समय दिया गया है। छात्रों को अपने सभी मूल प्रमाणपत्र, संबंधित कैटेगरी का प्रमाणपत्र, सभी दस्तावेजों की छायाप्रति और अपनी नवीनतम पासपोर्ट फोटो के साथ



परीक्षा देने जाते विद्यार्थी। अमृत विचार

उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

लुआक्मैट प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

शनिवार को कॉलेज में सत्र 2025-26 की लुआक्मैट प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराई गई। इस परीक्षा में बीसीए, बीकॉम (ऑनर्स), बीवोक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट एंड ई-गवर्नेंस, बीएजेएमसी, बीबीए, बीबीए डीबी और बीवोक बैंकिंग एंड फाइनेंस की परीक्षाएं आयोजित की गईं। परीक्षा में कुल पंजीकृत छात्रों की संख्या 3554 थी, जिसमें 3129 छात्र उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स प्रारम्भ

कार्यालय संवाददाता , लखनऊ

**अमृत विचार :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस द्वारा आयोजित दो-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (एम.यू.एन.) का शुभारम्भ शनिवार को विद्यालय के सभागार में हुआ।

मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान, विधान परिषद सदस्य,ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन किया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. बंशीधर सिंह, डीन, फैकल्टी ऑफ लॉ, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं फलित सिजारिया, इण्डिया हेड डेलीगेट, जी-20 यूथ समिट, ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा को बढ़ाया। मालूम हो कि इस मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का आयोजन 'ब्रिजिंग बार्डस, बिल्डिंग फ्यूचर्स' थीम पर आईआईटी दिल्ली के सहयोग से 12 व 13 जुलाई को सीएमएस.महानगर कैम्पस के ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों से पधारे 350 से अधिक छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। यह सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रतिरूप है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभागी छात्रों को अलग-अलग कमेटियों में महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर खुलकर अपने विचार रखने का अवसर मिल रहा है।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

# कक्षा छह से आठ के बच्चे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- खेलकूद की राज्यस्तरीय अंडर 14 प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग
- विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम जारी

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा परिषद कक्षा छह से आठ के बच्चों को खेलकूद की राज्यस्तरीय अंडर 14 प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराएगा। इसमें विजयी बच्चों को राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में अपना दम दिखाने का मौका मिलेगा बेसिक शिक्षा विभाग ने कक्षा 6 से 8 के छात्रों को अंडर-14 श्रेणी में शामिल करते हुए अक्टूबर तक विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है।

विभाग के अनुसार इसके तहत जुलाई माह में विद्यालय स्तर पर तीरंदाजी, कराटे, शूटिंग, तैराकी, जिम्नास्टिक, हैंडबॉल, फुटबॉल, कुश्ती, मलखंभ, कबड्डी, क्रिकेट, ताइक्वांडो, खो खो, शतरंज न्याय पंचायत स्तर और विकास खंड स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी।



अगस्त पहले सप्ताह में जिला और दूसरे सप्ताह में मंडल स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जबकि 30 अक्टूबर तक प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कर लिया जाएगा। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि कक्षा छह से आठ के बच्चों को सभी स्तर की प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। ताकि उनको राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयार किए जा सकेगा। प्राथमिक विद्यालयों को 5000 और उच्च प्राथमिक को 10,000 तक की खेल सामग्री खरीदने का बजट भी मंजूर किया गया है। विभाग का उद्देश्य है कि ग्रामीण और सरकारी स्कूलों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय खेल मंच तक पहुंच सकें।

# फुटबॉल लीग : गौरव के गोल से यूपी पुलिस को मिली जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सतीश कुमार शुक्ला मेमोरियल फुटबॉल लीग में गौरव के एकलौते गोल के चलते यूपी पुलिस ने यूनाइटेड फुटबॉल क्लब को 1-0 से हरा दिया। कैंट दिलकुशा मैदान पर खेले गए मुकाबले में दोनों टीमों में कई दिग्गज खिलाड़ी मौजूद रहे।

यूपी पुलिस में नोमान अख्तर (अंडर 19 नेशनल, सीनियर नेशनल), मुस्तफा (सीनियर नेशनल), मोहम्मद इमरान (जूनियर इंडिया) और गौरव (सीनियर नेशनल) मौजूद थे, वहीं लखनऊ यूनाइटेड में विनोद कुमार (सीनियर नेशनल) और विनीत कुमार (स्कूल इंडिया) ने बेहतरीन खेल दिखाया। मुकाबले के दौरान यूपी पुलिस के नौ नंबर जर्सी पहने गौरव ने सेकंड हाफ में 45वें मिनट में एकल प्रयास से गोल कर टीम को जीत दिलाई। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राज्य संयोजक आलोक सिंह मुख्य रुप से मौजूद रहे। दूसरे मैच में लखनऊ यंग ब्लड फुटबॉल क्लब ने ओल्ड गोल्ड क्लब को 2-0 से हराया। लखनऊ यंग ब्लडकी ओर से अभिषेक के पास पर नितिन ने सेकंड हाफ के 40 मिनट में शानदार गोल किया। हर्ष के पास पर गौरव मिश्रा ने एक शानदार गोल कर टीम को 2-0 से बढ़त दिलाई और जीत दर्ज की।

## रामू की बल्लेबाजी ने सीआईडी को दिलाई जीत



**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रेरणा कप के लिए खेले जा रहे पीवीसी कै. मनोज पाण्डेय क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को लीग मुकाबले में सीआईडी ने यार्कर विंटेज को 101 रनों से करारी शिकस्त दी। कॅरियर क्रिकेट स्टेडियम पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीआईडी ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 210 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी यार्कर विंटेज की पूरी टीम 109 रन पर सिमट गई।

# आयुर्वेद कॉलेज में लगाए गए 101 पौधे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** टूड़ियागंज के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान का दूसरा चरण चलाया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार मौर्य समेत अन्य ने 101 पौधे लगाए।

अस्पताल प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र ने बताया कि खासबात यह रही कि अस्पताल में प्राचार्य के साथ दूसरे डॉक्टरों, नर्सों, फार्मासिस्ट, छात्रों ने अभियान के तहत औषधीय पौधे भी रोपे, जो कि आगे चलकर दवा के रूप में भी काम आ सकते हैं।

प्राचार्य डॉ. दिनेश ने कहा कि आज के प्रदूषित वायुमंडल में पौधरोपण से ही मानव जीवन को सुरक्षित किया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को पारिस्थितिकी तंत्र बचाने के लिए पौधारोपण करना चाहिए।




पौध रोपण करते हुए प्राचार्य व अन्य । अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कथाकार अमरकांत के लेखन पर चर्चा आज

**अमृत विचार,लखनऊ :** जनवादी लेखक संघ की ओर से 13 जुलाई को दोपहर 3 :30 बजे से कैफ़ी आजमी अकादमी के सभागार में कथाकार अमरकांत के शताब्दी वर्ष में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र यादव करेंगे। प्रतुल जोशी अमरकांत से जुड़े हुए संस्मरण सुनाएंगे और उनसे पहले आभा खरे तथा सीमा सिंह अमरकांत की चर्चित कहानी बउरैया कोदो का पाठ करेंगी। अमरकांत के व्यक्तित्व–कृतित्व पर अखिलेश, सूरज बहादुर थापा, नलिन रंजन सिंह, प्रीति चौधरी और मोतीलाल प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम का संचालन जलेस लखनऊ की सचिव शालिनी सिंह करेंगी।

### लखनऊ के फैशन जगत में जुड़ा एक नया नाम

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ शहर के फैशन जगत में सुता का नाम जुड़ गया है सुता। महीने में तीन नए कलेक्शन पेश कर उन्होंने युवतियों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। शाहनजफ रोड स्थित फैशन हाउस में सुता ने दस्तकारी के आकर्षण के साथ दस्तक दी है। रेशम रत्न सम्मान से अलंकृत अदिति जग्गी रस्तोगी प्रसिद्ध ने बताया कि सुता के साथ हमारी सहभागिता महिलाओं के वस्त्रों की दुनिया में अलग पहचान बनाएगी। हम 2000 से अधिक महिला कारीगरों को जोड़कर महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रहे हैं। अदिति और सुता ने शनिवार को शाहनजफ रोड फैशन हाउस में खादी, रेशम और चिकन के वस्त्रों का प्रदर्शन किया। इसमें प्रमुख सचिव संजय प्रसाद भी परिवार के साथ पहुंचे।

### पेंशनरों ने रक्षामंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार,लखनऊ :** ईपीएस–95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को उनके आवास पर समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इसमें ईपीएस–95 पेंशन 7500 रुपये मासिक, महंगाई भत्ता व पति–पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग की गई है। राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर ने बताया कि रक्षामंत्री ने कहा कि ईपीएस 95 पेंशन के संबंध में श्रम मंत्री को पत्र लिख चुके हैं। प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय महामंत्री राज शेखर नागर, मुख्य समन्वयक उमा कांत सिंह, संगठन मंत्री पीके श्रीवास्तव, प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिलीप पांडे, सुशील त्यागी, जयराम वर्मा शामिल रहे।

### खाद विक्रेताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार,सरोजनीनगर :** कृषि विभाग ने शनिवार को बंथरा के एक निजी गेस्ट हाउस में उर्वरकों की आपूर्ति पर विश्लेषण और पीओएस मशीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजन थोक उर्वरक विक्रेता शिवकुमार तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने विक्रेताओं को बताया कि पीओएस मशीन से ही किसानों को खाद देनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने स्टाक रजिस्टर और अन्य कागज मेंटेन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि थोक और फुटकर व्यापारी को आने वाली किसी भी समस्या का निराकरण शासन स्तर से किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उर्वरक विक्रेता मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने किया बी-पैक्स का भ्रमण

**अमृत विचार,सरोजनीनगर :** केंद्रीय सहकारिता के अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार संजीव नारायण माथुर और प्रदेश सहकारिता आयुक्त एवं निबंधक योगेश कुमार ने शनिवार को सरोजनी नगर ब्लॉक के बंथरा स्थित बी–पैक्स का भ्रमण किया। उन्होंने समिति के क्रियाकलापों, यथा कंप्यूटराइजेशन, उर्वरक व्यवसाय, जन औषधि केंद्र और सहज जन सेवा केंद्र के विषय में जानकारी ली। योगेश ने समिति के कार्य क्षेत्र में एक अहम आयाम स्थापित करने के लिए एक छत के नीचे एक आम नागरिक को उसकी आवश्यकता की समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर विचार रखे।

### 108 फीट ऊंचा ध्वज का फहराया

**अमृत विचार,सरोजनीनगर :** सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा स्थित उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट आफ फॉरेंसिक साइंस में शनिवार को 108 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। मध्य कमान लखनऊ के लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष एसएन साबत, विशेष सचिव नेहा जैन, फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ रिटायर्ड मेजर जनरल असीम कोहली सहित संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ . जीके गोस्वामी ने ध्वज को आरोहित किया। 35 बटालियन पीएसी की बैंड एवं गार्ड ने राष्ट्रीय धुन बजा कर राष्ट्रध्वज को सम्मान दिया।




पुस्तक विमोचन के अवसर पर मौजूद लोग। अमृत विचार

### पुस्तक कालिंजर की राजनर्तकी पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार,लखनऊ :** इमेज एंड क्रियेशन वेल्फेयर सोसाइटी की ओर से सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रमेश मिश्र की पुस्तक कालिंजर की राजनर्तकी का शनिवार को विमोचन किया गया। संगीत नाटक अकादमी में आयोजित समारोह में प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, संगीत नाटक अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ . पूर्णिमा पाण्डेय, पद्मश्री डॉ . विद्या बिंदु सिंह, संगीत नाटक अकादमी की उपाध्यक्ष विभा सिंह और निदेशक डॉ . शोभित कुमार नाहर ने पुस्तक का विमोचन किया। पर्यटन मंत्री ने बताया कि सरकार बुन्देलखंड के 32 जिलों को हेरिटेज के रूप में विकसित करने पर काम कर रही है।

# कौन चुना जाएगा और किसका गिरेगा विकेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सात साल बाद चुनी जानी है सीएएल कार्यकारिणी की नई टीम
- 26 जुलाई को महत्वपूर्ण पद पाने को कई दावेदार मैदान में

**अमृत विचारः** करीब सात वर्षों के बाद क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाना है। ऐसे में एसोसिएशन के महत्वपूर्ण पदों के लिए कई दिग्गजों ने अपनी दावेदारी पेश की है। देखना यह है कि 26 जुलाई को होने वाले चुनाव में पुराने दिग्गजों में किसका विकेट गिरता है और कौन से महत्वपूर्ण पद पर किसी नये की ताजपोशी होगी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार एसोसिएशन के चुनाव तीन साल के बाद होने चाहिए, लेकिन कोरोना संक्रमण काल और क्लबों की सहमति के बाद इसे बढ़ाया जाता रहा।

अब 26 जुलाई को चुनाव प्रस्तावित हैं। चुनाव की तारीख की घोषणा होते ही एसोसिएशन के सचिव पद के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण पदों के लिए कई दिग्गज मैदान में उतरने को बेताब हैं। 23 जुलाई को नामंकन वापसी के बाद तस्वीर साफ होगी कि किस पद के लिए कितने दावेदार मैदान में बचे हैं। मार्च वर्ष 2018 को सीएएल की कार्यकारिणी अंतिम बार घोषित की गई थी। एसोसिएशन के महासचिव केएम खान ने बताया कि सीएएल की नई कार्यकारणी के गठन को चुनाव होने हैं। इसकी तारीख घोषित कर दी गई है। 15 जुलाई से चुनाव की तैयारियां शुरू हो जायेंगी। एसोसिएशन से जुड़े लोग विभन्न पदों के लिए अपनी दावेदारी पस्तुत कर सकते हैं। इसके अलावा शहर भर के क्रिकेट क्लबों की आपसी सहमति बन जाती है तो सर्वसम्मति से बिना चुनाव के भी नई कार्यकारिणी घोषित की जा सकती है। तकरीबन 38 वर्षों से महासचिव के पद संभालने वाले केएम खान ने कहा कि 26 जुलाई को होने वाले चुनाव में मैं महासचिव पद के लिए उतरने को तैयार हूं। स्पोर्ट्स कोड हमारी एसोसिएशन पर लागू नहीं होता है।

### सीएएल के चुनाव अधिकारी होंगे एसपी मिश्रा

अमृत विचार, लखनऊ : क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) की आम सभा की बैठक 26 जुलाई को बीबीडी यूनिवर्सिटी स्थित डॉ . अखिलेश दास सभागार में होनी है। इसमें एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का चुनाव भी कराया जाना है। यह जानकारी सीएएल के सचिव केएम खान ने शनिवार को दी। बैठक के लिए सेवा निवृत्त आईएएस एसपी मिश्रा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। चुनाव की अधिसूचना 15 जुलाई से 26 जुलाई को चुनाव परिणाम घोषित होने तक रहेगी। कार्यकारिणी के चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ होंगे और सभी को समान अवसर मिलेगा। चुनाव को लेकर किसी तरह की अफवाह न फैलाये।

# रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ट्रान्स गोमती की अध्यक्ष बनीं पूर्वी मित्तल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** रोटरी क्लब के इंस्टालेशन कार्यक्रम में वर्ष-2025-26 के लिए रोटेरियन पूर्वी मित्तल ने रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ट्रान्स गोमती के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। मुख्य अतिथि रोटरी इन्टरनेशनल के पूर्व अध्यक्ष कल्याण बैनर्जी ने इस मौके पर कहा कि रोटरी भारत में ही नहीं पूरे विश्व में समाज सेवा के लिए जाना जाता है।

भारत में पोलियो उन्मूलन में रोटरी ने अग्रणी भूमिका निभाई। चाहे रक्तदान हो या दिव्यांग की मदद हो रोटरी की सेवाएं सराहनीय हैं। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. पंकज मित्तल ने कहा की पिछले 2 वर्षों के कार्यकाल में अधिक से अधिक सेवा कार्यों को क्लब के सदस्यों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अजय कपूर, सचिव विनोद सिंह, कोषाध्यक्ष इला गंभीर, निदेशक सुधीर एस हलवासिया ने भी कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व डिस्ट्रिक गर्वनर रोटेरियन दीपक रायजादा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे। पूर्वी मित्तल ने रोटरी क्लब लखनऊ ट्रांस गोमती का अध्यक्ष बनने के बाद घोषणा की कि क्लब इसी महीने लोक बंधु अस्पताल को मेमोग्राफी मशीन (ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग मशीन) दान करेगा।

# हर्षदीप की हैट्रिक से अलीगंज वॉरियर की शानदार जीत

- जिला फुटबॉल लीग में सेक्रेड हार्ट क्लब को 5-0 से हराया

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचारः** खेल के चौथे मिनट में ही हर्षदीप ने पहला गोल कर अलीगंज वॉरियर को न केवल 1-0 की बढ़त दिलाई। मुकाबले में अलीगंज वॉरियर ने एक तरफा मुकाबले में सेक्रेड हार्ट को 5-0 से हरा कर पूरे अंक बटोरे। दोनों मुकाबलों में शुरुआत से एक-दूसरे पर हमले किए लेकिन अलीगंज वॉरियर में धुरंधरों की भरमार दिखी। टीम के स्टार हर्षदीप ने पहले हाफ में लगातार तीन बार 4वें, 12वें और 40वें मिनट में प्रतिद्वंदी टीम की डिफेंस को चकमा देते हुए गोल दाग हैट्रिक पूरी की। मध्यांतर तक अलीगंज की टीम ने 3-0 से आगे रही। दूसरे हाफ में भी अलीगंज वॉरियर के खिलाड़ियों ने सेक्रेड हार्ट को कोई मौका नहीं दिया। अलीगंज की ओर से लक्की ने 44वें और 55वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त 5-0 पहुंचा दी, जो कि मैच के अंत तक बनी रही। वहीं मैच के दौरान सेक्रेट हार्ट के खिलाड़ियों ने कई शानदार मूव बनाये लेकिन उसे गोल में तब्दील नहीं कर सके।

दूसरे मैच मेंअलीगंज स्पोर्टिंग क्लब ने ब्ल्यू क्लब को एक तरफा मुकाबले में 5–0 से शिकस्त दी। पूरे मैच में अलीगंज स्पोर्टिंग के खिलाड़ी हावी रहे। विजयी टीम की ओर से पहले हाफ में नितांशु ने 29वें, वेदांश ने 32वें, तंशु ने 36वें और हर्ष ने 39वें मिनट में गोल कर टीम को 4-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में अलीगंज स्पोर्टिंग के आदित्य ने 62वें मिनट में गोल किया और बढ़त 5-0 पहुंचा दी और इसी स्कोर से जीत दर्ज की। रविवार को पहला मैच मिलानी क्लब और आरए बॉयज क्लब के बीच खेला जायेगा, जबकि दूसरे मुकाबले में यूनिक क्लब के सामने राइजिंग स्टार क्लब की चुनौती होगी।



फुटबॉल पर कब्जे के प्रयास में खिलाड़ी। अमृत विचार

### सुधीर शर्मा बने रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष



**अमृत विचार,लखनऊ :** उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा को रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का उपाध्यक्ष चुना गया है। गत वर्ष 25 फरवरी को चुनाव हुआ था। दिल्ली हाईकोर्ट के निर्णय के अनुसार शुक्रवार को तेलंगाना में परिणाम घोषित किया गया। रिटर्निंग ऑफिसर डब्लू बी श्रीनिवास ( ने भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन के पर्यवेक्षक गिरीश एस .फडनीस की मौजूदगी में परिणाम घोषित किए। सुधीर लखनऊ के रहने वाले हैं। उन्हें एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक राज्यसभा सांसद डॉ .दिनेश शर्मा, संरक्षक एमएलसी पवन सिंह चौहान, डॉ . आरपी सिंह, राजीव त्रिवेदी , अध्यक्ष रानी पक्षालिका सिंह, चेयरमैन रेणुका मिश्रा, आदित्य मिश्रा, विनोद कुमार सिंह, गोपाल गुप्ता ने उन्हें बधाई दी।

# राष्ट्रीय एकता में दर्शन का सदुपयोग


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वेद और उपनिषद 'आनंद' को बार-बार दुहराते है। ब्रह्मसूत्र भी 'आनन्दमयो अभ्यसात' (1.1.12) लिखता है। यहां आनंदमय शब्द में मयट प्रत्यय संसार बोधक है, मय का तात्पर्य 'व्याप्त' होता है, जैसे दुखमय, सुखमय आदि। ब्रह्मसूत्र आनन्दमय को भी ब्रह्मय बताते हैं।

दर्शन बुद्धि विलास नहीं है। मानव जीवन को आनंदित करने के लिए दर्शन का सदुपयोग होता रहा है। राष्ट्रीय एकता के लिए भी दर्शन की उपयोगिता है। वेदांत दर्शन का सदुपयोग शंकराचार्य व विवेकानंद ने किया था। वेदांत का मूल ग्रंथ ब्रह्मसूत्र है। ब्रह्मसूत्र असाधारण रचना है। इसमें वेदो से लेकर उपनिषद काल तक विकसित सभी विचारों पर टिप्पणियां हैं। रचनाकार ने सूत्रों में बड़ी-बड़ी बातें की हैं। ब्रह्म सूत्र में पूरी बात के लिए भी अतिअल्प शब्द विन्यास हुआ है। पहला सूत्र है-अथातो ब्रह्म जिज्ञासा। अब ब्रह्म की जिज्ञासा है। दूसरे सूत्र में दो शब्द ही हैं, "जन्माद्यस्य यतः। अनुवाद है-यहां जिससे जन्म आदि होते हैं।" अनुवाद से अर्थ पूरा नहीं निकलता इसलिए अनुभूति की सहायता से कहते हैं-वही ब्रह्म है। अब अर्थ पूरा हुआ "जिससे जन्म आदि होते है वह ब्रह्म है। 'जन्म आदि' का अर्थ भी बड़ा है-जन्म, युवा, बुढ़ापा, मृत्यु, सृष्टि, स्थिति, विकास और प्रलय। तीसरा सूत्र मात्र एक शब्द का ही है, "शास्त्रयोनित्वात-शास्त्र में वही कारण है। पूरा अर्थ है वह ब्रह्म ही वेदों शास्त्रों में जगत का कारण कहा गया है। ब्रह्मसूत्रों में सृष्टि जगत का रहस्य है, उपनिषदों में वर्णित तमाम सूत्रों की व्याख्या है।

ब्रह्मसूत्र चार अध्यायों व 16 छोटे-छोटे खण्डों में विभाजित है। 16 खण्डों को पाद-चरण कहा गया है। सूत्रों में वेद उपनिषद में आए तमाम शब्दों, प्रत्ययों, विचारों का विवेचन है। उपनिषदों में प्राण शब्द आया है। यहां प्राण को ब्रह्म कहा गया है। (1.1.28-31) छान्दोग्य उपनिषद में सम्पूर्णता के लिए 'भूमा' शब्द आया है। यहां भूमा को ब्रह्म बताया गया है। (1.3.8-9) विवेकानन्द ने भी 'भूमा' को ब्रह्म कहा है "ब्रह्म नाना रूपों में परिवर्तित जैसा प्रति भासित होता है। इस प्रकार अद्वैतियों के लिए जीवात्मा का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। उनके अनुसार माया ही जीवात्मा के अस्तित्व का कारण है। पारमार्थिक दृष्टि से उसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है। इस प्रकार सत्ता यदि केवल एक है, तो यह कैसे संभव हो सकता है कि मैं पृथक सत्ता हूं और तुम एक पृथक सत्ता हो? यथार्थ में हम लोग सभी एक हैं। हमारी द्वैत दृष्टि ही सभी अनिष्ट का कारण है। जभी मैं यह समझता हूं कि मैं संसार से पृथक हूं, तभी पहले भय उत्पन होता है और तब दुख का अनुभव होता है। जहां व्यक्ति दूसरे से सुनता है, दूसरे को देखता है, वह अल्प है। जहां व्यक्ति दूसरे को देखता नहीं, दूसरे को सुनता नहीं, वह भूमा है, वह ब्रह्म है। भूमा में परम सुख है, अल्प में नहीं?"

सत्य तत्व इन्द्रियों की क्षमता से परे है। सत्य तत्व की व्याख्या वैसे भी कठिन है। श्वेताश्वतर (3.20), कठोपनिषद (2.20) और तैत्तिरीय आरण्यक में एक साथ एक प्यारा सा मंत्र/श्लोक आया है "अणोरणीयान महतो महीयान-अणु से लघुतम अणु और महान से महत्तर (वह है)"। श्वेताश्वतर (6.19) में इसी बात को और विस्तार देते है "वह निरवयव है, निश्चल है, शांत, निर्दोष और निर्लिप्त है।" ब्रह्मसूत्र में 561 सूत्र हैं। सभी सूत्र ब्राह्मणों उपनिषदों का विश्लेषण है। ब्रह्म की स्थापना है। यहां सांख्य दर्शन के कारणवाद का खण्डन है। (अध्याय 2.2.1-10) इसी तरह कणाद के परमाणुवाद से उठे भौतिकवादी प्रश्नों का भी परम ब्रह्म में निरूपण है। (वहीः11-17) बौद्ध और जैनमतों का भी जबर्दस्त खण्डन किया गया है (ब्रह्मसूत्रः गीता प्रेस पृष्ठ 148-177) आगे सारी बाते गीता प्रेस से प्रकाशित ब्रह्मसूत्र की पृष्ठ संख्या के उद्धरणों से लिखी गई हैं। मधु विद्या अमूल्य है। जैमिनि ने पूर्व मीमांसा में इसे देवताओं के योग्य नहीं बताया क्योंकि देवताओं को यह विद्या सहज प्राप्य है। वे ज्योतिर्मय लोकों में रहते हैं। (पृष्ठ 77 श्लोक 1.3.31-32) अगले श्लोक में लिखा है कि 'वादरायण को यह मतमान्य नहीं है।

वेद और उपनिषद 'आनंद' को बार-बार दुहराते है। ब्रह्मसूत्र भी 'आनन्दमयो अभ्यसात' (1.1.12) लिखता है। यहां आनंदमय शब्द में मयट प्रत्यय संसार बोधक है, मय का तात्पर्य 'व्याप्त' होता है, जैसे दुखमय, सुखमय आदि। ब्रह्मसूत्र आनन्दमय को भी ब्रह्मय बताते हैं। लेकिन तैत्तिरीय उपनिषद में आनंदमय का वर्णन करते हुए उसे सीधे 'रसो वै सः'-वह रस है" बताते हैं। ब्रह्मसूत्र में उपनिषदों का आनंद भी ब्रह्म है। तैत्तिरीय उपनिषद में आनंद का विवेचन है। आनंदमय ब्रह्ममयता है। (1.1.12-19) मुण्डकोपनिषद में एक मंत्र में कहते हैं "जो अदृश्य है, इन्द्रिय बोध से परे है, वर्णहीन, गोत्रहीन, आंख, कान, पैर से रहित है नित्य, व्यापक, परिपूर्ण और अविनाशी है। धीरपुरूष उसे देखते हैं, वह समस्त भूतों का कारण है। इसी संदर्भ को लेकर ब्रह्मसूत्र में बताया गया है कि वैदिक अनुभूति में जो अदृश्यता आदि गुणों वाला है। वह ब्रह्म है। (1.2.21) ब्रह्मसूत्र मूर्ति पूजा-प्रतीक पूजा की विधि बताता है। आगे कहते हैं 'आसीन सम्भवात'-बैठकर ही ऐसा संभव है। (4.1.7) फिर कहते हैं "ध्यानाच्य-ध्यान" (4.1.8) और 'अचलत्वे चापेक्ष्य-शरीर की अचलता की अपेक्षा।" (4.1.9) ब्रह्मसूत्रों पर तमाम भाष्य लिखे गए। शंकराचार्य का भाष्य अद्वैत सिद्धांत कहलाया। उन्होंने इसी आधार पर ब्रह्म को सत्य और जगत को मिथ्या बताया। सबसे दिलचस्प है विद्या का प्रकरण। तीसरे अध्याय के चैथे पाद के प्रथम सूत्र में कहते हैं, "पुरूषार्थ की सिद्धि इसी से (ज्ञान) होती है। शब्द (वेद) यही बताते हैं।" अगले सूत्र में कहते हैं कि पूर्व मीमांसा के द्रष्टा आचार्य जैमिनि यह बात नहीं मानते। उनका मत है कि "ज्ञान को पुरूषार्थ बताना अर्थवाद है। पुरूषार्थ का साधन तो कर्म हैं। श्रेष्ठजनों के आचरण से यही सिद्ध होता है। छान्दोग्य उपनिषद में भी कर्म को ही पुरूषार्थ का साधन कहा गया है। कर्म कर्तव्य है।" (वही 2-7) 6 सूत्रों में जैमिनी के तर्क बताकर फिर वादरायण का मत है "श्रुति में कर्म की अपेक्षा विद्या की महत्ता है।" बड़ी मजेदार लेकिन उचित धारणा है कि विद्या कर्म का भाग नहीं है। अध्ययन कर्म भाग है-अध्ययन मात्रवतः।" (वही 3.4.12) बताते हैं कि "विद्या से कर्मो का (कर्मफल) पूरा नाश हो जाता है।" (3.4.16) वैदिक दर्शन में 'अक्षर' शब्द बहुत आया है। वृहदारण्यक उपनिषद् (3.8.7) में 'अक्षर' की विवेचना है। गार्गी ने याज्ञवल्क्य से पूछा "जो द्युलोक से ऊपर है, पृथ्वी से भी नीचे है। इन दोनो के बीच में भी है। जिसे भूत भविष्य और वर्तमान कहते हैं वह काल किसमे ओत प्रोत है?" याज्ञवल्क्य ने कहा-आकाश में। गार्गी ने पूछा, "वह आकाश किसमें ओतप्रोत है? याज्ञवल्क्य ने कहा "उसे ब्रह्मवेत्ता 'अक्षर' कहते हैं, यह न सूक्ष्म है, न लघु, न बड़ा, न लाल, न पीला।" ब्रह्मसूत्र (1.3.100) में अक्षर भी ब्रह्म है। सूत्र है "अक्षरम्बरांत धृते-अक्षर आकाश पर्यन्त सबको धारण करता है।" छान्दोग्य उपनिषद् में कहा गया "निश्चय ही सभी प्राणी आकाश से ही उत्पन्न होते हैं।" ब्रह्मसूत्र में आकाश भी ब्रह्म है। सृष्टि सृजन के संबंध में उपनिषदों में अनेक विचार हैं। छान्दोग्य उपनिषद् में तेज, जल और अन्न का क्रमिक विकास है। तैत्तिरीय उपनिषद में ब्रह्म से आकाश की उत्पत्ति है। फिर आकाश से वायु और वायु से तेज। लेकिन वृहदारण्यक उपनिषद में आकाश अमृत है। अमृत का जन्म नहीं होता, मरण भी नहीं होता। ब्रह्म सूत्र में सारी शंकाओं, मतों का विवेचन है। फिर ब्रह्म को ही जगत का कारण बताया गया है। दर्शन का सदुपयोग बौद्ध, जैन ने भी किया, लेकिन शंकराचार्य विरल हैं। उन्होंने राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता को परिपुष्ट किया।

# सिविक सेंस: समाज की प्रगति की आधारशिला

भारत एक विविधतापूर्ण और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश है, जहां सरकारें नागरिकों के लिए अनेक सुविधाएं प्रदान करती हैं। सड़कें, अस्पताल, स्कूल, पार्क, सार्वजनिक परिवहन और स्वच्छता व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं जनता के करों के पैसे से ही संचालित होती हैं। किंतु, इन सुविधाओं के प्रति हमारी उदासीनता और सार्वजनिक संपत्ति के विनाश की प्रवृत्ति देश के विकास में बाधक बन रही है। यह एक गंभीर विडंबना है कि हम सरकार से बेहतर सुविधाओं की मांग तो करते हैं, परंतु स्वयं एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने में पीछे रह जाते हैं। इसका मूल कारण है-सिविक सेंस की भारी कमी। भारत में आंदोलनों, धरनों और जुलूसों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करना एक आम बात हो गई है। बसों और ट्रेनों को आग के हवाले कर देना, सड़कों पर बैरिकेड्स तोड़ना, ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाना-ये सभी कार्य आम नागरिकों द्वारा ही किए जाते हैं। ये सुविधाएं हमारे अपने पैसे से बनती हैं, फिर भी हम उन्हें नष्ट करने में संकोच नहीं करते। ट्रेनों में बल्ब, पंखे, सीटें और यहां तक कि टॉयलेट फिटिंग्स भी चोरी हो जाती हैं। यात्रियों द्वारा ट्रेनों की दीवारों पर अश्लील लिखाई करना और शीशे तोड़ना आम बात है। यदि हम स्वयं ही अपनी संपत्ति को नष्ट करेंगे, तो सरकार चाहे कितनी भी सुविधाएं क्यों न बना दे, देश कभी विकसित नहीं हो पाएगा।


तपन कुमार
सहायक मीडिया प्रभारी एमजेपीआरयू, बरेली

यातायात अनुशासनहीनता-भारत में सड़क दुर्घटनाएं विश्व में सबसे अधिक होती हैं। इसका एक बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। लोग हेलमेट नहीं पहनते, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करते, गलत दिशा में वाहन चलाते हैं और ज़बरदस्ती ओवरटेक करने की कोशिश करते हैं। जब कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो लोग पीड़ित की मदद करने के बजाय मोबाइल से वीडियो बनाने लगते हैं। कई बार तो अस्पताल पहुंचाने में देरी के कारण जान चली जाती है। जाम में एम्बुलेंस के लिए रास्ता नहीं छोड़ा जाता, जिससे मरीज़ की जान जोखिम में पड़ जाती है। यदि हम थोड़ा सा भी सिविक सेंस दिखाएं, तो सैकड़ों जानें बचाई जा सकती हैं। साथ ही स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति उदासीनता-स्वच्छ भारत अभियान के बावजूद, हमारे शहरों और गांवों में कूड़े का ढेर लगा रहता है। लोग सड़कों पर थूकते हैं, प्लास्टिक फेंकते हैं और नालियों को गंदगी से भर देते हैं। हम सभी जानते हैं कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है, फिर भी हम इसे यहां-वहां फेंक देते हैं। सरकार लाखों पेड़ लगाती है, लेकिन लोग उनकी देखभाल नहीं करते। सफाई केवल सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं है। यदि हम स्वयं कूड़ा कूड़ेदान में डालें और दूसरों को भी प्रेरित करें, तो देश स्वच्छ बन सकता है। विद्यालयों और कॉलेजों में सिविक सेंस को एक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए। छात्रों को सार्वजनिक संपत्ति का महत्व, यातायात नियम, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। साथ ही सरकार और एनजीओ को मिलकर "सिविक सेंस मिशन" चलाना चाहिए। टीवी, सोशल मीडिया और होर्डिंग्स के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सकता है।

सिविक सेंस किसी भी विकसित राष्ट्र की नींव होती है। जापान, सिंगापुर और स्विट्ज़रलैंड जैसे देशों की प्रगति का रहस्य उनके नागरिकों का अनुशासन और सार्वजनिक जीवन के प्रति सम्मान है। यदि हम भी एक विकसित भारत का सपना देखते हैं, तो हमें अपने सिविक सेंस को सुधारना होगा।

# जब स्कूल बंद होते हैं, तो भविष्य चीखता है


नृपेन्द्र अभिषेक नृप
नई दिल्ली

> यह दुर्भाग्य नहीं, बल्कि सुनियोजित उपेक्षा है। यह वही शासन है जो चुनावी रैलियों में हज़ारों करोड़ बहा देता है, मगर शिक्षा के नाम पर तिजोरी के ताले कस लेता है।

शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है और विद्यालय उस भविष्य की प्रयोगशाला जहां सपनों को आकार मिलता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पांच हज़ार सरकारी स्कूलों को बंद करने का निर्णय केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक उपेक्षा का प्रतीक है। जब एक सरकार अपने राज्य के पांच हज़ार सरकारी विद्यालयों पर ताला डालने का निर्णय करती है, तो यह केवल ईंट-गारे की इमारतों का अंत नहीं होता, यह भविष्य की संभावनाओं, बच्चों के सपनों, और समाज के उजासपूर्ण कल की विधिवत शवयात्रा होती है। उत्तर प्रदेश सरकार का यह फैसला, जिसकी वजहें बड़ी नपे-तुले शब्दों में दी गई हैं-स्कूलों की जर्जर स्थिति, शिक्षा का गिरता स्तर, शिक्षकों की अनुपलब्धता, शहरीकरण, और निजी अंग्रेज़ी स्कूलों की ओर झुकता समाज, दरअसल हमारी सामाजिक चुप्पी और लोकतांत्रिक बेहोशी का नतीजा है।

आश्चर्य की बात यह नहीं कि स्कूल बंद किए जा रहे हैं, असली हैरत इस पर होनी चाहिए कि हम सब इतने निःशब्द क्यों हैं। यह निर्णय बताता है कि सरकार को अब यह कहने में भी संकोच नहीं कि हमें आपके बच्चों की शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। हमने आपकी मूलभूत ज़रूरतों को दरकिनार करना सीख लिया है, और आपको इसकी आदत भी डलवा दी है। क्या कोई भी सरकार इन समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती थी? जर्जर स्कूलों को मरम्मत करना, शिक्षकों की बहाली करना, संसाधनों का पुनर्वितरण करना और शिक्षा में गुणवत्ता का संचार करना, ये सब शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। परन्तु जब सत्ता यह सब करना ही न चाहे, तो बहाने बनाना और दोष दूसरों के सिर मढ़ना सहज हो जाता है।

यह दुर्भाग्य नहीं, बल्कि सुनियोजित उपेक्षा है। यह वही शासन है जो चुनावी रैलियों में हज़ारों करोड़ बहा देता है, मगर शिक्षा के नाम पर तिजोरी के ताले कस लेता है। उसका विश्वास उस मतदाता पर है, जो अस्पताल की बदहाली, स्कूल की वीरानी और रोजगार की क्षीणता के बावजूद वोट धर्म, जाति और भावनात्मक नारों के आधार पर देता है। शिक्षा से वंचित समाज सवाल नहीं करता। वह आंखें मूंदकर विश्वास करता है, जयकारे लगाता है और शत्रु गढ़कर अपना गुस्सा निकाल लेता है। सत्ता यही चाहती है, एक ऐसा समाज जो सोचता नहीं, केवल मानता है। धर्म, जो मनुष्य के भीतर नैतिकता और विवेक का संचार करता है, अब एक ऐसा उपकरण बन चुका है जिसे सत्ता जब चाहे घुमा देती है। धर्म की आड़ में शिक्षा की हत्या अब कोई नई बात नहीं रही। किसी को यह नहीं खटकता कि जिन बच्चों के हाथ में किताबें होनी चाहिए, वे धार्मिक रैलियों में झंडे थामे खड़े हैं। उनके माता-पिता इस भ्रम में हैं कि "धर्म की रक्षा" हो रही है, जबकि दरअसल उनके बच्चों के भविष्य की चिता जलाई जा रही है। एक शिक्षित समाज वह होता है जो प्रश्न करता है, तर्क करता है, आलोचना करता है और विकल्प तलाशता है। यह हर सत्ता के लिए चुनौती है। इसलिए शिक्षा में कटौती, स्कूलों का बंद होना, पाठ्यक्रम से विचारशील साहित्य और इतिहास का गायब हो जाना, ये सभी एक बड़े सोशल इंजीनियरिंग का हिस्सा हैं।

सरकारों को सवाल पूछने वाले नागरिक नहीं चाहिए। उन्हें जय-जयकार करने वाले, तथ्यों से दूर और भावनाओं के झूले में झूलते लोग चाहिए। इसलिए जब पांच हज़ार स्कूल बंद होते हैं, तो यह केवल ईंट-पत्थर का नुकसान नहीं, यह उस लोकतंत्र की चेतना का ह्रास है जहां सरकारें जवाबदेह होती थीं। हमारे चुप रहने का अर्थ केवल सहमति नहीं होता, यह एक तरह की सहभागिता है। जब हम इन घटनाओं पर उदासीन रहते हैं, तो हम उस अपराध में साझीदार बनते हैं जो हमारे बच्चों से उनका हक़ छीनता है। यह समझना जरूरी है कि लोकतंत्र केवल सरकार बनाने का माध्यम नहीं, सरकार को जवाबदेह बनाने का भी माध्यम है। अगर हम शिक्षा जैसे मुद्दों को चुनावी एजेंडे से बाहर कर देंगे, तो सरकारें भी उन्हें अपनी प्राथमिकता सूची से बाहर कर देंगी और फिर एक दिन ऐसा आएगा जब सरकारी स्कूल नहीं होंगे और शिक्षा केवल एक 'बिकाऊ उत्पाद' बनकर रह जाएगी, जिसकी कीमत केवल अमीर चुका सकेंगे। अब समय आ गया है कि हम धर्म, जाति, और भावनाओं के नारों से ऊपर उठें और उन प्रश्नों को सामने लाएं जो सचमुच हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं-शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार और गरिमा। वरना यह सिलसिला थमेगा नहीं। आज पांच हज़ार स्कूल बंद हुए हैं, कल शायद पांच लाख बच्चे शिक्षा से बाहर कर दिए जाएंगे। सवाल यह नहीं कि सरकार स्कूल क्यों बंद कर रही है, सवाल यह है कि हम अब भी चुप क्यों हैं? "क्योंकि जिन बच्चों को किताबें नहीं मिलतीं, वो कभी संविधान नहीं पढ़ते और जो संविधान नहीं पढ़ते, वो कभी सवाल नहीं करते।" यदि हम अब भी नहीं चेते, तो आने वाला कल हमें नहीं, हमारे बच्चों को अभिशाप देगा।

गांव, कस्बे और शहरों की गलियों में अगर स्कूलों के बंद दरवाज़े मौन खड़े हैं, तो यह मौन हमारी सामाजिक असफलता का प्रतीक है। ये दरवाज़े सिर्फ स्कूल के नहीं, अवसरों के, चेतना के और समभाव की संस्कृति के हैं। क्या हमने अपने बच्चों के भविष्य का सौदा इतनी आसानी से कर दिया है? क्या विकास केवल सड़कों और चमकते शहरों का नाम है? जब तक शिक्षा हर गली, हर टोले और हर बच्चे तक नहीं पहुंचेगी, तब तक कोई राष्ट्र उन्नत नहीं कहला सकता। शिक्षा को लेकर हमारी सामूहिक उदासीनता ही आज के संकट की जड़ है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि अगर हम आज नहीं बोले, तो आने वाली पीढ़ियां न केवल शिक्षाविहीन होंगी, बल्कि असहाय भी होंगी। यह केवल एक नीति की असफलता नहीं, यह नागरिक चेतना की पराजय है।

# दान का महत्व

हर धर्मों में दान का बहुत महत्व बताया गया है। जिसके चलते दान की परंपरा चली आ रही है, लेकिन दान किस तरह और किन लोगों को करना चाहिए, इस पर ध्यान कम दिया जाता है। धर्मस्थलों के बाहर चादर बिछाकर या कटोरा लेकर बैठे लोगों को कुछ रुपए पैसे देकर दान का कर्तव्य मान लिया जाता है। जबकि दान की यह सही तरीका नहीं है।


सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

सर्व प्रथम दान देने के लिए सुयोग्य पात्र की तलाश करनी चाहिए। ऐसा व्यक्ति जो जीवन में कुछ करना चाहता है और धन के अभाव में नहीं कर पा रहा है। ऐसे व्यक्ति को दान और मदद से वह खुद तो स्वावलंबी बनेगा, साथ में वह दूसरों को भी स्वावलंबी बनाएगा, जबकि धर्मस्थलों के बाहर बैठे भिखारी आजीवन भीख ही मांगते है। उनकी आदतें भीख मांगने की जो हो जाती है, वह जल्दी छूटती नहीं। इस संबंध में एक बोध कथा है कि कोई युवा भिखारी सड़क किनारे बैठकर भीख मांगा करता था। आते जाते लोग कुछ रुपए उसे दे देते थे। लेकिन किसी महात्मा से उसने भीख मांगी तो महात्मा जी पूछ बैठे, 'यहां बैठकर तुम भीख मांगते हो कि कहीं आते-जाते भी हो।' भिखारी बोला, 'कहीं जाता नहीं, यहीं बैठकर भीख मांगकर काम चलाता हैं।' 'महात्मा ने कहा, 'जब कहीं जाते नहीं तो तुम्हरा पैर बेकार का है। 10 हजार ले लो और बदले में पैर दे दो। इस पर भिखारी बोला, 'लेकिन पैर दे दूंगा तो नित्य क्रिया के लिए कैसे जाऊंगा'। महात्मा जी ने कहा, 'चलो, 20 हजार में एक हाथ दे दो।' भिखारी हाथ देने के लिए भी तैयार नहीं हुआ। महात्मा जी एक लाख में दोनों आखें जब मांगी तो तैश में आ गया भिखारी बोला, 'करोड़ रुपए देंगे तो एक शरीर का एक रोम (रोआ) दूंगा नहीं। चलिए आगे बढ़िए।' भिखारी के इस कथन पर महात्मा बोले, 'जिसके पास करोड़ों की संपत्ति है, वह भीख मांगे, यह भी उचित नहीं। महात्मा जी की वाणी उसके मन में लग गई और बोल पड़ा, 'अब भीख नहीं मांगूगा। उस दिन से भीख मांगना छोड़, वह अपने काम में लग गया।

दान के बारे मनीषियों ने तो यहां तक कहा कि दाहिना हाथ दान करे तो बाएं हाथ तक को खबर न लगे कि दाहिने हाथ ने दान किया है। दान का स्तर भी तय किया गया है। प्रथम उत्तम दान उसे कहा गया है कि जहां किसी काम के लिए धन की जरूरत हो तो दान दाता खुद दान के लिए आगे बढ़कर दान का प्रस्ताव करें। द्वितीय स्तर का दान वह है, जो दानदाता से मांगना पड़े। जबकि मांगने पर नाक-भौ सिकोड़ कर कोई दान करता है तो वह अधम किस्म का दान होता है। दान देने के बाद उसका प्रचार-प्रसार अहंकार का सूचक है। उत्तम किस्म का दान उसे ही माना जाता है नो सद कार्यो में लगा दिया जाए और उसका प्रचार प्रसार न किया जाए। प्रचार प्रसार का आशय तो यही निकलता है कि समाज में खूब वाहवाही हो।

# भावनाओं का सूचकांक

शेयर बाजार केवल धन का खेल नहीं यह भावना, आत्मस्वीकृति और पछतावे का भी मंच है। शेयर बाजार में भागीदारी महज़ संख्याओं, लाभ और हानि की गणना नहीं होती यह आत्मा की गहराइयों तक जाती एक यात्रा होती है। जहां निवेशक केवल धन नहीं, बल्कि भरोसा, समय और भावनाएं भी निवेश करता है।

इस यात्रा में हर निवेशक को कभी न कभी एक भाव जरूर छूता है। अफसोस, काश पहले आया होता हर नए निवेशक को शुरुआत में यही लगता है कि अगर वह कुछ साल पहले बाजार में आया होता तो अब तक काफी मुनाफा कमा चुका होता। सेंसेक्स और निफ्टी की पुरानी चालों को देखकर ऐसा लगता है जैसे बीते हर मौके पर वह चूक गया। यह अफसोस व्यक्ति को शुरुआत से ही पिछड़ेपन के भाव में डाल देता है। काश ज्यादा खरीदा होता -जब निवेश के तुरंत बाद शेयर का भाव ऊपर जाता है, तो सबसे पहला पछतावा यह होता है कि हमने थोड़े ही क्यों खरीदे? क्या होता अगर हम और खरीद लेते? यह लोभ का एक प्रारंभिक रूप है, जो निवेश के रोमांच में व्यक्ति को और जोखिम लेने को उकसाता है। काश नहीं खरीदा होता शेयर खरीदने के तुरंत बाद उसका मूल्य गिरना शुरू हो जाए तो निवेशक सोचता है-'ये मैंने क्यों खरीदा?' ऐसा लगता है जैसे खुद से या अपने निर्णय लेने की प्रक्रिया से विश्वास उठ गया हो। काश और नीचे खरीदा होता अगर किसी शेयर का मूल्य और नीचे गिरता है, तो व्यक्ति पछताता है कि जल्दबाज़ी में खरीद लिया। धैर्य रखता तो और सस्ते में मिल जाता। यह अफसोस व्यक्ति को अपनी समय-प्रबंधन क्षमता पर सवाल उठाने को मजबूर करता है।


राजीव सिंह
कानपुर

कभी-कभी दो शेयरों में से एक को चुनते हैं और दूसरा उड़ान भर जाता है। निवेशक बार-बार सोचता है, 'दूसरा चुनता तो कितना फायदा होता!' यह तुलना की भावना मानसिक अशांति का कारण बनती है। साथ ही अगर कोई शेयर बेचने के बाद उछाल मारता है, तो यही लगता है कि जल्दबाज़ी कर दी। जब शेयर बिकने के बाद गिरता है और हम केवल थोड़ी होल्डिंग निकाल पाते हैं, तो सोचते हैं-'पूरा क्यों नहीं बेच दिया?' यह अवसर गंवाने की पीड़ा में बदलता है।

साथ ही दूसरों की सलाह पर खरीदे गए शेयर अगर नुकसान में जाते हैं, तो व्यक्ति को लगता है-'मैंने क्यों सुना?' यह अफसोस निवेशक को आत्मनिर्भरता और स्वतंत्र निर्णय लेने की ओर धकेलता है। कई बार भावनाओं में आकर फैसले लिए जाते हैं-डर, लालच, या उत्साह में। बाद में पछतावा होता है कि थोड़ा सोच-समझ कर निर्णय लेते तो अच्छा होता। तकनीकी ज्ञान की कमी और बुनियादी विश्लेषण न करने का अफसोस व्यक्ति को सीखने की प्रेरणा तो देता है, लेकिन यह देर से आता है। समग्र बाजार की प्रकृति-इसके उतार-चढ़ाव, इसके चक्र, इसके संकेत-को न समझ पाने का पछतावा व्यक्ति को बार-बार भविष्य की रणनीति पर सोचने को मजबूर करता है। हर निवेश के साथ जुड़ा एक भाव होता है। चाहे वह लाभ हो या हानि-निवेशक की स्मृति में वह एक चिह्न छोड़ता है। यही चिह्न जब समझ, सुधार और संकल्प में बदलता है, तब अफसोस ज्ञान बन जाता है। 'भावनाओं का सूचकांक' यही सिखाता है कि बाजार केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, यह आत्ममंथन का अवसर भी है। हर अफसोस हमें सजग बनाता है। और हर सजग निवेशक एक बेहतर नागरिक बनाता है जो जिम्मेदार, धैर्यवान और दीर्घकालिक सोच रखता है।

# अंतरिक्ष में व्यापार, होटल और मुसाफिर


अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

> पिछली सदी में अंतरिक्ष के अन्वेषण के लिए इतने विशाल संसाधनों और पूंजी की जरूरत पड़ती थी कि महाशक्ति कहलाने वाले विकसित देशों के अलावा किसी और का इस क्षेत्र में दखल नहीं हो सकता था।

भारतीय वायुसेना के कैप्टन और लखनऊ निवासी अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने को मीडिया द्वारा देश के गौरव और उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। जैसा कि ऐसे अवसरों पर होता आया है। बेशक यह एक महत्वपूर्ण लेकिन रोमांचक अवसर है क्योंकि शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को संभावित वापसी से पहले वहां जो प्रयोग करेंगे, जानकारियां और अनुभव जुटाएंगे उनका उपयोग देश के गगनयान मिशन-2027 के लिए किया जाएगा।

भारत के गौरव को महसूस करते वक्त इस तथ्य को ध्यान में रखा जाना चाहिए कि 41 साल पहले स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा को भारत-रूस मैत्री के कारण अंतरिक्ष में भेजा गया था लेकिन इस बार भारत सरकार को एक निजी अमेरिकी स्पेस कंपनी, एक्जियम को 448 करोड़ रूपए या 65 मिलियन डॉलर देने पड़े हैं। इस रकम में कैप्टन शुक्ला की ट्रेनिंग, लांच, यात्रा, आवास और इंटरनेशल स्पेस स्टेशन (आइएसएस) पर शोध का खर्चा शामिल है।इस मिशन में भारत के साथ पोलैंड और हंगरी के भी दो यात्री हैं। इन देशों ने भी पहले सोवियत संघ की ही मदद से अंतरिक्षगामी होने की उपलब्धि पाई थी। यह परिवर्तन बताता है कि अंतरिक्ष का व्यासायीकरण हो चुका है और वहां की सपनीली यात्रा के मायने पूरी तरह बदल चुके हैं। लोगों को ट्रेनिंग देकर स्पेस में ले जाना, उन्हें होटल जैसे आइएसएस में किराए के एक कमरे में रखना और सुरक्षित वापस लाना अमेरिकी कंपनी एक्जियम का बिजनेस है। यह एक्जियम का चौथा मिशन है जिसकी तीन सीटों के लिए किराया लिया गया है। चौथी सीट पर इस मिशन में कमांडर की भूमिका निभा रही पेगी व्हिटसन गई हैं जो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री और कंपनी की एक कर्मचारी हैं। हर साल ऐसे दो मिशन एक्जियम की तरफ से भेजे जाने लगे हैं जिनमें किसी देश की कोई भूमिका नहीं होती है। जब अंतरिक्ष अन्वेषण के अनुंसधानों की शुरूआत हुई थी तो इस क्षेत्र में दो राजनीतिक-सामरिक महाशक्तियों रूस और अमेरिका दबदबा था अब चीन का अलग स्पेस स्टेशन है। शीतयुद्ध के दौरान 1969 में अपोलो के चांद पर उतरने को राष्ट्रीय गौरव, श्रेष्ठता और प्रतिद्वंदी को पछाड़ने के भाव से प्रचारित किया गया था लेकिन बीते कुछ दशकों में परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। अब निजी स्पेस कंपनियों की भागीदारी बढ़ती जा रही है जो जल्दी ही अंतरिक्ष पर वर्चस्व में बदलने की राह पर है। इन दिनों किसी राष्ट्र की नहीं तीन बड़े पूंजी निवेशकों की चर्चा है। पहले नंबर पर हैं एलोन मस्क जिनकी कंपनी स्पेस-एक्स का दावा मनुष्य को एक साथ कई ग्रहों पर बसने वाली प्रजाति बनाने का है। दूसरे हैं, ब्लू ओरिजिन्स के जेफ बेजोस जिनका दावा प्रदूषण फैलाने वाले भारी उद्योगों को पृथ्वी से उखाड़ कर अंतरिक्ष में पहुंचा देने का है। तीसरे निवेशक हैं विरजिन गैलेक्टिक के रिचर्ड ब्रैन्सन जिनका लक्ष्य अधिक से अधिक गैरपेशेवर एस्टोनॉट्स (जो किराया देने में सक्षम हों) को अंतरिक्ष में ले जाने का है। ऐसा क्यों और कैसे हुआ? इसे समझने की कोशिश करते हुए भारत के उन साधारण लोगों के चेहरे स्मृति में रखने की जरूरत है जिन्हें कुछ साल पहले हवा और पानी के व्यापार की बातों पर आश्चर्य और अविश्वास हुआ करता था। अब एक नई और कहीं अधिक हैरतअंगेज व्यापारिक दुनिया के दरवाजे उस अंतरिक्ष में खुलने जा रहे हैं। पिछली सदी में अंतरिक्ष के अन्वेषण के लिए इतने विशाल संसाधनों और पूंजी की जरूरत पड़ती थी कि महाशक्ति कहलाने वाले विकसित देशों के अलावा किसी और का इस क्षेत्र में दखल नहीं हो सकता था। इस बीच टेक्नोलॉजी का तेज विकास हुआ जिससे उपग्रहों के प्रक्षेपण की कीमत काफी कम हो गई। अब सस्ते और छोटे उपग्रह बनने लगे हैं जिन्हें मिनिएचर या क्यूब सैटेलाइट कहा जाता है जिनके दम पर कुछ विश्वविद्यालय भी अपने स्पेस मिशन लांच करने लगे हैं। कुछ दशक पहले यह कल्पना से परे की बात थी। इस दिशा में रियूजेबल रॉकेट टेक्नालॉजी (आरआरटी) सबसे प्रभावी खोज साबित हुई जिसमें स्पेस-एक्स अग्रणी है।

सैटेलाइट इंडस्ट्री एसोसिएशन की रिपोर्ट बताती है कि 2023 में व्यावसायिक उपग्रह उद्योग ने संचार, प्रेक्षण और अनुसंधान सेवाएं देकर 285 बिलियन डॉलर की कमाई की। अमेरिकी संसद ने 1984 में कामर्शियल स्पेस लांच एक्ट पास कर दिया था जिसके तहत सरकार निजी अभियानों की निगरानी कर सकती है लेकिन नियंत्रण प्राइवेट कंपनियों का होता है। अब इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) का निजीकरण किया जा चुका है। नासा खुद स्पेस-एक्स की साझेदारी में कार्मशियल क्रू प्रोग्राम संचालित कर रहा है जिसके तहत अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस स्टेशन तक ढोया और वापस लाया जाता है। 2008 की ग्लोबल मंदी में आइएसएस का खर्चीला रखरखाव अमेरिका के लिए समस्या बन गया था, इसे 2030 तक खत्म कर देने का प्रस्ताव लाया गया था लेकिन अब किराए पर दिए जाने वाले ऐसे पांच निजी स्टेशन बनाने की योजना पर काम चल रहा है। जल्दी ही अंतरिक्ष में भी वैसी ही व्यापारिक स्पर्धा और यात्रा के बाजार पर कब्जा करने की तिकड़में देखने को मिलेगी जो धरती के शेयर बाजारों में अक्सर नजर आती हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### स्कूटी की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**अमृत विचार, पीजीआई :** थाना क्षेत्र में स्कूटी की टक्कर से बुजुर्ग की मौत हो गई। डूडा कॉलोनी हैवतमऊ मवइया निवासी छन्नी लाल (78) ने तेलीबाग बाजार में जूता चप्पल मरम्मत की दुकान खोल रखा था। शुक्रवार की देर शाम लगभग 8 :30 बजे वह अपनी दुकान बंद कर रहे निकले ही थे। तेलीबाग की तरफ से स्कूटी सवार ने छन्नीलाल को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को ट्रामा सेंटर और फिर वहां से परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां शनिवार सुबह छन्नीलाल ने दम तोड़ दिया।

### रेलवे ट्रैक किनारे मिला युवक का शव

**अमृत विचार, पीजीआई :** थाना क्षेत्र के बिरुरा माधव खेड़ा गांव के पास शुक्रवार देर शाम रेलवे ट्रैक के किनारे युवक का शव मिला। शव कई दिन पुराना है। शिनाख्त नही हो पाई है।

### ट्रेन के आगे कूदकर ई-रिक्शा चालक ने दी जान

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद के ससपन में शनिवार को ई-रिक्शा चालक ज्ञानेंद्र पाल (32) ने ट्रेन के आगे कूद कर खुदकुशी कर ली। परिजन ने बताया शुक्रवार को ज्ञानेंद्र बाइक लेकर घर से निकले थे, लेकिन देर शाम वह बगैर बाइक के घर लौटे। घरवालों ने बाइक के बारे में पूछा, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया। शनिवार सुबह परिजन मवेशियों को चारा देने गए थे। इस बीच ज्ञानेंद्र पाल ने घर से निकलकर ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली।

# आवास विकास के खाली भूखंडों को बना दिया कूड़ा घर

## लायन एनवायरो की लापरवाही से वृंदावन योजना कॉलोनी बदहाल, घरों से कूड़ा उठाकर गाड़ियां खाली भूखंडों में रहीं डाल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ शिवरी प्लांट ले जाने से बचने के लिए इधर-उधर डाल रहे कूड़ा

**अमृत विचार :** नगर निगम के जोन 2, 5 व जोन-8 में सफाई और कूड़ा प्रबंधन में लायन इनवायरो सिक्योरिटी कंपनी लापरवाही बरत रही है। जोन-8 की वृंदावन योजना कालोनी में स्थिति ज्यादा खराब है। यहां सफाईकर्मी घरों से नियमित कूड़ा लेने नहीं आते हैं।

हफ्ते में एक या दो बार आते भी हैं तो घरों से कूड़ा आवास विकास के खाली भूखंडों में डाल देते हैं। कूड़ा शिवरी प्लांट ले जाने से बचने के लिए सफाईकर्मियों और कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों ने सेक्टर-9 स्थित आवास विकास के खाली भूखंडों को डम्पिंग यार्ड बना दिया है। मुख्य मार्गों की सफाई से लेकर डोर-टू-डोर कलेक्शन करने वाली गाड़ियां भी कूड़ा कालोनी में इधर-उधर फेंक गंदगी फैला रही हैं।

सेक्टर-8 में बने नगर निगम के पड़ाव घर के बाहर तक गंदगी का ढ़ेर लगा रहता है। इस पड़ाव घर के आस-पास शुक्रवार और सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। इस बाजार में हजारों लोग खरीदारी करने आते हैं। लॉयन इनवायरो की लापरवाही से पड़ाव घरों से तक कूड़ा नहीं उठ रहा है। लोग गंदगी और बदबू के बीच बाजार में खरीदारी करने को मजबूर हैं। इससे बीमारी फैलने का खतरा है।

जोन आठ के जोनल अधिकारी अजीत राय ने कहा कि खाली भूखंडों में कूड़ा डालने पर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नोटिस देने के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। पड़ाव घर से कूड़ा समय से उठे इसके लिए निर्देशित किया जाएगा।



वृंदावन योजना कॉलोनी के सेक्टर 9 में आवास विकास के खाली भूखंड में जमा कूड़ा। अमृत विचार

### मंदिर में पी शराब, रोकने पर पुजारी को पीटा

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम ढिकुन्नी स्थित तपस्वी बाबा आश्रम मन्दिर परिसर में कुछ लोगों ने शराब पी, मना करने पर मंदिर के पुजारी से मारपीट दिया। पुजारी की तहरीर पर पुलिस ने चारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है। पीड़ित साधु साधु हरिनाम उर्फ हरिदास ने बताया कि बुधवार को वह मन्दिर के काम से सण्डीला गया था। 11:30 बजे जब वह आश्रम लौटा तो देखा कि आश्रम परिसर में पड़े तख्त पर ढिकुन्नी निवासी जगदीश, मुन्ना, प्रभात उर्फ काजू और दिलीप शराब पी रहे थे। मना करने पर चारों लोगों ने गाली दिया और ईंटा पत्थर चलाते हुए मारा पीटा और जान से मार डालने की धमकी दिया है।

## माफिया घोषित अनुपम के भाई की संपत्ति कुर्क

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सवायजपुर क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी रहे फर्रुखाबाद निवासी अनुपम दुबे के भाई अमित की जमीन तहसील प्रशासन ने कुर्क कर ली। कुर्क की गई जमीन कीमत 33.27 लाख रुपये है। बताते चलें कि फर्रुखाबाद निवासी अनुपम दुबे 2017 के चुनाव में सवायजपुर क्षेत्र से चुनाव लड़े थे। कई वर्षों से वह जेल में हैं। उनके ऊपर माफिया सहित तमाम मामले दर्ज हैं। अनुपम दुबे के भाई अमित ने वर्ष 2019 में सवायजपुर में जमीन खरीदी थी। इस जमीन को कुर्क किए जाने के आदेश तीन अप्रैल 2025 को फर्रुखाबाद के डीएम ने दिए थे। उन्होंने हरदोई की जमीन कुर्क करने का पत्र डीएम को भेजा था।

## करंट लगने से छह वर्षीय बच्चे की मौत

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल में एक छह वर्षीय मासूम की खेलते समय करंट लगने से मृत्यु हो गई। कस्बे के मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल निवासी मोनिश मंसूरी का छह वर्षीय पुत्र अली मंसूरी उर्फ अयातुल घर में खेल रहा था। घर में लगे लोहे के कूलर में किसी तरह से करंट आ रहा था। खेलते समय अयातुल में कूलर पकड़ लिया था।

## डालीगंज मंदिर में तीर्थंकर जिनेन्द्र का किया अभिषेक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह आज

**अमृत विचार:** डालीगंज जैन मंदिर में शनिवार को जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के अध्यक्ष विनय कुमार जैन के मार्गदर्शन में तीर्थंकर जिनेन्द्र का अभिषेक, शांतिधारा और पूजन किया गया। भक्तों ने क्षेत्रपाल बाबा को चोला अर्पण किया।

मुनिराज आदीश सागर ने कहा कि जिनेन्द्र जी की भक्ति में अत्यंत शक्ति है। उन्होंने बताया कि आचार्य मांगतुंग स्वामी ने ऋषभदेव की स्तुति करते हुए भक्तामर स्तोत्र की रचना की तब भक्तामर स्तोत्र के प्रत्येक 48 श्लोक के साथ कारागार के 48 ताले स्वयं खुलते चले गए। उन्होंने बताया कि भक्तामर स्तोत्र का पाठ सच्चे मन से करने से सभी कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सभा अध्यक्ष विनय कुमार जैन, सभा के वरिष्ठ महामंत्री और चातुर्मास के मुख्य संयोजक सुबोध जैन जौहरी, वरिष्ठ मंत्री वीर कुमार जैन, मुख्य प्रबंधक वीर कुमार जैन (टिकैतनगर वाले), उप प्रबंधक पार्श्व कुमार, महिला मण्डल से बीना आदि मौजूद रहे।

मीडिया प्रभारी पार्श्व कुमार जैन ने बताया कि 13 जुलाई को सुबह 8:30 बजे जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के अध्यक्ष विनय कुमार जैन की अध्यक्षता में मुनिराज आदीश सागर के मार्गदर्शन में मुनिराज का 17वां चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह मनाया जाएगा। पार्श्व ने बताया कि मुनिराज ने वर्ष 2008 में वैराग्य धारण किया और आचार्य विनिश्चय सागर से दिगम्बर दीक्षा ली। चातुर्मास स्थापना के बाद जैन मुनिराज चार माह के लिए किसी अन्य शहर के लिए विहार नहीं करते हैं। चातुर्मास निष्ठापन दीपावली के अवसर पर महावीर निर्वाण पर होता है।

## सार-संक्षेप



राजा आनंद सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग।

### राजा आनंद सिंह को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** काल्विन ताल्लुकदार्स कॉलेज की प्रबन्ध समिति ने शनिवार को कालेज परिसर में संरक्षक एवं ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन (बीआईए) के अध्यक्ष राजा आनंद सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। आनंद सिंह का 7 जुलाई को लखनऊ कैसरबाग स्थित आवास मनकापुर हाउस में निधन हो गया था। कॉलेज प्रबन्ध समिति के सचिव मनीषवर्धन सिंह, पूर्व न्यायाधीश एस एन टंडन, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, विशुधेन्द्र प्रताप सिंह, विवेक सेठ, विनय सिंह, विशेष प्रताप सिंह (झारखण्ड), आइएससी विंग के प्रधानाचार्य एसएन सिंह, जूनियर विंग की संगीता चौहान, यूपी बोर्ड विंग की प्रधानाचार्य अनुपमा सिंह, केजीएमयू के प्रो. कृपाशंकर, पूर्व प्रधानाचार्य राकेश्वर सिंह, डी के सिंह चौहान आदि शामिल रहे।

### शांति, समभाव और एकता दिवस आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिद्ध शक्ति पीठ सत्य मंदिर और सत्यतीर्थ आश्रम भवानीपुर अनोरा कला में शांति, समभाव और एकता दिवस मनाया गया। आयोजन योगीराज अभिनव महाराज उपाध्यक्ष वाणी समिति एवं ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जन्मोत्सव के रूप में समाज को एकजुट करने, अंधविश्वास, जातिवाद और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए किया जाता है। अध्यक्षता आध्यात्मिक गुरु मां पूनम ने की। देशभर से आए साधक व सामाजिक कार्यकर्ता शामिलहुए।

### चारबाग स्टेशन पर पहुंचे आरएलडीए के इंजीनियर

**अमृत विचार, लखनऊ :** आरएलडीए के इंजीनियरों की टीम ने शनिवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पर सरकुलेटिंग एरिया में कॉन्कोर्स की नींव रखने सहित अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग स्टेशन के अपग्रेडेशन का काम रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) करा रहा है। अभी कॉन्कोर्स के लिए नींव डालने का काम चल रहा है। प्लेटफॉर्म नंबर चार व पांच पर ट्रैफिक ब्लॉक लेकर कार्य करवाए गए हैं। अब प्लेटफॉर्म नंबर दो व तीन पर भी ब्लॉक लेकर कार्य कराए जाएंगे। स्टेशन के मुख्य भवन के सामने सरकुलेटिंग एरिया में पार्किंग में भी निर्माण कार्य होंगे। निरीक्षण के दौरान इंजीनियरों ने सरकुलेटिंग एरिया में होने वाले निर्माण कार्यों को लेकर रेलवे अफसरों से विचार विमर्श किया।

### फिर आई बरसात मगर तुम न आए...

**अमृत विचार, लखनऊ :** भुशुण्डि साहित्य संस्था ने वर्षा ऋतु पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। फिर आई बरसात मगर तुम न आये, बीती सारी रात मगर तुम न आए। बरसात का मौसम भी क्या झूम कर आता है, पानी भरता कमर तक मीडिया नहीं आता है। और घर की मुर्गी दाल बराबर, बिगड़े जाते हाल बराबर, पानी आता नहीं नलों में बिल आता हर साल बराबर, थोड़ी सी बारिश में गड्ढा भर जाता है ताल बराबर। जैसी रचनाओं ने श्रोताओं के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। प्रख्यात हास्य कवि अनिल बांके की रचनाओं ने लोगों को मुग्ध कर दिया। क्यों तरसे हम तुम झमाझम बारिश में, प्रेम अंगन अब बुझे झमाझम बारिश में मौसम का हाल भी सुनने को मिला। भुशुण्डी साहित्य संस्थान ने राजेन्द्र नगर में कव्य गोष्ठी का आयोजन किया था। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे डॉ. दिनेश चन्द्र अवस्थी ने वर्षा ऋतु से तर दोहे सुना कर वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि केदारनाथ शुक्ल ने कहा कि हमको बरसात ने आने नहीं दिया, वादा तुम्हारा था निभाने नहीं दिया। वरिष्ठ कवि कमलेश मौर्य मृदु, प्रभात जी, डॉ. अशोक अज्ञानी, जावेद नसीम हैदराबादी, अखिल आनंद, अरविन्द झा और राही की रचनाएं लोगों ने खूब पसंदकीं।कवि गोष्ठी के अंत में गीतकार रवीन्द्र कुमार राजेश की धर्मपत्नी भजन गायिका पदमा सक्सेना और कवि आचार्य चन्द्रमौलि मिश्र के निधन पर कवियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### भरवारा रेलवे क्रॉसिंग पर जाम से लोग परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** भरवारा रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। स्कूल जाने वाले बच्चों, अस्पताल के मरीजों, कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों को रोज इस समस्या का सामन करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदार राम सहाय ने बताया सुबह-शाम भारी ट्रैफिक के कारण स्थानीय लोगों के बीच आपसी बहस और झगड़े तक की नौबत आ जाती है। स्थानीय निवासी कमल वर्मा ने बताया कि वर्ष 2023 में भरवारा रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था। लेकिन कुछ स्थानीय निवासियों द्वारा उचित मुआवज़ा न मिलने के कारण यह कार्य हाईकोर्ट के आदेश पर रोक दिया गया। उसके बाद से अब तक सिर्फ कागजों में ही कार्य हो रहा है और जमीनी स्तर पर कोई प्रगति नहीं हुई है। जिसका खामियाजा ये है कि सैकड़ों लोगों को रोज जाम में फंसकर भरना पड़ता है।

### अलीगंज निवासी बुजुर्ग मिला कोरोना संक्रमित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में 24 घंटे में कोरोना का एक और मरीज मिला है। मरीज को होम आइसोलेशन में रखा गया है। सीएमओ कार्यालय के अनुसार कोरोना का नया रोगी अलीगंज का रहने वाला 70 वर्षीय पुरुष है। मरीज होम आइसोलेशन में है। चिकित्सकों की निगरानी में इलाज किया जा रहा है। जनपद में अब तक कोरोना के कुल 91 रोगी मिल चुके हैं।

# बिल्डर ने पूजा करने से रोका तो आवंटियों ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार, गोसाईगंज

▶▶ बिल्डर पर क्लब हाउस की धनराशि हजम करने का आरोप

▶▶ पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर कराया शांत

**अमृत विचार:** सुशान्त गोल्फ सिटी स्थित चंद्रा पैनोरमा अपार्टमेंट में शनिवार को बिल्डर ने आवंटी को क्लब हाउस में पूजा करने से रोक दिया। इसके विरोध में आवंटियों ने बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर शांत कराया।

चंद्रा पैनोरमा के फ्लैट्स के आवंटियों का आरोप है कि बिल्डर आलोक चंद्रा ने आवंटियों से वर्ड क्लास का क्लब हाउस बनाने के नाम पर 7 करोड़ 3 लाख रुपये लिए है। इतनी बड़ी धनराशि से बेसमेंट के एक हिस्से को क्लब हाउस ही बना दिया गया है। बिल्डर ने क्लब हाउस का उपयोग करने के लिए पहले 11 हजार 800 रुपये जमा करने को कहा था। इसकी शिकायत आवंटी ने आरडब्ल्यूए की अध्यक्ष डिम्पी बजपेई से की। इसके बाद पदाधिकारियों व आवंटियों ने बिल्डर के प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस पर बिल्डर ने पुलिस बुला ली। डिम्पी बाजपेई का आरोप है कि बिल्डर ने वादे के अनुसार कोई काम नही किया है।

उनका आरोप है कि बिल्डर ने आवंटियों से लिए गए क्लब हाउस के रुपये हजम कर लिए। आवंटन के दौरान बताया था कि क्लब हाउस में वर्ड क्लास का होगा लेकिन बेसमेंट के एक हिस्से को क्लब हाउस बना दिया गया।

## रामलीला मैदान में शव दफन किए जाने पर हुआ हंगामा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पिहानी के रामलीला मैदान में रावण दहन स्थल में शव दफन किए जाने से तनाव फैल गया। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। इसका पता होते ही एसडीएम शाहाबाद, सीओ हरियावां पुलिस व राजस्व टीम के साथ वहां पहुंच गए। ग्रामीणों के हंगामे पर अधिकारियों ने कब्र खुदवा कर दफन किए गए शव को बाहर निकलवाया और उसे कब्रिस्तान में दफन कराया। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ।

पिहानी में नगर पालिका परिषद की जमीन है, जिस पर रामलीला मैदान बना हुआ है। साथ ही कुछ रसूखदारों ने कब्ज़ा भी कर रखा है। शनिवार को बखरिया निवासी एक वृद्धा का शव रामलीला मैदान में रावण दहन स्थल में दफन कर दिया गया। इसका पता होते ही रामलीला कमेटी के अभिषेक वैश्य, रिशु, बालकृष्ण गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, महामंत्री नीरज सिंह, विमलेश तिवारी व विनय गुप्ता आदि मौके पर पहुंचे।

मेला कमेटी के सदस्यों ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि एक समुदाय की तरफ से पहले भी रामलीला मैदान में शव दफन करने की कोशिश की जा चुकी है।

## फंदे पर लटकता मिला छात्र का शव

**अमृत विचार, उन्नाव:** कोतवाली के मिर्जापुर गांव निवासी अशोक का 14 वर्षीय पुत्र रोहित कक्षा 9 का छात्र था। बताते हैं कि शनिवार को परिजनों ने किसी बात को लेकर उसको फटकार लगा दी। दोपहर बाद घर मे मौजूद परिजनों को वह नजर नहीं आया तो तलाश की गई तभी कमरे में लोवर के नाड़े से लटकता हुआ उसका शव देख परिजन चीख पड़े। आनन-फानन उसे नीचे उतार डॉक्टर पास ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों ने बिना पोस्मार्टम कराए शव को अंतिम संस्कार कर दिया।

# मीटर बदलवाया, अब खुले तारों से बच्चों को बचाने में जुटे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी के कई क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ताओं को अब मीटर बदलवाना मुसीबत का सबब बन गया है। मीटर बदलने के बाद खुले पड़े तारों से अब बिजली उपभोक्ता अपने बच्चों को बचाने में जुटे है।

मीटर कर्मी घरों और ऑफिस में बनी सीढ़ियों के पास लगे मीटर के आसपास तारों को धड़ल्ले से खुला छोड़ रहे है। ऐसे में वहां से गुजरने वाले बच्चों, बुजुर्ग और महिलाओं के लिए यह खुले तार दुघटनाओं को दावत दे रहे है। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार मीटर को बदलने के बाद सभी सुरक्षा उपायों को सुनिश्वित किया जाता है। फिर भी अगर कोई कर्मचारी खुले तारों को छोड़कर जा रहा है, तो उसके खिलाफ शिकायत मिलने पर विभाग कार्रवाई कर जिम्मेदारी तय करता है। शहर के कई इलाकों में मीटर बदलवाने के बाद खुलें तार उपभोक्ताओं की समस्या बनते जा रहे है। उपभोक्ता इन खुले तारों से अब अपने बच्चों को बचाने में जुटे है। बिजली मीटर को बदलने के बाद खुले तारों को छोड़ना खतरनाक स्थिति को पैदा कर सकता है।

इसमें न केवल करंट लगने का खतरा होता है, शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना भी काफी बढ़ सकती है। इस संबंध में मुख्य अभियंता सिस गोमती रजत जुनेजा ने कहा कि मीटर बदलने के बाद अगर बिजली कर्मी तारों को खुले छोड़े, तो उसकी शिकायत तुरंत दर्ज कराए। फिर भी अगर समस्या का समाधान नहीं होता है, तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**केस-1 :** गोमतीनगर विस्तार सुलभ आवास योजना सेक्टर-1 निवासी अर्चना सिंह ने बताया कि घर का मीटर क्या बदलवाया, बिजली कर्मी तारों को ही खुला छोड़ कर चले गए। अब खुले इन बिजली के तारों से बच्चों को बचाने में जुटे है। बारिश के समय इन खुले तारों से हर समय दुर्घटना होने का भय हर समय बना रहता है। अधिकारियों, उपकेंद्र से लेकर मीटर विभाग में भी गुहार लगाई, लेकिन विभाग हादसा हो जाने के बाद ही जागने पर आमादा है।

**केस-2 :** सरोजनीनगर चंद्रावल निवासी रामसिंह ने बताया कि अचानक हुए हाई वोल्टज के बाद मीटर में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद शिकायत करने पर मीटर तो बदल दिया गया, लेकिन तारों को खुला छोड़कर बिजली कर्मी मौके से चले गए। ऐसे में सीढ़ियों के नीचे लगे खुले पड़े तारों से बच्चों महिलाओं और बुजुर्गों को बचाने में अधिक समय व्यतीत हो रहा है। निजी इलेक्ट्रिक मिस्त्री भी मीटर के आसपास के काम को विभागीय कर्मचारी से ही कराने की सलाह दे रहे है। कई बार अधिकारियों से शिकायत भी दर्ज करा चुके है। विभाग दुर्घटना होने का इंतजार कर रहा है।

### कैसे बरते सुरक्षा सावधानियां

- खुले तारों से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को दूर रखे, इनके लिए करंट बना सकता है जानलेवा
- इसके साथ ही पालतू जानवरों को भी खुलें तारों से दूर रखे
- इसकी जानकारी तुरंत विभाग को देने के साथ वहां की स्थिति से अवगत कराए


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26

CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted

## ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

## INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

## BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

## FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

## ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

## BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

## BIU COLLEGE OF MANAGEMENT

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

## FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# अखिलेश अहंकारी, राहुल को सत्ता वियोग : केशव मौर्य

मनकापुर, गोंडा

राजनीती

▶▶ मनकापुर पहुंचे डिप्टी सीएम ने विपक्ष पर बोला हमला

अमृत विचार : मनकापुर आए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर करारा हमला बोला। डिप्टी सीएम ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को अहंकारी स्वभाव का बताते हुए कहा कि उन्हें पिछड़ी जाति का कोई दूसरा नेता हजम नहीं होता। वहीं कांग्रेस के राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए श्री मौर्य ने कहा कि राहुल को सत्ता वियोग हो गया है। राहुल अब बस विरासत की सियासत कर रहे है। डिप्टी सीएम ने दावा किया कि भाजपा की विजय यात्रा 2047 तक जारी रहेगी। तब तक विपक्षी दलों के लिए दरवाजे बंद हैं।

शनिवार को यहां पूर्व मंत्री कुंवर आनंद सिंह को श्रद्धांजलि देने के बाद ब्लॉक सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में डिप्टी सीएम ने राहुल गांधी, अखिलेश यादव और विपक्ष पर निशाना साधा। केशव ने कहा कि 2027 में भाजपा 2017 का इतिहास दोहराएगी। भाजपा को फिर से प्रचंड बहुमत मिलेगा। विपक्ष का वही हश्र होगा जो 2017 में हुआ था। सपा को लेकर बोले कि मुलायम सिंह के जाने के बाद सपा अपना सर्वोच्च पा चुकी है। अब सपा, बसपा और कांग्रेस मिलकर भी कुछ न कर पायेंगे। हरियाणा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों के चुनाव में विपक्ष का जो हाल हुआ वही आगे भी होगा। भाजपा की यह विजय यात्रा 2047 तक जारी रहेगी। प्रदेश और देश में यह विजय रथ चलता रहेगा। भारत आर्थिक महाशक्ति बन चुका है और अब सामरिक महाशक्ति बनने की ओर है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने संदेश दे दिया है। कहा कि अखिलेश यादव को मुझसे डर लगता है। ओबीसी का नेता होने के नाते उनको डर है। पिछड़े वर्ग का कोई और नेता वो बर्दाश्त ही नहीं करते। अखिलेश यादव अहंकारी स्वभाव के हैं। अखिलेश के फर्जी पीडीए की हवा निकल चुकी है। इतिहास के पन्ने खोलिए उनका स्तर बहुत निम्न है। वहीं छांगुर बाबा पर कहा कि ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई हो रही है। हर एक चीज का पता लगाया जायेगा। समाज को तोड़ने वाली कोई घटना बर्दाश्त नहीं होगी। पुलिस और समाज अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। गलत काम अब उत्तर प्रदेश में नहीं होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को सत्ता वियोग हो गया है।

राहुल अब बस विरासत की सियासत कर रहे है। उनको एक रोग लगा हुआ है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर उनको जो बोलना है नहीं बोलते। झूठ के आधार पर वे 99 तक पहुंच गए अब अर्धशतक भी न पूरा होगा। 2047 तक इन लोगों के लिए दरवाजे बंद हैं।



दिवंगत राजा आनंद सिंह को श्रद्धांजलि देते केशव प्रसाद मौर्य।

## मनकापुर पहुंचे डिप्टी सीएम ने राजा आनंद सिंह को दी श्रद्धांजलि

**मनकापुर, अमृत विचार :** मनकापुर रियासत के राजा कुंवर आनंद सिंह के निधन पर शोक संवेदनाओं का सिलसिला जारी है। सीएम योगी और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के बाद प्रदेश के दूसरे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को मनकापुर कोट पहुंचे और दिवंगत महराज को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह व उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। चार बार सांसद, विधायक व प्रदेश के कृषि मंत्री रहे मनकापुर के राजा कुंवर आनंद सिंह का 7 जुलाई को निधन हो गया था।

## .... तो हजारों छांगुर बाबा यहां पैदा हो गये होते

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले में एक कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने यहां एक सवाल के जवाब में धर्मांतरण को लेकर चर्चा में आए पड़ोसी जनपद बलरामपुर के छांगुर बाबा पर बोलते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि जनता ने अगर कमल के फूल का बटन दबाकर भाजपा की सरकार ना बनाई होती तो प्रदेश में हजारों छांगुर बाबा पैदा हो गये होते। उन्होंने कहा कि यूपी में अपराध करके आप बच नहीं सकते हैं भाषा को लेकर महाराष्ट्र में की जाने वाली मारपीट को गलत बताते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि फडनवीश सरकार इसे गलत बताते हुए इस पर सार्थक कदम उठा रही है उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र से ऊद्धव ठाकरे की राजनीति खत्म हो चुकी है।

## 2047 तक सत्ता के लिए तड़पते रहेंगे अखिलेश यादवः डिप्टी सीएम

**बहराइच, अमृत विचार।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के गुंडा और माफियाराज को जनता पूरी तरह नकार चुकी है अखिलेश यादव सत्ता के ठीक उसी तरह तड़पेंगे जैसे उनके गुंडे और माफिया तड़प रहे हैं और उनकी यह तड़प अगले 2047 तक बरकरार रहेगी। इससे पहले वह किसी भी रूप में सत्ता में नहीं आ सकेंगे चाहे इसके लिए वह कांग्रेस व बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ें या सपा अकेले चुनाव लड़े। डिप्टी सीएम मौर्य पूर्व मंत्री व सदर विधायक अनुपमा जायसवाल की सासू मां की बीते दिनों हुए निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पर पहुंचे थे इस दौरान उनके आवास पर पत्रकारों से मुखातिब डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा आज दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यकों की बात करती है लेकिन जब यह सत्ता में थे तब इनको भूल चुके थे उस समय इनको केवल गुंडों, माफियाओं का संरक्षण व तुष्टिकरण की राजनीति करना ही याद रहा।

## एक नजर

### विदेश भेजने के नाम पर कई युवकों से 6 लाख रुपये ठगे

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से 6 .22 लाख की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित को फर्जी वीजा थमाकर रकम ऐंठी गई और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। प्रतापगंज थाना दरियाबाद निवासी अली हसन ने आरोप लगाया है कि मो. जुबे व उसकी पत्नी शाहरून निशा, निवासी थाना देवा ने खुद को एजेंट बताकर भरोसा दिलाया। उन्होंने अली हसन को यह विश्वास दिलाया कि वे विदेश में नौकरी दिला देंगे। झांसे में आकर अली हसन के साथ मो. सुफियान, रामकिशोर, विशाल और राजकुमार ने कुल मिलाकर 6,22,000 रुपये जुबेर व शाहरून निशा को दिए। जुबेर ने फर्जी टूरिस्ट वीजा थमा दिया। जब अली हसन ने पैसे वापस मांगे तो जुबेर और शाहरून ने जान से मारने की धमकी दी। प्रकरण को साइबर सेल को जांच हेतु भेज दिया गया है।

### विपक्षी के पक्ष में आदेश से आहत किसान ने खाया जहर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भूमि विवाद में विपक्षी के पक्ष में आदेश से आहत किसान ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। एसडीएम के निर्देश पर इलाज के लिए किसान को अस्पताल भिजवाया गया। प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। मामला थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम परसा का है। लल्लाराम व उनके भाइयों का भूमि विवाद गूना उर्फ शीतलदेई निवासी ग्राम गुलवरिया थाना करनैलगंज, गोंडा से तहसीलदार न्यायालय सिरौलीगौसपुर में विचाराधीन था। यह वाद पूर्व के एक आदेश के विरुद्ध अपील के रूप में दायर किया गया था। प्रकरण की सुनवाई कर रहीं तहसीलदार महिमा मिश्रा को रामसनेहीघाट से सिरौलीगौसपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। 9 जुलाई को सुनवाई के बाद मामले में 11 जुलाई को आदेश सुरक्षित किया गया तथा 14 जुलाई की तारीख प्रतीक्षा नोटिस के साथ तय की गई। लेकिन 11 जुलाई को ही नए तहसीलदार के कार्यभार ग्रहण करने के दिन ही पूर्व प्रभारी तहसीलदार महिमा मिश्रा ने आदेश पारित कर दिया, जिससे वादी पक्ष को असमय आदेश की सूचना मिली। बताया जा रहा कि विपक्ष के पक्ष में आदेश पारित होने से आहत लल्लाराम ने रात में जहरीला पदार्थ खा लिया।

# बाराबंकी: 4 जोन व 9 सेक्टर में बंटा मेला जोन

## लोधेश्वर महादेवा में सावन मेले की तैयारियों का डीएम और एसपी ने लिया जायजा

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा में सावन मेले की तैयारियों को लेकर महादेवा ऑडिटोरियम में बैठक के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए। मेला क्षेत्र को 4 जोन और 9 सेक्टर में विभाजित किया गया है।

एसडीएम और सीओ को इनकी व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीसीटीवी निगरानी, स्नान घाट, मंदिर प्रवेश-निकास द्वार, आपातकालीन सेवाएं और खोया-पाया केंद्र की व्यवस्था की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि मंदिर में भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। लाइन में स्टॉपर लगाए जाएंगे। आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तुरंत सहायता प्रदान करने की व्यवस्था रहेगी। पार्किंग व्यवस्था में छोटे और बड़े वाहनों के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत मोटरसाइकिल दस्ता और पीआरवी के साथ पुलिस लगातार गश्त करेगी। अधिकारियों को आपातकालीन स्थिति के लिए सीएचसी और पीएचसी की जानकारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी सहित मेला से संबंधित सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। डीएम शशांक त्रिपाठी और एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने शनिवार को लोधेश्वर महादेव मंदिर में सावन मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया। संस्कृत पाठशाला में स्थापित मेला कंट्रोल रूम और सीसीटीवी कैमरों का भी जायजा लिया गया। वाहन पार्किंग और स्नान घाटों की व्यवस्था भी देखी गई। दोनों अधिकारियों ने महादेव का जलाभिषेक कर विश्व कल्याण की कामना की। इस दौरान सीएमओ, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद त्रिपाठी, एसडीएम विवेकशील यादव, सीओ गरिमा पंत, थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।



मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

### औसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर का निरीक्षण

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** औसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर और स्नान घाट का शनिवार को एडिशनल एसपी, एसडीएम और सीओ ने संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। सावन मेला के दृष्टिगत राजस्व टीम और मेला कमेटी के साथ अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर में जलाभिषेक हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता और भीड़ प्रबंधन से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। औसानेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरी, राजस्व कर्मी, और मेला आयोजन से जुड़े अन्य प्रमुख लोग इस मौके पर उपस्थित रहे। अधिकारियों ने समिति के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला अवधि में श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो, इसके लिए समयबद्ध ढंग से समस्त तैयारियां सुनिश्चित की जाएं।

# सीएम योगी गुरु भाई हैं, उनसे कोई अनबन नहीं : बृजभूषण



बृजभूषण शरण सिंह, पूर्व सांसद।

▶▶ मुख्यमंत्री से अपने संबंधों पर पूर्व सांसद ने शायराना अंदाज में रखी अपनी बात

**गोंडा, अमृत विचारः** कई मौकों पर प्रदेश सरकार की आलोचना करने वाले पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने सीएम योगी से अपने संबंधों को लेकर बात रखी है। एक निजी चैनल से बातचीत करते हुए पूर्व सांसद ने कहा सीएम योगी आदरणीय हैं और उनके गुरुभाई हैं। उनसे कोई अनबन नहीं है। बस अभी उनका समय खराब चल रहा है। समय आयेगा तो फिर मिलेंगे।

गौरतलब है कि पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह कई मौकों पर प्रदेश सरकार की आलोचना कर चुके हैं। चाहे वह बाढ़ का मामला रहा हो या फिर कोई अन्य मसला। वह सार्वजनिक रूप से प्रदेश सरकार की आलोचना करते रहे हैं। योगी सरकार के बुलडोजर नीति की भी पूर्व सांसद गलत ठहरा चुके हैं। सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी दोनों नेता एक दूसरे के साथ मंच साझा करने से बचते रहे हैं। हालांकि अब पूर्व सांसद ने सीएम योगी को आदरणीय और गुरू भाई बताया है। एक निजी चैनल से बात करते हुए पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि सीएम योगी के गुरू उन्हें बहुत मानते थे। योगी आदित्यनाथ से भी उनकी कोई अनबन वहीं है। उनका कोई काम होता है तो करण भूषण या प्रतीक सीएम को बता देते हैं उनका काम हो जाता है।

पूर्व सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री उनके दोनों बेटों प्रतीक और करण को बहुत मानते हैं। करण को ज्यादा मानते हैं। नाती भी सीएम योगी से मिलने जाते हैं। हालांकि उनका समय अभी खराब चल रहा है। अच्छा समय आयेगा तो वह भी सीएम से मिलेंगे। सीएम से उनका पारिवारिक रिश्ता है। इस बयान के बाद सीएम योगी से उनके रिश्तों में नरमी आने की उम्मीद है।

## घर से भाग रहे प्रेमी युगल को ग्रामीणों ने पकड़ा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक गांव की एक किशोरी अपने प्रेमी संग बाइक से भाग रही थी। इसी बीच, बाइक हादसे का शिकार हो गयी। ग्रामीणों ने युवक की पिटाई कर उसे पुलिस को सौंप दिया। किशोरी रात में घरवालों को शौच जाने का बहाना बनाकर गांव के बाहर पहुंची, जहां पहले से उसका प्रेमी बाइक लेकर उसका इंतजार कर रहा था। दोनों बेलहरा की ओर जाने लगे। इसी बीच, ईंट भट्टे से काम करके लौट रहे युवती के भाई ने उन्हें देख लिया।

# बाराबंकी में बनेगी प्रदेश की पहली सोलर पैनल फैक्ट्री



भूमि पूजन के दौरान श्रमिकों का सम्मान करते कैप्टन राजेश कुमार तिवारी।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रदेश का पहला ऐसा जिला बनने जा रहा है जहां सोलर पैनल की मैनुफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की जा रही है। टू पॉवर लिमिटेड कंपनी द्वारा कुर्सी के बहरौली गांव में इस प्लांट की नींव रखी गई। कंपनी ने एक माह पूर्व इन्वेस्ट यूपी के साथ 70 करोड़ रुपये का एमओयू साइन किया था। एक सादे समारोह में भूमि पूजन संपन्न हुआ, जिसमें देव पूजन के साथ निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों का भी सम्मान किया गया। यह संयंत्र एक गीगावॉट क्षमता के सोलर पैनलों का वार्षिक उत्पादन करेगा और इसकी स्थापना पर करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसके माध्यम से 250 से 300 स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर कंपनी के सीएमडी कैप्टन राजेश कुमार तिवारी, एमडी हरिओम तिवारी, डायरेक्टर शिव ओम तिवारी तथा अन्य पारिवारिक सदस्य मौजूद रहे। कंपनी पहले भी बाराबंकी में 40 करोड़ का निवेश कर चुकी है और देशभर में इसकी 28 शाखाएं व 4 उत्पादन इकाइयां हैं। निदेशकों ने बताया कि पीएम मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की हैं। टू पॉवर लि. ने प्रदेश सरकार व इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से इस संयंत्र की स्थापना का संकल्प लिया है। कंपनी ने विश्वास जताया कि सरकार जल्द ही बिजली कनेक्शन, 900 मीटर सड़क और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

## छांगुर बाबा की करीबी नीतू के मकान के पास मिलीं धार्मिक किताबें

**बलरामपुर, अमृत विचार।** उतरौला कस्बे के निकट मधपुर गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की सहयोगिनी नीतू की कोठी के पीछे स्थित मजार के पास एक गड्ढे में कई धार्मिक पुस्तकें मिलीं। यह गड्ढा नीतू के घर के पिछले गेट से लगभग 50 मीटर की दूरी पर स्थित है। आशंका यह भी जताई जा रही है कि कही छांगुर बाबा के सहयोगियों अथवा किसी अन्य के द्वारा तो नहीं फेंका गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गंदे पानी से भरे गड्ढे में कपड़ों के साथ लगभग एक दर्जन धार्मिक पुस्तकें उतराती दिखाई दीं। यह वही मजार है जहां साल में दो बार उर्स का आयोजन होता है और बड़ी संख्या में लोग आस्था से आते हैं। स्थानीय लोगों और ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बन गया है कि आखिर धार्मिक पुस्तकों को इस तरह क्यों फेंका गया। चांद औलिया शाह अली बाबा मजार समिति की ओर से सफाई देते हुए कहा गया कि इन किताबों को इसलिए अलग गड्ढे में डाला गया ताकि वे किसी के पैरों के नीचे न आएं।

# दुष्कर्म के बाद धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की सहआरोपी युवती गिरफ्तार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती के साथ समुदाय विशेष के युवक ने धोखे से घर बुलाकर तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया। आरोपी ने अश्लील वीडियो बनाकर कर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद धर्म परिवर्तन कर साथ रहने की दबाव बनाया। धोखे से घर बुलाने व दुष्कर्म करने में आरोपी का साथ उसकी रिश्ते की बहन और पीड़िता की सहेली ने दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया है, लव जिहाद के मुख्य आरोपी को पुलिस तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी एक युवती पिहानी में आईटीआई की छात्रा थी। पढ़ाई के दौरान पीड़िता की दोस्ती पिहानी थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोहानी निवासी रीना बानो पुत्री हफीजुल्ला से हो गई। आरोप है कि एक दिन रीना बानो पीड़िता को बुलाकर अपने घर ले गई। जहां उसका रिश्ता का भाई इलाहाबाद निवासी हैदर पहले से मौजूद था। कमरे में बातचीत दौरान ही रीना बानो चाय बनाने के लिए बाहर चली गई और जाते समय अपने रिश्तेदार भाई और पीड़िता को कमरे में बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को तमंचा दिखाकर धराया धमकाया और जबरन दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता के अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए।



पकड़ी गई आरोपी युवती।

▶▶ मुख्य आरोपी की तलाश जारी, तमंचा के बल पर दुष्कर्म कर बनाए अश्लील फोटो व वीडियो

▶▶ पकड़ी गई युवती ने दोस्ती कर पीड़िता को घर ले जाकर रिश्ते के भाई को सौंप दिया

## खेत में दवा छिड़कते समय युवक की मौत

**करनैलगंज, गोंडा :** कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम गोनवा के मजरा कुर्मिनपुरवा में शनिवार को खेत में दवा छिड़काव कर रहा युवक अचानक गिर पड़ा। शेरबहादुर का 18 वर्षीय पुत्र सचिन खेत में फसलों पर दवा छिड़क रहा था, तभी अचानक वह जमीन पर गिर पड़ा। खेत के आसपास मौजूद लोगों ने उसे बेहोश पड़ा देखा तो तत्काल परिजनों को सूचना दी और अस्पताल पहुंचाया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।


## वर्ग पहेली-30

**बाएं से दाएं**

1. 1. युग के अनुकूल, समय के अनुसार 2. प्रासंगिक।
5. 1. चिट्ठी-पत्री या हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी, मुहर्रिर 2. लिपिक, लेखक।
8. मछली पकड़ने का जाल।
9. 1. बच्चों द्वारा नकियाकर धीरे-धीरे रोने की आवाज़ 2. अस्पष्ट स्वर में ठहर-ठहरकर रोने की ध्वनि।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. दूसरों के साथ किया जाने वाला छल या कपट ; धोखा ; धूर्तता 2. हल का फाल 3. वेणी, कबरी, जूड़ा 4. बाहर की ओर निकला हुआ भाग, उठान, उभार।
3. जिसकी सिंचाई हो चुकी हो, सींचा हुआ।
4. छुनन-मुनन।
6. श्येनपक्षी, बाज़।
7. नौकर, सेवा करने वाला।



### वर्ग पहेली -29 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ना | जी | ■ | 2 हैं | 3 स | न | ■ |
| ■ | ■ | 4 खु | ■ | ह | ■ | 5 गं |
| 6 ऐ | ■ | ट | ■ | यो | ■ | धा |
| 7 लो | को | प | यो | गी | ■ | ना |
| पे | ■ | न | ■ | ■ | 8 नि | ■ |
| थ | ■ | ■ | 9 घा | ■ | ढा | ■ |
| ■ | ■ | 10 अ | न | सु | ल | झी |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जुलाई, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया-14 जुलाई 01.02 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** — आज आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आपको किसी कारण यात्रा करनी पड़ सकती है। भाई-बहन को लेकर परेशानियां दूर होंगी। अति आत्मविश्वास में आकर काम करने से बचें। मित्रों से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा।

**वृष** — आज आप कुछ बारीक गलतियां कर सकते हैं इससे आपको बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। आपको सभ्य भाषा का प्रयोग करना चाहिए। पर्यटन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। दूसरों के मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**मिथुन** — आज आपको कारोबार में नए तरीकों के प्रयोग से बचना चाहिए। सोशल मीडिया के माध्यम से आपको नए मित्र मिल सकते हैं। आपके विरोधी भी आपका सम्मान करेंगे। अधिक सोच-विचार न करें। परिवार के साथ खरीदारी के लिए जा सकते हैं।

**कर्क** — आज आपके व्यवहार में कुछ सकारात्मक परिवर्तन होंगे जिससे आपके परिजन अत्यंत प्रसन्न होंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। शाम के समय थकान और सिरदर्द का अनुभव कर सकते हैं।

**सिंह** — आज अधिकारी वर्ग से अधिक बहस न करें। मेडिकल विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्य को लेकर अत्यंत सजग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों को लेकर तनाव में हो सकते हैं।

**कन्या** — आज आपके सामने अचानक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। गूढ़ विद्याओं को सीखने के प्रति इच्छा जागृत होगी। एलर्जी और गर्मी को लेकर परेशानी होगी। आय को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। वाहन में कुछ खराबी आ सकती है।

**तुला** — आज माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। दापंत्य संबंधों में अविश्वास की भावना न आने दें। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर काफी ध्यान देना चाहिये। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। कार्यक्षेत्र में मन नहीं लगेगा।

**वृश्चिक** — आज दिन उमंग और उत्साह से भरपूर रहेगा। धन के कारण जो काम लम्बित थे वे आज पुन: प्रारम्भ होने की संभावना है। परिवार के सदस्य आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नव विवाहित जोड़े यात्रा के लिए जा सकते हैं।

**धनु** — आज आपको छोटे भाई बहनों को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने की संभावना है। विवादित मामलों का समाधान मिलने की संभावना बन रही है। छोटी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। कानूनी मामलों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — आज आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। आपका मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं। नकदी की समस्या हल हो सकती है। नया रोजगार आरंभ करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज किसी को उधार धन न दें। रुका हुआ धन आपको वापस मिलने में समस्या होगी। अत्यधिक वाचालता और क्रोध के कारण आपके संबंध प्रभावित होंगे। इंश्योरेंस में आप धन का निवेश कर सकते हैं। जोड़ों और घुटनों में दर्द की समस्या हो सकती है।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए शुभ फलप्रदायक होने वाला है। प्रतिद्वन्दी आपके सामने परास्त हो सकते हैं। परिवार की किसी समस्या का समाधान मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करते हुए कोई बड़ा काम कर सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-श्रवण 06.53 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

## सुडोकू -37

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | 5 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 7 | 3 | 1 | 8 | |
| 6 | | | | 8 | | | 4 | |
| | 5 | | | 2 | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | | | 6 | |
| | 1 | | | 5 | | | | 2 |
| | 6 | 9 | 4 | 3 | | | 7 | |
| | | 3 | | | 8 | 4 | | 1 |

### सुडोकू - 36 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 |
| 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 3 | 1 | 5 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 |

## एक नजर

### धोखाधड़ी मामले में 681 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली :** दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम से संचालित रामप्रस्थ रियल एस्टेट समूह की 1,900 एकड़ से अधिक भूमि पर फैली 680 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कॉलोनियों और भूखंडों को घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में कुर्क किया गया है। ईडी ने कहा कि रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और समूह की अन्य कंपनियों के खिलाफ एक मामले में पीएमएलए के तहत अंतिम आदेश जारी किया गया है। कुर्क संपत्तियों में गुरुग्राम के सेक्टर 37डी, सेक्टर 92 और 95 में 226 एकड़ की रामप्रस्थ सिटी की भूखंड आवंटन के आधार पर बसाई कॉलोनियों और गुरुग्राम के बसई, गडोली कलां, हयातपुर और वजीपुर में 1,700 एकड़ के भूखंड शामिल हैं।

### मिजोरम : 112.40 करोड़ की मेथ गोलियां जब्त

**आइजोल :** असम राइफल्स के जवानों ने म्यांमा सीमा के पास मिजोरम के चम्फाई जिले से 112.40 करोड़ रुपये मूल्य की मेथ गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की है। अर्द्धसैनिक बल द्वारा शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। मेथाम्फेटामाइन एक प्रकार की उत्तेजक दवा है जिसका दुरुपयोग अक्सर नशा करने के लिए किया जाता है। बयान के अनुसार, शुक्रवार को गश्त के दौरान असम राइफल्स के जवानों ने दो व्यक्तियों को म्यांमा सीमा के निकट जोखावथर गांव में एक थैला ले जाते हुए देखा।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार 3 युवकों की मौत

## मुख्यमंत्री ने घटना का लिया संज्ञान, परिजनों के प्रति व्यक्त की संवेदना

**मेरठ, एजेंसी**

मेरठ जिले में शनिवार सुबह रोहटा ब्लॉक के पास ईंटों से लदे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायल व्यक्ति के समुचित उपचार की व्यवस्था करने का अधिकारियों को निर्देश दिया।

यह हादसा उस वक्त हुआ जब तीन युवक एक बाइक पर सवार होकर मेरठ से बड़ौत की ओर जा रहे थे और रास्ते में उनकी बाइक ईंटों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह 7 बजे रोहटा ब्लॉक के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार बाइक अचानक फिसल गई और ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली भी पलट गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान शहजाद (18), अरशद (19) और रहीसुद्दीन उर्फ रोजू (18) के रूप में हुई है जबकि घायल व्यक्ति की पहचान रजनीश के रूप में हुई है। पुलिस में मामले की जांच कर रही है।


हादसे के बाद घटनास्थल पर पलटा पड़ा ट्रैक्टर।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत

**भदोही, एजेंसी :** जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में शनिवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहीं दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गईं। जिले के औराई थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राम सरीख गौतम ने बताया कि पहली घटना थाना क्षेत्र के समधा खास में दोपहर को हुई, जब एक ही परिवार की सुधना देवी (55), रीतादेवी (42) और रीता की बेटी अंतिमा (18) खेत में काम कर रहीं थीं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से तीनों उसकी चपेट में आ गईं, जिससे सुधना देवी की खेत में ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य झुलस गईं। एसएचओ ने बताया कि दूसरी घटना औराई थाना क्षेत्र के ही हथियाडीह गांव में हुई। सोनम सरोज (19) और उसकी चचेरी बहन संध्या सरोज (20) भी खेत में आकाशीय बिजली गिरने से झुलस गईं। सोनम सरोज की मौके पर ही मौत हो गई। गौतम ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है जबकि झुलसी तीनों महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। एसएचओ ने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई पूरी की जा रही है।

### जल्द शुरू होंगे बदायूं, जालौन और सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** बदायूं, जालौन और सहारनपुर राजकीय मेडिकल कॉलेजों में जल्द ही नर्सिंग कॉलेज शुरू होंगे। तीनों जिलों में निर्माणाधीन बिल्डिंगों का कार्य पूर्ण होने के लिए राज्य सरकार ने 24 करोड़ 50 लाख रुपये का बजट जारी किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव मनोज कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को बजट जारी कर दिया गया है। बजट में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक नर्सिंग कॉलेज के लिए 20 करोड़ 82 लाख रुपये प्रस्तावित है। जिसमें बदायूं मेडिकल कॉलेज को पहली किश्त 11 करोड़ 93 लाख के बाद शुक्रवार को आठ करोड़ 89 लाख रुपये की दूसरी किश्त जारी की गयी है। इसी प्रकार जालौन मेडिकल कॉलेज को छह करोड़ 66 लाख के बाद 10 करोड़ 41 लाख की और सहारनपुर नर्सिंग कॉलेज के लिए पांच करोड़ 20 लाख रुपये जारी किए गए हैं।

# दिल्ली में चार मंजिला इमारत गिरने से छह की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ हादसे में आठ लोग घायल, कई के मलबे में दबे होने की आशंका

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में शनिवार सुबह चार मंजिला इमारत ढहने से दो साल की बच्ची सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है।

अधिकारी ने बताया कि इमारत के मालिक, उनकी पत्नी, दो बेटों और दो अन्य लोगों के शव मलबे से निकाले गए और उन्हें जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि मलबे में अबतक फंसे लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) समेत कई एजेंसियों को तैनात किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें वेलकम पुलिस थाने में शनिवार सुबह 7 बजे ईदगाह, वेलकम के निकट चार मंजिला इमारत के ढहने की सूचना मिली। जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि इमारत की तीन मंजिलें ढह चुकी थीं। उन्होंने कहा, अब तक आठ घायलों को बचाया गया है। सात को जेपीसी अस्पताल और एक को जीटीबी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। सभी बताए गए लापता व्यक्तियों को बचा लिया गया है। हालांकि, बचाव अभियान अब भी जारी है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्वी) संदीप लांबा ने कहा, इमारत के मालिक मतलूब अपने परिवार के साथ इसी इमारत में रहते थे, भूतल और पहली मंजिल खाली हैं। सामने वाली इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। इस घटना में मतलूब (50), उनकी पत्नी राबिया (46) और दो बेटे जावेद (23) एवं अब्दुल्ला (15) की मौत हो गई। हादसे में जुबिया (27) और उनकी दो-वर्षीय बेटी फोज़िया सहित दो और लोग भी मारे गए हैं। घायलों में मतलूब के दो अन्य बेटे परवेज (32), उसकी पत्नी सिजा (21), उनका एक वर्षीय बेटा अहमद और नावेद (19) शामिल हैं। जमींदोज इमारत के सामने वाली इमारत में रहने वाले गोविंद (60), उनके भाई रवि कश्यप (27) और उन दोनों की पत्नी- क्रमशः दीपा (56) और ज्योति (27), भी घायल हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


दिल्ली स्थित वेलकम इलाके में चार मंजिला इमारत के ढहने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाती एनडीआरएफ की टीम।

## धर्म छिपाकर हिंदू धर्म का चोला पहने मिले, 68 दबोचे

**देहरादून।** ऑपरेशन कालनेमि के चौकाने वाले नतीजे सामने आ रहे हैं। शनिवार को देहरादून और हरिद्वार में 68 फर्जी बाबा पकड़े गए। एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने बताया कि शनिवार को चले अभियान में 23 अन्य ढोंगी छद्मवेष में हिरासत में लिए गए। इनमें से 10 लोग अन्य राज्यों के रहने वाले हैं। वहीं, एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल के अनुसार, ऑपरेशन कालनेमि में पुलिस टीमों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कोतवाली नगर से 13, श्यामपुर से 18, कनखल से 8 और कलियर से 6 सहित 45 ढोंगी साधु गिरफ्तार किए हैं।

## विद्युत उपकेंद्र में जेई व एसएसओ पर हमला, पुलिस जांच में जुटी

**फर्रुखाबाद, एजेंसी**

▶▶ जेई ने प्रधान पर मारपीट व सरकारी दस्तावेज फाड़ने का लगाया आरोप

फर्रुखाबाद जिले में मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के एक विद्युत उपकेंद्र में शनिवार को कनिष्ठ अभियंता (जेई) और उपकेंद्र संचालक (एसएसओ) पर एक ग्राम प्रधान के नेतृत्व में कुछ लोगों ने हमला कर दिया। मोहम्मदाबाद के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विनोद शुक्ल ने कहा कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह घटना मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में गैसिंगपुर विद्युत उपकेंद्र पर हुई, जिसमें जेई विनोद कुमार पर रिश्वत लेने के भी आरोप लगे हैं। मारपीट के साथ-साथ जेई के हाथ में रुपये पकड़े होने का एक वीडियो भी तेजी से प्रसारित हो रहा है। इस बीच विनोद कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर मारपीट, सरकारी दस्तावेजों को नष्ट करने, बिल के पैसे चोरी करने और जाति-आधारित गाली-गलौज का आरोप लगाया है। इटावा जिले के मूल निवासी विनोद कुमार ने आरोप लगाया है कि शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे निसाई ग्राम के प्रधान सत्येंद्र सिंह महिलाओं और अन्य लोगों के साथ उपकेंद्र पर पहुंचे। ग्राम प्रधान ने एसएसओ रघुवीर के साथ मारपीट की और बिल के पैसे वीडियो बनाने के लिए उनके हाथ में थमा दिए गए।

## घायल किसान ने सियार की गर्दन दबोचकर मार डाला

**संभल :** रजपुरा थाना क्षेत्र में खेत पर जा रहे किसान पर सियार ने हमला कर दिया। किसान खुद तो घायल हो गया लेकिन उसने सियार को भी मार डाला। घायल किसान का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया है। थाना क्षेत्र के गांव अमरपुर निवासी राजवीर सिंह शनिवार को खेत पर जा रहा था। गांव से कुछ दूर सियार आ गया। इस बीच सियार ने हमला कर दिया। राजवीर सिंह ने भी हिम्मत जुटाकर सियार की गर्दन पकड़ ली और तब तक नहीं छोड़ी जब तक कि उसकी जान नहीं निकल गई। इस दौरान राजवीर भी बुरी तरह से घायल हो गया। परिजनों ने घायल राजवीर सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# पेठा फैक्ट्री में मजदूर पर गिरी गर्म चाशनी, मौत

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र के गढ़ी मोहल्ला में पार्षद के भाई के पेठा फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर पर गर्म चाशनी गिरने से उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान शहर में अफवाह फैली कि एफएसडीए के छापे के दौरान हादसा हुआ है। एफएसडीए की टीम ने छापे से ही इनकार किया है।

थाना क्षेत्र के गढ़ी चौकी क्षेत्र में पार्षद चन्द प्रकाश गुप्ता के भाई पप्पू गुप्ता की पेठा फैक्ट्री है। पेठा फैक्ट्री में मोरावपुर मोहल्ला निवासी सुनील (26) कई वर्षों से काम करते थे। वह रोजाना की तरह शनिवार की दोपहर करीब 12:30 बजे फैक्ट्री में काम कर रहे थे। कड़ाही में तैयार हो रही चीनी की चाशनी को वह बाल्टी में भर कर दूसरी जगह उड़ेल रहे थे। इसी दौरान गर्म चाशनी से भरी बाल्टी उनके ऊपर पलट गई, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गए।


सुनील (फाइल फोटो)

साथी मजदूरों ने उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर शाम करीब सात बजे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

> फैक्ट्री में पेठा में डालने के लिए चीनी की चाशनी बनाई जा रही थी। जिसे सुनील बाल्टी में भर कर ले जा रहे थे। गर्म चाशनी से भरी बाल्टी उनके ऊपर गिर गई। गंभीर रूप से झुलसे सुनील की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
>
> -अजय कुमार, सीओ द्वितीय

सुनील की शादी तीन साल पहले ममता से हुई थी। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। वहीं, शहर में अफवाह उड़ी कि एफएसडीए की टीम ने छापेमारी की। इससे डर कर वह भागा और कढ़ाई में गिर गया। सीओ ने भी एफएसडीए के अफसरों से बात की तो उन्होंने छापेमारी से इंकार कर दिया।

## छात्रों पर हत्या करने का शक पुलिस आज कर सकती है खुलासा

**संवाददाता, शाहजहांपुर/तिलहर**

**अमृत विचार :** रुद्रपुर में स्थित गुरुकुल महाविद्यालय के कक्षा छह के छात्र अनुराग यादव की हत्या के मामले में पुलिस की शक की सुई वहीं के छात्रों पर घूम रही है। पुलिस ने साक्ष्य जुटा लिए है। पुलिस घटना का खुलासा रविवार को कर सकती है।

कन्नौज के थाना छिबरामऊ के गांव रामखेड़ा निवासी बृजेश कुमार के बेटे अनुराग यादव का शव 8 जुलाई की सुबह विद्यालय परिसर में मिला था। उसके नाक और कान से खून बह रहा था। शुरू में उसकी ब्रेन हेमरेज से मौत होना बताया जा रहा था। अनुराग यादव के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो पुलिस प्रशासन के रोंगटे खड़े हो गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अनुराग की सिर में चोटों के कारण मौत हुई थी और कान के पीछे दोनों तरफ की हड्डी टूटी हुई थी। पुलिस ने सत्संग भवन परिसर में डंडों और खून से सनी चटाई को कब्जे में ले लिया था। मृतक छात्र अनुराग यादव के पिता ब्रजेश यादव ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए गुरुकुल के प्रबंधक, प्रमुख आचार्य, वार्डन समेत अन्य के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



लखनऊ में भारी बारिश के बाद चारबाग रेलवे स्टेशन के बाहर जलमग्न सड़क को पार करते यात्री। • एजेंसी

## उत्तराखंड

# 10.30 करोड़ की ड्रग्स के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** ड्रग्स बरामदगी में चम्पावत व पिथौरागढ़ पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने उत्तराखंड में अभी तक की सबसे बड़ी मानी जा रही संयुक्त कार्रवाई में चम्पावत के नेपाल बॉर्डर से सटे इलाके से शनिवार सुबह एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। महिला के पास से 5.688 किलोग्राम एमडीएमए (मेथाएमफेटामाइन) बरामद हुई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 10.23 करोड़ से अधिक आंकी गई है।

आईजी कुमाऊं, रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि मुम्बई की ठाणे पुलिस द्वारा पिथौरागढ़ में मादक द्रव्य अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई के बांर गहन निगरानी की जा रही है। इसी के तहत सीओ टनकपुर वन्दना वर्मा के पर्यवेक्षण में एसओजी प्रभारी लक्ष्मण सिंह जगवाण एवं थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह कोरंगा के नेतृत्व में 14 सदस्यीय पुलिस टीम द्वारा नेपाल सीमा के पास शारदा नहर (गढ़ीगोठ पुल, पम्पापुर) क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक महिला पिट्ठू बैग लेकर नहर की ओर भागती देखी गई। इस संदिग्ध महिला को पकड़कर बैग की तलाशी ली गई, तो उसमें 5.688 किग्रा एमडीएमए ड्रग्स बरामद किया गया। आरोपी महिला की पहचान ईशा पत्नी राहुल कुमार निवासी जनपद चम्पावत के रूप में हुई। आईजी ने बताया कि, महिला ने स्वीकार किया है कि बरामद एमडीएमए को उसका पति राहुल व उसका सहयोगी कुनाल कोहली विगत 27 जून को पिथौरागढ़ से लाए थे।



एमडीएमए ड्रग्स बरामद करने वाली टीम और गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

### भारत में बढ़ रहा एमडीएमए का प्रयोग

आईजी ने बताया कि एमडीएमए एक सिंथेटिक ड्रग्स है। इसे एमडी, मौली या एक्स्टसी के नाम से भी जाना जाता है। इसका प्रभाव मेथाम्फेटामाइन जैसे उत्तेजक पदार्थों के समान होता है। यह पश्चिमी देशों में युवाओं के बीच लोकप्रिय है और भारत में भी क्लब संस्कृति में कुलीन वर्ग के बीच इसका उपयोग बढ़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी काफी ऊंची कीमत होती है। आईजी ने ड्रग्स बरामद करने वाली पुलिस टीम को 20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया है।

## नर बाघ का मिला शव, मचा हड़कंप

**कालाढूंगी :** बैलपड़ाव रेंज में वन कर्मियों को गश्त के दौरान नर बाघ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आपसी संघष में बाघ की मौत हुई है। बाघ के सभी अंग सुरक्षित है। शनिवार सुबह तराई पश्चिमी वन विभाग के बैलपड़ाव रेंज की गश्ती दल को चांदनी बीट में एन-1 में गश्त के दौरान एक नर बाघ का शव मिला। चिकित्सकों का पैनल गठित कर बाघ के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बिसरे व नमूनों को जांच के लिए बरेली फॉरेंसिक प्रयोगशाल भेज दिया गया है। डीएफओ तराई पश्चिमी प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि नर बाघ की उम्र 8 साल है। वर्चस्व की जंग में में बाघ की मौत हुई है। शव 2 दिन पुराना लग रहा है।

# बारिश में पेड़ गिरा, दो विद्यार्थियों की मौत

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

▶▶ टिहरी के घनसाली क्षेत्र में स्कूल से लौटते समय हुआ दर्दनाक हादसा

▶▶ हेमकुंड से लौटते समय पंजाब के दो श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में जान गई

**अमृत विचार:** टिहरी जिले के घनसाली क्षेत्र में शनिवार दोपहर के समय हुए दर्दनाक हादसे में मूसलाधार बारिश के दौरान एक पेड़ गिरने से दो विद्यार्थियों की मौत हो गई। छात्र और छात्रा की मौत की खबर मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

टिहरी के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि यह घटना शनिवार को दोपहर बाद उस समय हुई, जब स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रहे 10वीं कक्षा के छात्र आरव बिष्ट (16) और नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा मानसी (14) पर पेड़ गिर गया। उस समय बारिश काफी तेज थी। माना जा रहा है कि भूस्खलन की वजह से अचानक पेड़ गिर गया और दोनों बच्चे उसकी चपेट में आकर जान गंवा बैठे। आपदा प्रबंधन अधिकारी भट्ट ने बताया कि दोनों विद्यार्थी नेल पिलखी गांव के रहने वाले थे और राजकीय इंटर कॉलेज घुमेटीधार में पढ़ते थे।

उधर, टिहरी जिले में ही शनिवार को एक ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार पंजाब के रहने वाले दो श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि घटना ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कीर्तिनगर के पास बागवान में हुई। ऋषिकेश से श्रीनगर की ओर जा रहे मिनी ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दोनों व्यक्ति ट्रक की चपेट में आकर उसके नीचे फंस गए।

पुलिस ने बताया कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। इनकी पहचान पंजाब के पटियाला जिले के मनप्रीत सिंह (28) तथा गुरदीप सिंह (22) के रूप में हुई है जो हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे से ऋषिकेश लौट रहे थे। कीर्तिनगर पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि मिनी टाटा को यमकेश्वर, पौड़ी निवासी रामकिशोर चला रहा था, इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# वर्दी पहन बना रहे थे रील रियल पुलिस ने धर लिया

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** पुलिस की वर्दी पहन कर रील बनाने वालों को असली पुलिस मिल गई और उन्हें थाना भी दिखा दिया गया। थाने पहुंचते ही नकली पुलिस के हाथ-पैर फूल गए। आरोपियों ने न सिर्फ सोशल मीडिया पर अपलोड किया वीडियो डिलीट किया, बल्कि लिखित में माफीनामा भी लिखा।

पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था। इस वीडियो में दिखाया गया कि एक अमीर एक लग्जरी वाहन में सवार है। दरअसल, वीडियो के जरिये पुलिस को शर्मसार करने का प्रयास था। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने मामले में कार्रवाई के आदेश दिए। जांच में जुटी कोतवाली पुलिस ने दोनों युवकों को तलाश लिया और थाने ले आई। दोनों युवकों की पहचान दिनेश और दिव्यांश निवासी मुखानी के रूप में हुई। युवकों ने बताया कि उन्होंने वर्दी हल्द्वानी बाजार से खरीदी और फिर वीडियो बनाया। दोनों ने अपने किए पर माफी मांगी। पुलिस ने दोनों का चालान किया है। एसएसपी मीणा का कहना है कि इस तरह की हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## डॉक्टर को बुरी तरह पीटा, दो पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** भीमताल से घूमकर लौट रहे एक डॉक्टर को व्यापारी और उसके दोस्तों ने बुरी तरह पीट दिया। इस मामले का एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर व्यापारी और उसके दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मेडिकल कॉलेज में पीजी कर रहे डॉ.शुभम वर्मा ने काठगोदाम पुलिस को तहरीर देकर कहा कि गुरुवार रात वह भीमताल से घूमकर लौट रहे थे। इसी दौरान एचएमटी के पास एक वर्ना कार के भीतर बैठे दो युवकों ने उनके वाहन के आगे अपनी गाड़ी लगा दी और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट कर दी। जिसमें वह बुरी तरह चोटिल हो गए।

**जलवायु परिवर्तन** | वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन मानते हैं इसकी बड़ी वजह, इस वर्ष 12 दिनों में रिकॉर्ड की गई 180 मिमी बारिश

# 10 वर्षों में असमान रही जुलाई की शुरुआती बारिश

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** पिछले 10 वर्षों में जुलाई की शुरुआती बारिश असामान्य रही है। सरोवर नगरी में जुलाई माह में भले ही बारिश में निरंतरता बनी हुई हो, लेकिन वर्षा का औसत सामान्य से नीचे बना हुआ है। पिछले 12 दिनों में 180 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि पिछले वर्ष 577 मिमी दर्ज की गई थी।

सिंचाई विभाग के झील नियंत्रण कक्ष के मुताबिक वर्ष 2021 व 22 के जुलाई के पहले 12 दिनों की बारिश बेहद निराश करने वाली थी। इसकी बड़ी वजह मानसून के देर से पहुंचने के अलावा जलवायु परिवर्तन माना जाता है, जबकि इससे पहले 2016 से 2017 में वर्षा का स्तर सामान्य से अधिक रहा था और 2023 व 24 में वर्षा सामान्य के नजदीक देखने को मिली है। पर्यावरण वैज्ञानिक मानते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश में असमानता देखने को मिली है और उसके स्वभाव में अंतर आया है। तापमान में वृद्धि हुई है और आद्रता में कमी आई है।


नैनीझील में नौकायन करते पर्यटक। • अमृत विचार

### आंकड़े

| | |
|---|---|
| 2016 | 630 मिमी |
| 2017 | 1120 मिमी |
| 2018 | 195 मिमी |
| 2019 | 155 मिमी |
| 2020 | 220 मिमी |
| 2021 | 95 मिमी |
| 2022 | 115 मिमी |
| 2023 | 497 मिमी |
| 2024 | 577 मिमी |
| 2025 | 180 मिमी। |

### जुलाई की बारिश पर रहती है खास नजर

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र सिंह कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन का मानसून पर असर रहने लगा है। जिसने न केवल मानसून की बारिश का स्वरूप बदला है, बल्कि वर्षा के दिनों में भी बदलाव आया है। जुलाई का महीना मानसून का पीक रहता है। इस माह की बारिश में वैज्ञानिकों की खास नजर रहती है।

# एलडीएफ-यूडीएफ ने भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले- दोनों ने तुष्टीकरण की राजनीति की और केरल को राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बनाया

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ), दोनों पर ही निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों मोर्चों की सरकारों ने केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, तुष्टीकरण की राजनीति की और केरल को 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) जैसी 'राष्ट्र-विरोधी ताकतों' के लिए पनाहगाह बना दिया।

शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि केवल भाजपा की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ही राज्य में विकास ला सकता है, न कि एलडीएफ या यूडीएफ। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना विकसित भारत संभव नहीं है और विकसित भारत का मार्ग केवल विकसित केरलम से होकर जाता है। शाह ने रेखांकित किया, इसलिए, अब से भाजपा का मूल उद्देश्य विकसित केरलम होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के बिना केरल में विकास नहीं हो सकता। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने राज्य को हजारों करोड़ की विड़िण्गम बंदरगाह जैसी परियोजनाएं दी हैं, दो वंदे भारत ट्रेनों के जरिए 11 जिलों को जोड़ा है और केरल के लिए रेलवे बजट को 2004 के 372 करोड़ रुपये से बढ़ाकर वर्तमान में 3,700 करोड़ कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकारों की तुलना में केरल पर कई गुना ज्यादा पैसा खर्च किया है। शाह ने कहा कि वह पार्टी के प्रदेश कार्यालय के जरिए इसके आंकड़े जारी करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने शनिवार को कहा कि भाजपा के लिए केरल में मुख्यमंत्री होने से ज्यादा जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि राज्य में पार्टी कार्यालय विकसित केरलम का केंद्र बने। शाह ने पार्टी के 'विकसित केरलम' मिशन का लोगो भी जारी किया।


तिरुवनंतपुरम में शनिवार को आयोजित जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ केरल राज्य के भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर।

### राज्य के पास अधिकार था पर केंद्र सरकार ने लगाया पीएफआई पर प्रतिबंध

उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों की सरकारों ने केरल को पीएफआई जैसी राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बनाया। केंद्र ने 2022 में पीएफआई और उसके सहयोगियों को गैरकानूनी घोषित किया। केरल के पास प्रतिबंध लगाने के अधिकार हैं, लेकिन जब यह संगठन देश भर में फैल गया, तब प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर प्रतिबंध लगाया और यह सुनिश्चित किया कि इसके शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी हो। शाह ने पुथरीकंदम मैदान में आयोजित वार्ड स्तरीय नेतृत्व बैठक में कार्यकर्ताओं की सभा में कहा, "माकपा और कांग्रेस, भाजपा को उत्तर भारतीय पार्टी करार देती हैं लेकिन हमने असम और त्रिपुरा जैसे कई राज्यों में सरकारें बनाईं, जो विपक्षी दलों के गढ़ थे और उनकी पार्टी तमिलनाडु में भी सत्ता में आएगी। शाह ने कहा कि केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग का मत प्रतिशत 2014 से बढ़ा है और गठबंधन राज्य में 2026 का विधानसभा चुनाव सरकार बनाने के इरादे से लड़ेगा।

# मध्यस्थता कैसी होनी चाहिए भारत इसकी पुनर्कल्पना कर रहा : न्यायूमर्ति सूर्यकांत

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि भारत अब केवल स्थापित मध्यस्थता केंद्रों की बराबरी करने का प्रयास नहीं कर रहा है, बल्कि सक्रिय रूप से इस बात की 'पुनः कल्पना' कर रहा है कि एक गतिशील और बहुध्रुवीय कानूनी व्यवस्था में मध्यस्थता कैसी हो सकती है और कैसी होनी चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि मध्यस्थता का भविष्य न केवल अंतर्राष्ट्रीय है, बल्कि भारतीय भी है। उन्होंने साथ ही प्रवर्तन संबंधी चिंताओं जैसी गंभीर चुनौतियों का भी हवाला दिया, जिनका देश को समाधान करना होगा।

उन्होंने संस्थागत विकास को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी की वकालत की। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश 10 जुलाई को स्वीडन के गोथेनबर्ग में हुए अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की पुनः कल्पनाः वैश्विक मध्यस्थता स्थल के रूप में भारत का उदय विषय पर गोलमेज बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता को अब गौण रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह विवाद समाधान का एक पसंदीदा तरीका बनता जा रहा है।


स्वीडन के गोथेनबर्ग में हुई गोलमेज की बैठक को न्यायमूर्ति ने किया संबोधित

सूर्यकांत ने कहा कि लक्षित सुधारों, संस्थागत विकास और मध्यस्थता के प्रति गहरी होती सांस्कृतिक प्रतिबद्धता के माध्यम से भारत एक ऐसा मॉडल तैयार कर रहा है, जो न केवल वैश्विक मानकों के प्रति उत्तरदायी है, बल्कि इसके कानूनी और आर्थिक संदर्भ को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मैं आपके समक्ष जो संदेश छोड़ना चाहता हूं वह स्पष्ट हैः भारत अब केवल स्थापित मध्यस्थता केंद्रों की बराबरी करने का प्रयास नहीं कर रहा है - वह सक्रिय रूप से इस बात की पुनर्कल्पना कर रहा है कि एक गतिशील, बहुध्रुवीय कानूनी व्यवस्था में मध्यस्थता कैसी हो सकती है और कैसी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बदलाव केवल कानून और बुनियादी ढांचे से नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए भारत के मध्यस्थता पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करने, विश्वास पैदा करने और अंतरराष्ट्रीय संवाद को बढ़ावा देने में सरकारों, मध्यस्थता संस्थानों, चिकित्सकों और शिक्षाविदों द्वारा सामूहिक निवेश की आवश्यकता है।

## एक नजर

### पटना हवाई अड्डे को मिली धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**पटना।** शहर स्थित जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय (जेपीएनआई) हवाई अड्डे पर अधिकारियों को ईमेल से बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई, हालांकि यह अफवाह निकली। हवाई अड्डे की ओर से जारी बयान में कहा गया, शुक्रवार रात नौ बजे हवाई अड्डे के निदेशक के ईमेल पर बम की धमकी मिली थी।

### छत्तीसगढ़ः 23 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इन नक्सलियों पर कुल 1.18 करोड़ का इनाम था। आत्मसमर्पण करने वाले 23 नक्सलियों में नौ महिला नक्सली शामिल थीं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर क्षेत्र में बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।

### सोनाली बनीं आरपीएफ की पहली महिला प्रमुख



**नई दिल्ली।** आईपीएस सोनाली मिश्रा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की पहली महिला महानिदेशक नियुक्त हुई हैं। मिश्रा मध्यप्रदेश संवर्ग की 1993 बैच की भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं। कार्मिक मंत्रालय ने यह आदेश जारी किया है।

# यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध छात्रा ने खुद को लगाई आग, प्राचार्य निलंबित

बालासोर, एजेंसी

- आरोपी शिक्षक गिरफ्तार, 90 प्रतिशत जल चुकी है छात्रा

ओडिशा के बालासोर के महाविद्यालय की छात्रा ने यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर शनिवार को शैक्षणिक संस्थान परिसर में खुद को आग लगा ली। छात्रा को बचाने में एक छात्र भी झुलस गया है। दोनों को भुवनेश्वर एम्स रेफर कर दिया गया है। इस पर सरकार ने प्राचार्य और शिक्षा विभाग के प्रमुख को निलंबित कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार दोपहर तब हुई जब छात्रा ने बालासोर स्थित फकीर मोहन (स्वायत्त) कॉलेज के प्राचार्य दिलीप घोष से मुलाकात की और सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष समीर साहू के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत पर कार्रवाई की मांग की थी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी शिक्षक समीर साहू को गिरफ्तार कर लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने छात्रा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए एम्स भुवनेश्वर का दौरा किया।

# दिल्ली में ऑरेंज -येलो अलर्ट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार को बारिश हुई, जिस पर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किए गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुरुआत में दिल्ली के लिए ग्रीन अलर्ट जारी किया था, जिसका अभिप्राय है कि उस दिन कोई चेतावनी नहीं है। हालांकि, जैसे-जैसे स्थिति बदलती गई, चेतावनी के स्तर में बदलाव किया गया।

दिल्ली की मौसम वेधशाला सफदरजंग में शाम 5.30 बजे तक 12.9 मिमी बारिश हुई। अन्य इलाकों में भी बारिश हुई, लोधी रोड में 12 मिमी और प्रगति मैदान में 11 मिमी बारिश दर्ज की गई। शहर का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य तापमान से 0.7 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि सापेक्षिक आर्द्रता सुबह 82 से शाम को 62% के बीच रही।



### हिमाचल में बारिश से 249 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल में भारी बारिश से 249 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं, जिनमें से 207 मंडी जिले में हैं। यह सड़कें भूस्खलन से प्रभावित है। बारिश से मंडी से धर्मपुर (कोटली होकर) के बीच एनएच- 3 (अटारी-लेह) भारी वाहनों के लिए बंद है। पंडोह बांध के पास कैंची मोड़ पर भूस्खलन से मंडी-कुल्लू खंड को 10 घंटे तक बंद रखना पड़ा।

# मप्रः कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता की चोटों के कारण मौत

श्योपुर, एजेंसी

नामीबिया से मध्यप्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में स्थानांतरित 8 वर्षीय नाभा नामक चीता की शनिवार को चोटों से मौत हो गई। चीता परियोजना के क्षेत्र निदेशक उत्तम शर्मा ने कहा, नाभा एक सप्ताह पहले, बाड़े के अंदर शिकार के प्रयास के दौरान घायल हो गई थी। उसको फ्रैक्चर के साथ अन्य चोटें भी थीं। उसका एक सप्ताह तक इलाज चला, लेकिन चोटों से उसकी मृत्यु हो गई।

### बीबीपी में बाघ के तीन शावकों की मौत

**बेंगलुरु।** बन्नेरघट्टा जैविक उद्यान (बीबीपी) में बाघिन द्वारा जन्म देने के बाद छोड़ देने से उसके तीन शावकों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बाघिन हिमा दास ने 7 जुलाई को 3 शावकों को जन्म दिया, लेकिन जन्म के बाद उसने उनकी देखभाल नहीं की, जिससे तीनों घायल हो गए। शावकों को चिकित्सा के लिए अस्पताल भेजा गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# चिराग को सोशल मीडिया पर मिली धमकी, शिकायत दर्ज

**पटना।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता से जान से मारने की धमकी मिली है। यह जानकारी उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने शनिवार को दी। लोजपा (रामविलास) ने 'एक्स' हैंडल पर मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट द्वारा पटना के साइबर पुलिस थाने में दर्ज कराई शिकायत का स्क्रीनशॉट भी साझा किया।

भट्ट ने शिकायत में टाइगर मेराज इदरीसी की पोस्ट का हवाला दिया, जिसने हाजीपुर के सांसद को बम से उड़ाने की धमकी दी है। थाना प्रभारी (एसएचओ) ने मामले में जांच का आदेश दिया है। भट्ट ने आरोप लगाया है कि उपयोगकर्ता ने आपराधिक प्रवृत्ति दिखाई है और ऐसा लग रहा है कि वह हमारे नेता की बढ़ती लोकप्रियता से परेशान है। पार्टी ने केंद्र और राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि अपराधी को न्याय के कटघरे में लाया जाए और आरोप लगाया कि वह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का समर्थक है।

# दिल्ली में फुटपाथ पर सो रहे पांच लोगों को ऑडी चालक ने कुचला

नई दिल्ली, एजेंसी

- घायलों में दो दंपति व आठ साल की बच्ची, चालक हिरासत में

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत विहार इलाके में शिवा कैंप के पास फुटपाथ पर सो रहे पांच लोगों को नशे में धुत ऑडी कार चालक ने कुचल दिया, जिससे वे घायल हो गए।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि इनमें दो दंपति और आठ साल की एक बच्ची शामिल है। यह घटना नौ जुलाई की देर रात 1.45 बजे हुई और कार चालक उत्सव शेखर (40) को पकड़ लिया गया। अधिकारी ने बताया कि उसकी मेडिकल रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि घटना के समय वह नशे में था।

अधिकारियों के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही घायलों को उपचार के लिए निकटवर्ती अस्पतालों में ले जाया जा चुका था। पीड़ितों की पहचान लाधी (40), उसकी आठ वर्षीय बेटी बिमला, उसके पति सबामी उर्फ चिरमा (45), राम चंद्र (45) और उसकी पत्नी नारायणी (35) के रूप में हुई है। सभी राजस्थान के निवासी हैं। पुलिस ने कहा कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# पिता नहीं चाहता था इन्फ्लुएंसर बने राधिका

गुरुग्राम (हरियाणा), एजेंसी

**पूर्व टेनिस खिलाड़ी हत्याकांड**



- राधिका की अपनी अकादमी नहीं थी, अलग-अलग टेनिस कोर्ट बुक करके देती थीं प्रशिक्षण

गुरुग्राम पुलिस ने शनिवार को कहा कि पूर्व राज्यस्तरीय टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की अपनी अकादमी नहीं थी और वह अलग-अलग जगहों पर टेनिस कोर्ट बुक कर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देती थीं, जो उनके पिता को रास नहीं आ रहा था। वहीं ये दावे थे कि दीपक राधिका की 'इन्फ्लुएंसर' बनने की आकांक्षा से काफी नाराज था। वहीं, दीपक को शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि राधिका टेनिस अकादमी चलाती थीं, जो पिता-पुत्री के बीच विवाद का विषय था, क्योंकि दीपक को बेटी की कमाई पर निर्भर रहने के लिए ताना मारा जाता था। पुलिस के अनुसार, दीपक ने अपनी बेटी की गोली मारकर हत्या करने की बात कबूल कर ली है। आरोपी आर्थिक रूप से संपन्न है और संपत्तियों को किराये पर देने से उसकी अच्छी आमदनी होती है, लेकिन तानों से कुछ सप्ताह से अवसाद में था। वहीं, कई लोगों ने दावा किया था कि एक कलाकार के साथ राधिका का संगीत वीडियो उनकी हत्या का कारण बना। सेक्टर 56 थाने के निरीक्षक विनोद कुमार ने कहा, वीडियो 2023 में अपलोड हुआ था और इसका हत्या से संबंध नहीं है। आरोपी ने बार-बार कहा है कि वह नहीं चाहता था कि उसकी बेटी प्रशिक्षण से कमाई करे।

### मेरे भाई ने बेटी की हत्या की बात कबूली

राधिका यादव के चाचा विजय यादव ने कहा कि आरोपी दीपक ने अपनी बेटी की हत्या की बात उनके समक्ष कबूल की है। उसे फांसी दे दी जानी चाहिए। विजय ने कहा, दीपक का परिवार संपन्न है। दीपक को अपनी गलती का एहसास था और किसी के लिए पश्चाताप से बड़ी कोई सजा नहीं हो सकती। पूरा परिवार सदमे में है।



# डिजिटल माध्यम से वैश्विक पहुंच जरूरी

## सीतारमण ने विकास के साथ पारिस्थितिकी के संरक्षण को संतुलित करने की आवश्यकता बताई

शिलॉन्ग, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को विशेष रूप से मेघालय जैसे क्षेत्रों में विकास की आकांक्षाओं के साथ पारिस्थितिकी के संरक्षण को संतुलित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने स्वीकार किया कि जलवायु संकट इस हद तक बढ़ा है कि सर्वोत्तम मौसम विज्ञान उपकरण भी सटीक पूर्वानुमान नहीं कर सकते।

वित्त मंत्री ने कहा, मौसमी घटनाएं आम बात हो गई हैं। अचानक बाढ़ आना और पहले कई महीनों तक होने वाली बारिश अब एक ही दिन में हो रही है, जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है। ग्रामीण और वन क्षेत्रों में बदलाव पर उन्होंने आधुनिक बुनियादी ढांचे की जरूरतों पर बल दिया।

सीतारमण ने कहा, हमें कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल फाइबर और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से वैश्विक पहुंच की जरूरत है ताकि कारीगर और किसान अपने उत्पादों का विपणन कर सकें। इसका अर्थ है उन क्षेत्रों में विस्तार करना जो सहस्राब्दियों से हरे-भरे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में विकास कार्य से जुड़े फैसले स्थानीय स्तर पर लिए जाने चाहिए। यह मेरा काम नहीं है कि मैं कहीं और से कहूं कि किसी क्षेत्र को (विकास से) अछूता रहना चाहिए। लोगों को यह तय करना होगा कि वे किस मात्रा में होने वाले विकास के साथ सहज हैं और उन्हें इसकी किस स्तर पर इसकी सीमा तय करनी है। यह कहना उचित नहीं कि किसी क्षेत्र को अछूता रहना चाहिए।



- केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागरिकों, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया

केंद्रीय मंत्री ने यह महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया कि यदि विकास को पूरी तरह से नकार दिया जाए, तो क्या वे लोग जो पीढ़ियों से अपरिवर्तित रहे हैं और अब बेहतर जीवन की आकांक्षा रखते हैं, संतुष्ट हो सकेंगे? उन्होंने कहा कि यह बात न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में चर्चा कें केंद्र में है। इस मुद्दे की तात्कालिकता को रेखांकित करते हुए, केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि अगला वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन ब्राजील में अमेजन वर्षावन के किनारे एक सुदूर क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। वहां इसके आयोजन का उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि कैसे दुनिया अब जलवायु और विकास की बातचीत को सीधे सबसे नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों तक ला रही है।

सीतारमण ने कहा, मुझे खुशी है कि यह आज सुबह यहां शुरू हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागरिकों, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार व्यापक भागीदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने और वित्तीय प्रणालियों की पहुंच बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।

# मुरादाबाद में 200 करोड़ निवेश करेगी लोहिया वर्ल्डस्पेस

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी लोहिया वर्ल्डस्पेस उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में 10 एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए लगभग 200 करोड़ का निवेश करेगी। यह रियल एस्टेट व्यवसाय में कंपनी की शुरुआत होगी। इस परियोजना में 175 लक्जरी विला शामिल होंगे। लोहिया वर्ल्डस्पेस, दिल्ली स्थित विविधीकृत निजी स्वामित्व वाली कंपनी लोहिया ग्लोबल की रियल एस्टेट इकाई है, जिसका वार्षिक राजस्व लगभग 1,200 करोड़ है। साल 1979 में स्थापित इस समूह के चार व्यवसाय - हस्तशिल्प निर्यात, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), टाइल और सौर ऊर्जा हैं। वर्ल्डस्पेस के निदेशक पीयूष लोहिया ने कहा, हमारा उद्देश्य ऐसे घर बनाना है जो आधुनिक, सार्थक और विचारशील हों। इसकी लागत 200 करोड़ है और 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# सेवा व्यापारः आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण




सेवाओं का व्यापार वह प्रक्रिया है, जिसमें एक देश की कंपनियां या व्यक्ति दूसरे देश को सेवाएं प्रदान करते हैं, जैसे बैंकिंग, टूरिज्म, शिक्षा, स्वास्थ्य, आईटी, परामर्श आदि। यह व्यापार वस्तुओं की तरह दिखाई नहीं देता, लेकिन आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। वैश्वीकरण और डिजिटल तकनीकों के विकास से सेवाओं का व्यापार तेजी से बढ़ा है। यह व्यापार देशों को रोजगार, विदेशी मुद्रा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त देता है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की जीएटीएस ( जनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड इन सर्विसेज) प्रणाली इसके नियम निर्धारित करती है।

### व्यापार की चुनौतियां

- **नियमों और मानकों की विविधता :** हर देश की अलग सेवा नीति और नियम होते हैं।
- **गोपनीयता और डेटा सुरक्षा :** डिजिटल सेवाओं में डेटा सुरक्षा अहम चुनौती है।
- **वीसा और आव्रजन नियम :** सेवा प्रदाताओं को विदेश जाने में अड़चनें आती हैं।
- **बौद्धिक संपदा अधिकार :** सॉफ्टवेयर जैसे उत्पादों में चोरी और कॉपी का खतरा।

### सेवाओं के व्यापार के प्रकार

- **सीमा पार सेवा :** भारतीय डॉक्टर विदेश जाकर इलाज करते हैं।
- **उपभोक्ता की विदेश यात्रा :** विदेशी छात्र भारत में पढ़ाई करते हैं।
- **सेवा की सीमा पार आपूर्ति :** भारत से अमेरिका को आईटी सेवाएं देना।
- **विदेशी सेवा प्रदाता का घरेलू निवेश :** विदेशी बैंक भारत में शाखा खोलते हैं।

### इस व्यापार से होने वाले लाभ

- **रोजगार सृजन :** खासकर आईटी, हेल्थ, टूरिज्म और एजुकेशन सेक्टर में।
- **विदेशी मुद्रा अर्जन :** निर्यात से देश को डॉलर/यूरो आदि में भुगतान मिलता है।
- **तकनीकीव ज्ञान :** विकसित देशों से नई तकनीक और विशेषज्ञता प्राप्त होना।
- **वैश्विक प्रतिस्पर्धा :** भारतीय प्रदाता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में आते हैं।
- **कम निवेश में उच्च लाभ :** वस्तु व्यापार की तुलना में सेवाओं का व्यापार कम लागत में अधिक लाभ देता है।

# मोदी देश को विश्वस्तर पर गौरवान्वित करने को दृढ़संकल्पित : पीयूष गोयल

मुंबई, एजेंसी

केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को लेकर दृष्टिकोण को दर्शाने के लिए टेलीविजन ब्रांड की मशहूर पंक्ति 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का गौरव' का उल्लेख किया।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारत को विश्वस्तर पर गौरवान्वित और प्रशंसित बनाने के लिए दृढ़संकल्पित हैं, जिससे हर कोई ईर्ष्या करेगा। क्या आपको वह टीवी विज्ञापन याद है जिसकी 'टैगलाइन' थी, 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का अभिमान'? प्रधानमंत्री इसी तरह के भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके शासन ने देश के युवाओं के लिए स्व-रोज़गार और उद्यमिता से लेकर स्टार्टअप और व्यावसायिक उपक्रमों तक, सभी क्षेत्रों में अवसरों के द्वार खोले हैं।



- बोले-मोदी ने स्व-रोज़गार व स्टार्टअप और व्यावसायिक उपक्रमों तक के द्वार खोलें

उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया या डिजिटल इंडिया जैसी योजनाएं भारत को दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में मदद कर रही हैं। गोयल ने कहा, हमारे युवा देश की अर्थव्यवस्था से तेज़ी से जुड़ रहे हैं। भारत अब दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अगले ढाई सालों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

# सऊदी अरब की कंपनियां भारत में तलाशें निवेश के अवसर : नड्डा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को सऊदी अरब की कंपनियों से भारत में निवेश के अवसर तलाशने का आग्रह किया। नड्डा सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं और उनके साथ उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि भी हैं।

मंत्री ने सऊदी भारत व्यापार परिषद के चेयरमैन अब्दुलअजीज अल कहतानी से भी मुलाकात की। उन्होंने पूर्वी प्रांत दम्मम में व्यापारिक समुदाय के साथ भारत और सऊदी अरब की कंपनियों के बीच बढ़ते संबंधों पर बातचीत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंत्री ने उन्हें भारत में निवेश के अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।



- केंद्रीय मंत्री ने सऊदी भारत व्यापार परिषद के चेयरमैन कहतानी से की मुलाकात

# वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप अपनाएं दृष्टिकोण

चेन्नई, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) को 2047 के लिए ऐसा दृष्टिकोण अपनाना होगा जो देश की वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप हो। उन्होंने चेन्नई में मुख्यालय वाले बैंक से आग्रह किया कि वह अपने ग्राहकों की उभरती ज़रूरतों को नवाचार और ईमानदारी के साथ पूरा करता रहे।

कुछ प्रमुख बैंकिंग सेवाओं का शुभारंभ करते हुए नागराजू ने कहा कि व्हाट्सएप आधारित बैंकिंग सेवाओं और बैंकिंग संवाददाताओं के माध्यम से पुनः केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) की शुरुआत से ग्राहक सेवा और बैंक के समग्र प्रदर्शन में वृद्धि होगी। उन्होंने शनिवार को एक बयान में कहा कि बैंक के पास 2047 के लिए एक दृष्टिकोण होना चाहिए, जो भारत की वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप हो, ताकि वह नवाचार और ईमानदारी के साथ अपने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना जारी रख सके।



- वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने कहा- पुनः केवाईसी से ग्राहक और बैंक के प्रदर्शन में होगी वृद्धि

नागराजू द्वारा शुरू की गई अन्य प्रमुख पहलों में क्यूआर-आधारित तत्काल ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणाली शामिल है, जिसकी निगरानी बैंक के केंद्रीय कार्यालय के ग्राहक सेवा विभाग में केंद्रीय रूप से की जाती है। यह ग्राहकों के लिए अपने सेवा अनुभव को तुरंत साझा करने का एक सहज और सुलभ मंच है। बैंक ने कहा कि त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को रीयल-टाइम अलर्ट किया जाता है।

## एक नजर



लंदन : भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले पांच मिनट की घंटी बजाई। ● एजेंसी

### मैं अब भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं : रहाणे

**लंदन :** पूर्व भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे अब चयनकर्ताओं की योजना का हिस्सा नहीं हैं लेकिन यह 37 वर्षीय खिलाड़ी अगले महीने से शुरू होने वाले एक और घरेलू सत्र में एक बार फिर राष्ट्रीय टीम में खेलने की उम्मीद के साथ उतरेगा। रहाणे ने 85 टेस्ट मैच में 12 शतकों के साथ 5077 रन बनाए हैं। वह आखिरी बार 2023 में वेस्टइंडीज दौरे के दौरान भारत के लिए खेले थे। लेकिन इसके बाद से अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने उन्हें और एक अन्य दिग्गज चेतेश्वर पुजारा को नजरअंदाज करते हुए भविष्य की ओर देखना पसंद किया। रहाणे ने 'स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट' पर नासिर हुसैन से कहा यहां आकर अच्छा लग रहा है। मैं अब भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बहुत उत्सुक हूं और इस समय मैं अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। मैं यहां कुछ दिनों के लिए ही हूं। पर ट्रेनिंग के कपड़े साथ लाया हूं ताकि मैं खुद को फिट रख सकूं।

### इटली ने टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रचा

**नई दिल्ली :** इटली ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह पहली बार होगा जब वे विश्व कप का हिस्सा होंगे। उनके साथ नीदरलैंड्स ने भी इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। दोनों टीमों ने यूरोपियन क्वालिफायर में शीर्ष दो स्थान हासिल कर यह उपलब्धि अपने नाम की। पिछले चार टी20 विश्व कप का हिस्सा रह चुके स्कॉटलैंड को जर्सी के खिलाफ आखिरी गेंद पर हार झेलनी पड़ी और वे क्वालिफाई करने से चूक गए। उन्हें चार मैचों में सिर्फ एक मैच में जीत मिली। आख़िरी मैच में एक विकेट से जीत के बावजूद जर्सी भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया क्योंकि एक अन्य मैच में नीदरलैंड्स ने इटली को हरा दिया। इटली और जर्सी दोनों के पास पांच-पांच अंक थे, पर बेहतर रन रेट के चलते इटली 2026 टी20 विश्व कप में जगह बनाने में सफल रहा।

### दिल्ली हॉकी की सब जूनियर महिला खिलाड़ियों को राहत

**नई दिल्ली :** हॉकी इंडिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि रांची में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में दिल्ली हॉकी से मान्यता प्राप्त खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए व्यवस्था की जाएगी। हॉकी इंडिया ने अदालत को बताया कि तीन जुलाई से 14 जुलाई तक होने वाली इस चैंपियनशिप का कार्यक्रम दिल्ली हॉकी टीम के लिए संशोधित या अनुकूलित किया जाएगा। यह दलील तब दी गई जब अदालत को बताया गया कि दिल्ली हॉकी टीम की भागीदारी इसलिए रद्द कर दी गई है क्योंकि टीम को हॉकी इंडिया के ऑनलाइन पोर्टल से हटा दिया गया है। बाद में हॉकी इंडिया के वकील ने दलील दी कि चल रही चैंपियनशिप में दिल्ली हॉकी से संबद्ध खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए इस चरण में भी व्यवस्था की जाएगी।

# भारत और इंग्लैंड की पहली पारी बराबरी पर छूटी

## लॉर्ड्स टेस्ट मैच में रोमांच बढ़ा, केएल राहुल ने शतक लगाकर बनाया रिकॉर्ड



100 रन
177 गेंद
13 चौके

लोकेश राहुल।

**लंदन, एजेंसी**

लोकेश राहुल ने ऐतिहासिक लॉर्ड्स में अपना दूसरा शतक जड़ा, जिसके बाद भारत ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड के पहली पारी के 387 रनों की बराबरी करने में सफल रहा। राहुल के बेहतरीन प्रदर्शन (177 गेंदों पर 100 रन) के अलावा, रविंद्र जडेजा (131 गेंदों पर 72 रन) और ऋषभ पंत (112 गेंदों पर 74 रन) ने भारत के पहली पारी के दौरान अहम योगदान दिए।

भारत के लिए ऐसी पिच पर आखिरी बल्लेबाजी करना एक चुनौती होगी जहां कुछ गेंदें पिच होने के बाद थोड़ा उछल रही हों और साथ ही कुछ टर्न भी मिल रहा हो। भारतीय पारी के 387 रन पर सिमटने के बाद जैक क्रॉली ने कीमती समय बर्बाद करते हुए यह सुनिश्चित किया कि उन्हें जसप्रीत बुमराह का केवल एक आक्रामक ओवर ही झेलना पड़े, जिससे इंग्लैंड चौथे दिन दो रनों की मामूली बढ़त के साथ मैदान पर उतरेगा। क्रॉली दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है जबकि बेन डकेट ने अभी खाता नहीं खोला है।

**भारत ने भी धीमी गति से बनाए रन :** इससे पहले इंग्लैंड की पारी की तरह भारत ने भी दोहरी गति वाली पिच पर संभल कर बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 3.5 रन प्रति ओवर से भी कम की गति से रन बनाए। भारतीय निचले क्रम के बल्लेबाजों ने बहुत गेंदे जाया की लेकिन रन रेट को बढ़ा नहीं पाए। जडेजा लगातार तीसरा अर्धशतक बनाने के बाद क्रिस वोक्स की गेंद पर लेग साइड में ग्लांस करने की कोशिश में विकेट के पीछे लपके गये। आकाश दीप (सात) को मैदानी अंपायर द्वारा दिए गए दो एलबीडब्ल्यू फैसलों को डीआरएस की मदद से पलटने में सफल रहे लेकिन एक छक्का लगाने के बाद वह आउट हो गए। वाशिंगटन सुंदर (23) ने आखिर में जोफ्रा आर्चर की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में फाइन लेग पर हैरी ब्रुक को कैच दे बैठे जिससे भारत की पारी समाप्त हो गई। इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स ने तीन जबकि जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स ने दो-दो विकेट लिये।



तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर शॉट लगाते हुए रवींद्र जडेजा। ● एजेंसी

### भारत पहली पारी

**387/10** (119.2 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का ब्रुक बो आर्चर | 13 |
| लोकेश राहुल का ब्रुक बो बशीर | 100 |
| करूण नायर का रूट बो स्टोक्स | 40 |
| शुभमन गिल का स्मिथ बो वोक्स | 16 |
| ऋषभ पंत रन आउट | 74 |
| रविंद्र जडेजा का स्मिथ बो वोक्स | 72 |
| नीतीश रेड्डी का स्मिथ बो स्टोक्स | 29 |
| वॉशिंगटन सुंदर का ब्रुक बो आर्चर | 23 |
| आकाश दीप का ब्रुक बो कार्स | 07 |
| जसप्रीत बुमराह का स्मिथ बो वोक्स | 00 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 02 |

**गेंदबाजी :** क्रिस वोक्स 27-5-84-3, जोफ्रा आर्चर 23.2-6-52-2, ब्रायडन कार्स 24-5-88-1, बेन स्टोक्स 20-4-63-2, शोएब बशीर 14.5-2-59-1, जो रूट

### समय खराब करने पर गिल और क्राली में नोकझोंक

तीसरे दिन के आखिरी पांच मिनट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल और क्रॉली के बीच तीखी नोकझोंक हुई। क्रॉली जब समय बर्बाद कर रहे थे तब भारतीय कप्तान ने कुछ कड़े शब्दों में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज से बुमराह का सामना करते हुए कुछ हिम्मत दिखाने को कहा।

**राहुल ने टेस्ट में 10वां शतक लगाया :** इससे पहले दिन का दूसरा सत्र शुरू होते ही सलामी बल्लेबाज राहुल लॉर्ड्स मैदान पर अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा करने के बाद ढीले शॉट पर आउट हो गए राहुल ने लंच के तुरंत बाद आर्चर की गेंद पर एक रन लेकर टेस्ट में अपना 10वां शतक पूरा किया। वह दिलीप वेंगसरकर (तीन शतक) के बाद लॉर्ड्स में एक से अधिक शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। राहुल की एकाग्रता हालांकि शतक पूरा करने के अगली ही गेंद पर भंग हो गई। उन्होंने शोएब बशीर की फ्लाइट लेती गेंद पर ड्राइव करने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले का किनारा लेकर पहली स्लिप पर खड़े हैरी ब्रूक के हाथों में चली गई। राहुल के आउट होने के बाद भारत को तेजी से रन बनाने में परेशानी हुई।

**रेड्डी के हेलमेट में लगी गेंद :** इस दौरान आर्चर की तेजी से उछाल लेती गेंद रेड्डी के हेलमेट पर भी लगी। इस सत्र में बशीर को विकेट लेने के तुरंत बाद अपनी ही गेंदबाजी पर क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ की उंगली पर चोट लगने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। इंग्लैंड ने भारतीय पारी के 80 ओवर पूरा होते ही दूसरी नयी गेंद ली लेकिन उन्हें इससे ज्यादा कुछ हासिल नहीं हुआ।

# केएल ने परिपक्व पारी खेली : कुंबले

**मुंबई, एजेंसी**

पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने कहा कि केएल राहुल ने लाड्र्स में तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन दूसरे छोर से विकेट गिरने के बावजूद इंग्लैंड के गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की चुनौती का डटकर सामना करते हुए परिपक्व पारी खेली। पहले टेस्ट में शतक बनाने वाले राहुल ने इस दौरे का अपना दूसरा शतक लगाया।

कुंबले ने जियो हॉटस्टार पर कहा केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी की। उनकी पारी विशिष्ट थी क्योंकि इसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। जोफ्रा आर्चर का यह एक आक्रामक स्पैल था। विशेष कर उनका वह पहला स्पैल जिसमें उन्होंने 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से गेंदबाजी की, जिसमें उन्हें उछाल और शुरुआत में थोड़ी स्विंग भी मिल रही थी। उन्होंने कहा राहुल ने इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों का अच्छी तरह से सामना किया। वह पूरी तरह से नियंत्रण में दिखे।



**पंत का रन आउट होना दुर्भाग्यपूर्ण रहा :** अनिल कुंबले ने कहा मुझे लगता है कि शुरुआत में ऋषभ पंत ने कॉल किया और फिर यह सोचकर हिचकिचाए कि कोई रन नहीं है। और फिर केएल ने तुरंत शुरुआत की। इसलिए ऋषभ पंत की शुरुआती हिचकिचाहट ने शायद उनकी प्रतिक्रिया में देरी की। और फिर उन्हें रन लेना पड़ा क्योंकि केएल सीधे दौड़कर लक्ष्य पर पहुंच रहे थे। यह निश्चित रूप से अनावश्यक था, क्योंकि आप अगली तीन गेंदों को रोक सकते थे, लंच पर जा सकते थे।

### वॉन चाहते हैं पांचों दिन अपने ओवर का कोटा पूरा करें टीम

**लंदन :** भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन केवल 75 ओवर फेंके गए जिसके बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा जिससे कि टीम टेस्ट मैच के पांचों दिन 90 ओवर का कोटा अनिवार्य रूप से पूरा करें। भारत ने टेस्ट के पहले दिन 83 ओवर फेंके, जबकि दूसरे दिन 75 से भी कम ओवर फेंके जा सके, जिससे दोनों दिनों में कुल मिलाकर लगभग 23 ओवर कम हो गए। वॉन ने कहा कि धीमी ओवर गति के लिए टीमों को दंडित करना पर्याप्त नहीं है, क्योंकि खिलाड़ी काफी अमीर हैं और उन पर लगाए गए जुर्माने से वे प्रभावित नहीं होंगे। वॉन ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा मुझे नहीं लगता कि जुर्माना काम करेगा। मुझे लगता है कि ये लड़के (क्रिकेटर) काफी अमीर हैं। मुझे नहीं लगता कि जुर्माना लगाने से उन पर किसी तरह का प्रभाव पड़ेगा। वह यह समझ नहीं पा रहे हैं कि टीमें पहले चार दिनों में ओवरों का कोटा पूरा क्यों नहीं कर पाई।

## मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर पाए साबले

**मोनाको :** भारत के अनुभवी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले गिरने के कारण मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर सके, लेकिन तेजी से उभरते धावक अनिमेष कुजूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रगति जारी रखते हुए अंडर-23 की 200 मीटर स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया।

ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले को अपनी पसंदीदा 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में शीर्ष पांच में जगह बनाने की उम्मीद थी लेकिन शुक्रवार की रात को वह दौड़ के शुरू में ही गिर गए। इसके बाद वह असहज महसूस करने लगे। मौजूदा एशियाई चैंपियन साबले लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए और उनकी चोट की गंभीरता अभी तक ज्ञात नहीं है।


# चोपड़ा और नदीम फिर होंगे आमने-सामने

● सिलेसिया डायमंड लीग में 16 अगस्त को होगा मुकाबला

**सिलेसिया (पोलैंड), एजेंसी**

दोहरे ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में होने वाली डायमंड लीग (डीएल) में गत चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम के खिलाफ एक बहुप्रतीक्षित मुकाबले में आमने-सामने होंगे।

पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद दोनों खिलाड़ियों की यह पहली टक्कर होगी। चोपड़ा और नदीम आठ अगस्त, 2024 को पेरिस में हुए पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के एक साल बाद एक-दूसरे का सामना करेंगे। नदीम पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ भारतीय खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण जीतने वाले 27 साल के चोपड़ा को पेरिस में 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। विश्व एथलेटिक्स के एक बयान में कहा गया है कि चोपड़ा और नदीम सिलेसिया डायमंड लीग में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे।



नीरज चोपड़ा व अरशद नदीम।

# स्वियाटेक ने अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से रौंदकर पहला विंबलडन खिताब जीता


**लंदन, एजेंसी**

पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने शनिवार को एकतरफा अंदाज में खेले गए फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से रौंदकर अपने करियर का छठा ग्रैंड स्लैम एकल खिताब - और ऑल इंग्लैंड क्लब में पहला खिताब जीत लिया। जिससे वह सभी कोर्ट पर ग्रैंड स्लैम चैंपियन बन गईं।

57 मिनट के प्रभावशाली प्रदर्शन में, स्वियाटेक ने पिछले वसंत में चौथी बार रौलां गैरो ट्रॉफी जीतने के बाद से अपना पहला खिताब जीता, और प्रमुख फाइनल में अपना रिकॉर्ड 6-0 कर लिया। ओपन एरा में पोलैंड की ओर से पहली विंबलडन एकल चैंपियन बनने के अलावा, यह जीत स्वियाटेक के करियर की 100वीं ग्रैंड स्लैम मैच जीत भी है।

2019 में ग्रैंड स्लैम मुख्य ड्रॉ में पदार्पण के बाद से अब तक ग्रैंड स्लैम मुख्य ड्रॉ में उनका रिकॉर्ड 100-20 का हो गया है। 1983 के बाद से विंबलडन में महिला एकल फाइनल में पहला 6-0 का शुरुआती सेट - जब मार्टिना नवरातिलोवा ने एंड्रिया जैगर को 6-0, 6-3 से हराया था। इससे पहले, 1973-75 के सभी फाइनल में पहले सेट 6-0 से बराबर रहे थे - जिसमें 1973 में बिली जीन किंग की तत्कालीन 18 वर्षीय क्रिस एवर्ट पर 6-0, 7-5 से जीत भी शामिल है।

ईएसपीएन के लिए कमेंट्री करते हुए एवर्ट ने उस फाइनल के शुरुआती दौर को याद करते हुए कहा, "मैं धुंध में थी।" दूसरे सेट के शुरुआती दौर में अनिसिमोवा ने दमदार स्ट्रोक्स लगाए - जिसमें 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से फोरहैंड विनर भी शामिल था जिससे स्कोर 30-30 हो गया और स्वियाटेक की सर्विस 6-0, 1-0 हो गई। लेकिन इसका स्कोरबोर्ड पर कोई असर नहीं हुआ।



पोलैंड की इगा स्वियाटेक महिला एकल फाइनल जीतने का जश्न मनाती हुईं। ● एजेंसी



ब्रिटेन के जूलियन कैश (बाएं) और लॉयड ग्लासपूल पुरुष युगल फाइनल मैच जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

### कैश और ग्लासपूल ने युगल खिताब जीतकर इतिहास रचा

**लंदन :** जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने 89 वर्षों में विंबलडन में पुरुष युगल खिताब जीतने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी बनकर इतिहास रच दिया। इस जोड़ी ने आज ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा और डचमैन डेविड पेल की गैर-वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-2, 7-6 (7-3) से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। 28 वर्षीय कैश और 31 वर्षीय ग्लासपूल 1960 में माइक डेविस और बॉबी विल्सन के बाद फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी बन चुकी थीं। लेकिन बीबीसी की एक खबर के अनुसार, 1936 में विंबलडन में पैट ह्यूजेस और रेमंड टकी के बाद यह पहली बार है जब दो ब्रिटिश खिलाड़ी किसी ग्रैंड स्लैम में पुरुष युगल चैंपियन बने हैं। ग्लासपूल ने एक रोमांचक मैच के बाद कहा जब आप ऐसा कहते हैं तो यह अविश्वसनीय लगता है। मैंने इसके बारे में ज़्यादा नहीं सोचा था। हम इस दिन को ज़िंदगी भर नहीं भूलेंगे।

### जोकोविक बोले- यह मेरा आखिरी विंबलडन नहीं

**लंदन :** नोवाक जोकोविक ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में यानिक सिनर से हारने के बाद स्पष्ट किया कि यह उनका विंबलडन में आखिरी मैच नहीं था और वह कम से कम एक बार और इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में खेलने का इरादा रखते हैं। मैच के बाद 38 वर्षीय जोकोविक ने कहा मैं आज अपना विंबलडन करियर खत्म करने की योजना नहीं बना रहा हूं। मैं निश्चित रूप से कम से कम एक बार और वापसी की योजना बना रहा हूं। सेंटर कोर्ट पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर से 6-3, 6-3, 6-4 से मिली हार ने जोकोविक के विंबलडन में रोजर फेडरर के आठ चैंपियनशिप के पुरुष रिकॉर्ड की बराबरी करने और 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के प्रयास पर पानी फेर दिया। जोकोविच क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान आखिरी सेट में चोटिल हो गए थे और सेमीफाइनल में वह अपने पूरे रंग में नहीं दिखे। जोकोविक ने कहा मैं अपनी चोट के बारे में विस्तार से बात नहीं करना चाहता। मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन को लेकर बात करना चाहता हूं। मुझे इस बात की निराशा ज़रूर है कि मैं उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया जितना मैंने सोचा था या उम्मीद की थी। इस स्टार खिलाड़ी ने सिनर के खिलाफ मैच में तीसरे सेट से पहले बायें पैर के ऊपरी हिस्से के उपचार के लिए ट्रेनर की मदद ली।



# अल्काराज की निगाह हैट्रिक पर

**विंबलडन पुरुष फाइनल आज**

● विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगी टक्कर

**लंदन, एजेंसी**

पिछले दो बार के विजेता कार्लोस अल्काराज रविवार को यहां होने वाले विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में खिताबी हैट्रिक पूरी करने के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगे। वहीं उनके प्रतिद्वंदी और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ऑल इंग्लैंड क्लब में पहली बार चैंपियन बनने की कोशिश करेंगे। इस मैच में फ्रेंच ओपन के फाइनल की पुनरावृति होगी जिसमें अल्काराज ने पहले दो सेट गंवाने और तीन मैच प्वाइंट बचाकर जीत हासिल की थी। अल्काराज ने विंबलडन के शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज़ को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर लगातार तीसरी विंबलडन चैंपियनशिप जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। इसके बाद सिनर की बारी आई और उन्होंने पूरी तरह से फिट नहीं दिख रहे नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार ऑल इंग्लैंड क्लब में फाइनल में प्रवेश किया।

फ्रेंच ओपन के फाइनल के ठीक पांच सप्ताह बाद यह दोनों खिलाड़ी फिर से एक दूसरे के आमने सामने होंगे। फर्क सिर्फ इतना है कि फ्रेंच ओपन का फाइनल लाल बजरी पर खेला गया था जबकि विंबलडन का फाइनल ग्रास कोर्ट पर होगा।



यानिक सिनर व कार्लोस अल्काराज। ● एजेंसी

अल्काराज़ ने फ्रेंच ओपन का फाइनल पांच घंटे 29 मिनट में जीता था और रविवार को यहां इन दोनों के बीच फिर से कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। स्पेन के इस खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि वह उनके करियर का सबसे कड़ा मैच था। उन्होंने कहा यह अब तक का मेरा सबसे अच्छा मैच था। मुझे इस बात से कोई हैरानी नहीं है कि उसने मुझे मेरी आखिरी सीमा तक धकेल दिया। उम्मीद है कि रविवार को मैं अपनी सीमा में रहूंगा। यह एक शानदार फाइनल होगा और मैं इसमें खेलने के लिए उत्साहित हूं। अल्काराज़ ने कहा मैं बस यही उम्मीद करता हूँ कि मुझे फिर से कोर्ट पर साढ़े पांच घंटे न बिताने पड़ें, लेकिन अगर इसकी जरूरत पड़ी तो मैं इसके लिए तैयार हूं। इटली के खिलाड़ी सिनर को भी उम्मीद है कि यह रोमांचक फाइनल होगा। सिनर ने कहा उम्मीद है कि यह मैच भी पिछले मैच की तरह रोमांचक होगा। मुझे नहीं पता कि यह और बेहतर होगा या नहीं, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि यह संभव है। अल्काराज का ग्रैंड स्लैम फ़ाइनल में रिकॉर्ड 5-0 है। सिनर के नाम पर तीन ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। अल्काराज विंबलडन में लगातार 24 मैच जीत चुके हैं और वह इस संख्या में इजाफा करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो 12 मैच खेले गए हैं उनमें से अल्काराज़ ने आठ और सिनर ने चार मैच जीते हैं।

# गगनयान के लिए विकसित किया गया एसएमपीएस

बेंगलुरु, एजेंसी



- इसरो ने क्वालिफिकेशन टेस्ट प्रोग्राम पूरा किया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसने क्वालिफिकेशन टेस्ट प्रोग्राम पूरा करने के साथ ही गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) को सफलतापूर्वक विकसित कर लिया है।

एसएमपीएस के एकीकृत प्रदर्शन को मान्य करने को 350 सेकंड के लिए एसएमपीएस का पूर्ण अवधि हॉट टेस्ट किया गया। वास्तविक परिस्थिति में किया जाने वाला यह परीक्षण सर्विस मॉड्यूल आधारित मिशन निरस्तीकरण की फ्लाइट ऑफ-नॉमिनल मिशन प्रोफाइल के लिए किया गया। फ्लाइट ऑफ-नॉमिनल मिशन प्रोफाइल का संबंध किसी विमान के उड़ान पथ और उसकी अन्य गतिविधियों से है।

इसरो ने कहा, परीक्षण में प्रणोदन प्रणाली का प्रदर्शन सामान्य था। गगन यान का एसएम विनियमित द्विप्रणोदक आधारित प्रणोदन प्रणाली है जो आरोहण के दौरान कक्षा वृत्तीकरण, ऑनऑर्बिट कंट्रोल, डीबूस्ट संचालन और सर्विस मॉड्यूल आधारित निरस्तीकरण के लिए कक्षीय मॉड्यूल की जरूरत को पूरा करता है।

# शनि शिंगणापुर मंदिर ट्रस्ट भंग, जांच होगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भ्रष्टाचार के आरोपों में घीरे शनि शिंगणापुर मंदिर ट्रस्ट को भंग करने की घोषणा की है। श्री फडणवीस ने शनिवार को कहा कि भगवान के नाम पर लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए पूजनीय यह मंदिर धन की हेराफेरी से जुड़े घोटाले को लेकर चर्चा है। स्थानीय विधायक विट्ठल लांगहे का दावा है कि 100 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है, विधायक सुरेश धास 500 करोड़ का घोटाला बता रहे हैं। आरोप है कि ट्रस्टियों ने कई मोबाइल एप बनाए जिन पर ऑन लाइन दान, अनुष्ठान और चढ़ावे के नाम पर धन लिया गया। आरोप है कि चार लाख से ज्यादा लोगों ने एप्स के ज़रिए पैसे भेजे जो मंदिर के खाते में जमा नहीं हुए।

# अचानक नहीं बंद हो सकते फ्यूल स्विच

तकनीकी पहलू

अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की एक प्रारंभिक रिपोर्ट में दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787-8 का फ्यूल स्विच बंद होने को लेकर दो पायलटों के बीच भ्रम की स्थिति का उल्लेख किया गया है। फ्यूल स्विच विमान के इंजनों में ईंधन के प्रवाह को नियंत्रित करते हैं। स्विच की दो अवस्था होती हैं - रन और कट ऑफ। इनका उपयोग इंजनों को चालू या बंद करने के लिए किया जाता है।

### स्विच बंद होने में गलती नहीं हो सकती

एक अनुभवी पायलट के अनुसार, फ्यूल स्विच की अवस्था को गलती से नहीं बदला जा सकता बल्कि इसकी एक प्रक्रिया होती है। आमतौर पर ब्रैकेट लगे होने के कारण फ्यूल स्विच सुरक्षित होते हैं। ये ब्रैकेट इसलिए लगे होते हैं कि स्विच की अवस्था में अचानक कोई बदलाव न हो। स्विच की अवस्था बदलने से पहले उन्हें ऊपर खींचना पड़ता है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर में ईंधन स्विच थ्रस्ट लीवर के नीचे स्थित होते हैं।

### क्या होता है थ्रस्ट लीवर


विशेषज्ञों के मुताबिक थ्रस्ट लीवर कार के एक्सीलेटर पैडल की तरह होता है जिस पर पावर का बढ़ना और घटना निर्भर करता है। इसमें दो चरम अवस्थाएं होती हैं, एक आइडल पावर और एक फुल पावर। इसके अलावा ईंधन नियंत्रण स्विच होता है, जिसमें दो अवस्थाएं होती हैं - कट ऑफ और रन। इसलिए जब आप इंजन बंद करते हैं तो ईंधन नियंत्रण स्विच कट ऑफ मोड में होता है।

### फ्यूल स्विच की विशेषताएं

- अधिकांश विमानों में एक से अधिक फ्यूल टैंक होते हैं जैसे- लेफ्ट टैंक, राइट टैंक और सेंटर टैंक। पायलट फ्यूल स्विच का उपयोग करके यह तय करता है कि किस टैंक से ईंधन इंजन तक भेजा जाएगा।
- छोटे विमानों में सामान्यत: तीन मोड होते हैं। एक ऑन मोड जिसमें इंजन लेफ्ट या राइट किसी एक टैंक से फ्यूल लेता है। दूसरे मोड में सप्लाई बंद हो जाती है, तीसरे में दोनों टैंकों से फ्यूल लिया जाता है।
- बोइंग, एयरबस जैसे बड़े एयरक्राफ्ट में फ्यूल स्विच क्रॉसफीड सिस्टम से जुड़ा होता है। यह सिस्टम तब इस्तेमाल होता है जब एक इंजन को दूसरे टैंक से फ्यूल देना हो, जैसे एक इंजन खराब हो जाए।

**फ्यूल मैनेजमेंट** : फ्यूल स्विच का उपयोग वजन संतुलन के लिए भी होता है। अगर एक साइड का टैंक ज्यादा खाली हो जाए तो पायलट दूसरे टैंक से फ्यूल लेना शुरू करता है ताकि वज़न संतुलित रहे।

**ऑटोमेटेड कंट्रोल** : आधुनिक विमानों में फ्यूल स्विच मैनेजमेंट कंप्यूटर से नियंत्रित होते हैं। यह सिस्टम खुद तय करता है कि कब किस टैंक से फ्यूल लिया जाए और कब क्रॉसफीड जरूरी है।



### इंजन चालू करने के दो चरण

इंजन चालू करने के लिए दो चरण होते हैं। पहले चरण में 'स्टार्ट सिलेक्टर' को चालू किया जाता है और फिर ईंधन नियंत्रण स्विच को रन मोड में रखा जाता है। इसके बाद अंदर स्वचालित रूप से बहुत सारी चीजें होने लगती हैं। इंजन चलना शुरू हो जाता है, इसका मतलब है कि इंजन में ईंधन जा रहा है।

**सिक्योरिटी फीचर** : कुछ विमानों में फ्यूल स्विच में सुरक्षा फीचर्स होते हैं, जो सुनिश्चित करते हैं कि स्विच को गलत समय पर ऑफ न किया जा सके। इससे इंजन फेल होने की संभावना कम होती है।

## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा पर गया व्यक्ति गंदेरबल में लापता

**श्रीनगर।** गंदेरबल जिले में रेलिंग से कूदने के बाद एक अमरनाथ यात्री लापता हो गया। पुलिस ने बताया कि लुधियाना निवासी सुरिंदर पाल अरोड़ा आधी रात के समय सात लोगों के समूह में बरारिमार्ग से रेलपथरी तक ट्रैकिंग कर रहे थे, तभी उन्हें अत्यधिक ऊंचाई पर होने वाली बीमारी (हाई-एल्टीट्यूड सिकनेस) ने जकड़ लिया। अरोड़ा अजीब व्यवहार करने लगे, ऊपर-नीचे दौड़ने लगे, ठंडे पानी से स्नान किया और फिर रेलिंग से कूद गए। पुलिस, पर्वतीय बचाव दल, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जेकेएपी को उनकी तलाश में लगाया गया है।

### यूक्रेन: रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में छह की मौत

**कीव।** रूस ने शुक्रवार रात से हमले तेज करते हुए यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइल से बमबारी की, जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। रूस के इन हमलों के बाद तीन साल से अधिक पुराने युद्ध के समाप्त होने की संभावनाएं और क्षीण हो गई हैं। क्षेत्रीय गवर्नर रुस्लान जापारानियुक ने शनिवार को बताया कि रूसी सेना ने दक्षिण-पश्चिमी यूक्रेन के चेर्नित्सि क्षेत्र के बुकोविना क्षेत्र पर चार ड्रोन और एक मिसाइल से हमला किया, जिसमें दो की मौत हो गई और 14 घायल हो गए।

### एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में जाएंगे जयशंकर

**बीजिंग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर अगले सप्ताह तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने चीन जाएंगे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि एससीओ के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक 15 जुलाई को होगी। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर, एससीओ के अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्री और संगठन के स्थायी निकायों के प्रमुख बैठक में भाग लेंगे।

### पूर्व जज को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की कोशिश

**नागपुर।** मुंबई उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश विजय डागा को डिजिटल अरेस्ट कर ठगों ने दो करोड़ रुपये ऐंठने की कोशिश की। जस्टिस डागा ने बताया कि जालसाजों ने वीडियो कॉल के जरिए उन पर गलत काम करने का आरोप लगाया और पैसे की मांग की। उन्होंने धमकी नजरंदाज कर पुलिस को सूचित कर दिया। जस्टिस डागा ने बताया कि बुधवार सुबह उन्हें पुलिस की वर्दी पहने व्यक्ति का वीडियो कॉल आया। थाने जैसी दिखने वाली जगह पर बैठे फोन करने वाले ने उन पर मुंबई के बोरीवली पुलिस थाने में दर्ज जबरन वसूली के मामले से जुड़े होने का आरोप लगाया।

# फ्यूल स्विच बंद होने का कारण साफ नहीं

## विशेषज्ञों ने कहा- कई सवाल अनुत्तरित, इलेक्ट्रिकल-मैकेनिकल दिक्कत से भी बंद हो सकते हैं स्विच

मुंबई, एजेंसी

वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान के फ्यूल स्विच बंद होने का कारण साफ नहीं है। विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि विमान में यांत्रिक या बिजली आपूर्ति संबंधी समस्या भी फ्यूल स्विच बंद होने का कारण हो सकते हैं। स्पष्ट कारणों का आगे की जांच में पता चलेगा।

एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में उल्लेख है कि 12 जून को हुई दुर्घटना से पहले बोइंग 787-8 विमान के इंजन 1 और 2 के ईंधन स्विच एक सेकंड के अंतराल में 'कटऑफ' हुए और बाद में चालू किए गए थे। फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स के अध्यक्ष और एअर इंडिया के पूर्व पायलट कैप्टन सीएस रंधावा ने कहा कि फ्यूल स्विच की स्थिति को केवल मानवीय हस्तक्षेप से ही बदला जा सकता है। ये स्विच स्प्रिंगयुक्त होते हैं और इनमें लॉक लगा होता है। अगर इन्हें 'रन' स्थिति में रखना है तो पहले इन्हें बाहर खींचकर उस स्थिति में लाना पड़ता है। ये स्विच आमतौर पर उस वक्त इस्तेमाल किए जाते हैं जब विमान के दोनों इंजन 'फ्लेमआउट' हो गए हों या पायलट ने स्विच को रीसेट किया हो।

उन्होंने कहा, रिपोर्ट से स्पष्ट नहीं है कि स्विच की स्थिति क्यों बदली गई थी। बिजली रुकावट भी इसका कारण हो सकती है। फ्यूल स्विच बंद करना होता है तो उड़ान भर रहा पायलट कहेगा, फ्यूल कंट्रोल स्विच लेफ्ट, पुष्टि करें। दूसरे पायलट की पुष्टि के बाद स्विच बंद कर दिया जाता है।



दुर्घटनास्थल पर एक महीने बाद भी तैनात है पुलिस फोर्स। ● एजेंसी

### एअर इंडिया पायलटों के साथ रिपोर्ट की समीक्षा करेगी

**मुंबई।** एअर इंडिया ने शनिवार को कहा कि वह 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की समीक्षा के लिए विशेष सत्र आयोजित करेगी, जिनमें पायलटों को भी शामिल किया जाएगा। एअर इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (उड़ान परिचालन) मनीष उप्पल ने पायलटों को लिखे एक पत्र में कहा, प्रारंभिक रिपोर्ट एयरलाइन को शुरुआती जानकारी देती है। यह अंतिम निर्णय नहीं है, बल्कि कारकों की पहचान करने और यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि ऐसी त्रासदी को रोकने के लिए सभी संभव उपाय किए जाएं।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना

### जल्दबाजी में जारी की गई प्रारंभिक रिपोर्ट

**नई दिल्ली/मुंबई।** एअर इंडिया विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट आने के बाद विशेषज्ञों ने कहा कि रिपोर्ट में पायलट के कदम पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जबकि जांच आगे बढ़ने के बीच बोइंग 787-8 के संचालकों के लिए कोई सिफारिश नहीं किये जाने से कई सवाल अनुत्तरित रह गए हैं। विशेषज्ञों ने रिपोर्ट पर कई सवाल भी उठाए हैं।

- कॉकपिट की आवाज रिकॉर्डिंग में एक पायलट दूसरे से पूछता सुनाई देता है कि उसने ईंधन क्यों बंद किया। दूसरा पायलट जवाब में कहता है कि उसने ऐसा नहीं किया। हालांकि, इस बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं है कि किस पायलट ने क्या कहा।
- सीवीआर से कुछ खास शब्द उठाए गए हैं। सीवीआर की पूरी ट्रांसक्रिप्ट जारी नहीं की। आप उसमें से एक शब्द भी नहीं चुन सकते और आपको यह भी नहीं पता कि उन्होंने किस संदर्भ में बात की और उस शब्द का वास्तविक अर्थ क्या था।
- विमान का नियंत्रण फर्स्ट आफिसर क्लाइव कुंदर के पास था, सुमित सभरवाल वरिष्ठ कॉकपिट अधिकारी थे। रिपोर्ट में कहा गया है, मुंबई निवासी दोनों पायलट एक दिन पहले अहमदाबाद पहुंचे थे। उड़ान से पहले उन्होंने पर्याप्त आराम किया था।
- एयरलाइंस पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एपीएआई) ने रिपोर्ट से असहमति जताते हुए कहा कि जांच गोपनीयता के आवरण में लिपटी हुई, पायलट के खिलाफ पक्षपातपूर्ण प्रतीत होती है और इसमें जल्दबाजी में निष्कर्ष पर पहुंचा गया है।

### ब्रिटिश जांचकर्ता करेंगे प्रारंभिक रिपोर्ट की समीक्षा

**लंदन।** ब्रिटेन की हवाई दुर्घटना जांच शाखा (एएआईबी) ने शनिवार को कहा कि वह एअर इंडिया की उड़ान एआई171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में भारतीय एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट की समीक्षा कर रही है। दरअसल, ब्रिटेन की एएआईबी भी जांच प्रक्रिया का हिस्सा है क्योंकि इस हादसे में विमान में सवार 52 ब्रिटिश नागरिकों की भी मौत हो गई थी। ब्रिटेन की एएआईबी ने कहा, ब्रिटिश एएआईबी भारत की एएआईबी के साथ संपर्क में है। अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार, जांच संबंधी जानकारी जारी करने का अधिकार पूरी तरह भारतीय अधिकारियों के पास है।

### अब एक साल इंतजार

अंतिम रिपोर्ट आने में एक साल लग सकता है। रिपोर्ट से असंतुष्ट विशेषज्ञों का कहना है कि अटकलों का पूरा दायरा एक साल के लिए छोड़ा जा रहा है। अब वास्तविक रिपोर्ट आने में एक साल या उससे ज्यादा समय लग सकता है।

# कांवड़ मार्ग पर क्यूआर कोड दिखाने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रो. अपूर्वानंद झा ने दायर की याचिका, आदेश को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन बताया

सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को मालिकों की जानकारी हासिल करने के लिए कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस वर्ष कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से नौ अगस्त के बीच निर्धारित है।

प्रो. अपूर्वानंद झा की ओर से दायर इस रिट याचिका में दलील देते हुए कहा गया है कि निर्देश शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ है। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसा निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है।

उन्होंने याचिका में मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों को क्यूआर कोड प्रदर्शन अनिवार्य है जो ग्राहकों को स्वामित्व संबंधी जानकारी हासिल करने की अनुमति देते हैं। प्रो. झा की याचिका में तर्क दिया गया है कि क्यूआर कोड संबंधी निर्देश डिजिटल माध्यमों से असंवैधानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हैं। याचिका में राज्यों को हलफनामा दायर करके यह बताने का निर्देश देने की भी मांग की गई कि क्यूआर कोड की अनिवार्यताएं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन कैसे नहीं करती हैं।

### अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों को पहुंचेगी क्षति

याचिका में कहा, जब तक अदालत प्रतिवादियों को इस अप्रत्यक्ष कार्यान्वयन को जारी रखने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी नहीं करती, तब तक प्रभावित विक्रेताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के मौलिक अधिकारों को अपूरणीय क्षति पहुंचने का गंभीर और खतरा मंडराता रहेगा। याचिकाकर्ता ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों को सभी क्यूआर कोड आधारित पहचान संबंधी अनिवार्यता या किसी भी ऐसी व्यवस्था को तुरंत वापस लेने का निर्देश देने की मांग की।

# हैदराबाद की डॉग पेंटर, अब तक 38 पेंटिंग बना चुकी है डॉली

हैदराबाद, एजेंसी

यदि आप से कहा जाए कि कोई पशु मनुष्य की तरह चित्रकारी कर सकता है तो आपको शायद विश्वास न हो किंतु हैदराबाद में एक ऐसा अनोखा मामला सामने आया है। यहां डॉली नाम की कुतिया है जो अब तक 38 पेंटिंग बना चुकी है।

डॉली लैबराडोर नस्ल की है जिसे हैदराबाद के मणिकोंडा के निवासी स्नेहांगशु देबनाथ और होई चौधरी नामक दंपती ने लावारिस हालत में पाया और बचाया था। होई ने बताया, मेरे पति एक कलाकार हैं और जब वह पेंटिंग करते थे, तो वह आती और ब्रश छीनकर भाग जाती थी। हमारे एक दोस्त ने कहा कि शायद वह भी चित्रकारी करना चाहती है, इसलिए उसे मौका दीजिए। इस तरह हमने उसे ब्रश दिया।

प्रसिद्ध स्पेनिश कलाकार सल्वाडोर डॉली के नाम पर पालतू पशु का नाम डॉली रखा गया था। डॉली ने जब कैनवस को छुआ तो पति-पत्नी बहुत खुश हुए। फिर उन्होंने उसे चित्रकारी करने देने का फैसला किया। उन्होंने डॉली के लिए एक खास ब्रश बनाया ताकि वह उसे मुंह में रख सके। उसे प्रशिक्षण भी दिया। देबनाथ ने कहा, लोगों ने डॉली की पेंटिंग खरीदने में दिलचस्पी दिखाई तो उन्होंने फैसला किया कि उनकी बिक्री से अर्जित राशि को आवारा कुत्तों के कल्याण के लिए दान किया जाएगा।




- अच्छी कीमत में बिक चुकी हैं डॉली की बनाई कई पेंटिंग, आवारा कुत्तों के कल्याण में खर्च किया जा रहा पैसा

# गाजा: इजराइली हमलों में बच्चों समेत 52 फलस्तीनियों की मौत

**दीर अल बलाह।** इजराइल द्वारा गाजा पट्टी पर किये गए हवाई हमले में चार बच्चों सहित कम से कम 28 फलस्तीनी मारे गए जबकि सहायता वितरण स्थलों की ओर जाते समय लोगों पर की गई गोलीबारी में 24 अन्य की जान चली गई।

अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि दीर अल-बलाह में शुक्रवार देर रात शुरू हुए हवाई हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई, जिनमें बच्चे और दो महिलाएं हैं। नासिर अस्पताल के मुताबिक, एक पेट्रोलपंप के निकट हमलों में चार लोग और दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में 15 लोग मारे गए। चश्मदीदों ने बताया कि रफा के निकट इजराइल समर्थित अमेरिकी संगठन द्वारा संचालित खाद्य वितरण स्थल पर जाते लोगों पर की गई गोलीबारी में कम से कम 24 अन्य लोग मारे गए।

## तीर्थयात्रा



जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल में शनिवार को तीर्थयात्रा के दौरान अमरनाथ की पवित्र गुफा की ओर रवाना होता भक्तों का एक जत्था। शनिवार को 6639 तीर्थयात्रियों का जत्था जम्मू से अमरनाथ के लिए रवाना हुआ। अब तक 60 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। एजेंसी

# गांदरबल में कुर्क कीं तीन आतंकवादियों की संपत्तियां

**श्रीनगर।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे तीन आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर के गांदरबल स्थित संपत्तियां शनिवार को जब्त की गईं।

पुलिस ने बताया कि तीनों की पहचान कुराग के फारूक अहमद राठेर, हाटबुरा के नूर मोहम्मद पार्रे और मध्य कश्मीर जिले के खुरहामा इलाके के मोहम्मद मकबूल सोफी के रूप में हुई है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गांदरबल में पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में शामिल पीओके से सक्रिय तीन आतंकवादियों की 3.2 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां जब्त की हैं। उन्होंने बताया कि कानूनी प्रक्रिया के बाद नौ कनाल से अधिक भूमि कुर्क कर ली गई है।

# राष्ट्रीय ध्वज के राजनीतिक और धार्मिक इस्तेमाल पर रोक लगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में सरकार को निर्देश देने का आग्रह

सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी राजनीतिक दल या धार्मिक संगठन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के राजनीतिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के कदम उठाएं।

याचिका में अधिकारियों को राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने के निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राष्ट्रीय ध्वज का पूर्ण सम्मान किया जाए। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ इस याचिका पर सुनवाई करेगी।

याचिका में एक अनुरोध यह भी किया गया, भारत सरकार और भारत निर्वाचन आयोग सहित प्रतिवादियों को एक उचित रिट, आदेश या निर्देश जारी करें ताकि किसी भी राजनीतिक दल या धार्मिक संगठन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का राजनीतिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग रोका जा सके। इसमें पार्टी के लोगो, धार्मिक प्रतीकों या किसी भी प्रकार के लेख को राष्ट्रीय ध्वज पर लगाने जैसे कृत्य शामिल हैं।

# अरुणाचल: बच्चियों के यौन शोषण के आरोपी की हत्या, रोइंग में कर्फ्यू

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश की लोअर दिबांग घाटी के रोइंग कस्बे में पड़ोसी राज्य असम से आए एक प्रवासी युवक की भीड़ ने कई बच्चियों का यौन शोषण करने के आरोप में पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया।

आरोपी बोंगईगांव के रियाज उल कुरीम (19) को स्कूल में कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोप में हिरासत में लिया गया। अभिभावकों ने युवक को पकड़ा और उसकी पिटाई की। पुलिस ने उसे लोगों की गिरफ्त से बचाकर हिरासत में लिया लेकिन भीड़ ने पुलिस थाने में घुसकर युवक को बाहर निकाला और उसकी जमकर पिटाई की। अस्पताल ले जाते समय भी उसे फिर से पीटा और अंततः उसकी मौत हो गई।

## काउंट डाउन

कल शाम 4 :35 बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से वापस रवाना होगी एक्सिओम- 4 मिशन की टीम

# धरती पर लौटने के बाद 7 दिन पुनर्वास में रहेंगे शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई को कैलिफोर्निया तट पर उतरने के बाद सात दिनों तक पुनर्वास में रहेंगे। ग्रुप कैप्टन शुक्ला 18 दिनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर प्रवास के बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं।

शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री, कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड व हंगरी के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और टिबोर कापू, 'एक्सिओम-4 मिशन' के तहत 26 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। नासा ने एक बयान में बताया कि चारों अंतरिक्ष यात्री सोमवार, 14 जुलाई को भारतीय समयानुसार अपराह्न चार बजकर 35 मिनट पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होंगे।

इसरो के अनुसार, अंतरिक्ष स्टेशन से अलग होने के बाद कई कक्षीय प्रक्रियाओं को पार कर 'क्रू ड्रैगन' अंतरिक्ष यान 15 जुलाई को भारतीय समयानुसार अपराह्न तीन बजे कैलिफोर्निया तट के पास उतरेगा। इसरो ने 'एक्सिओम-4' मिशन के बारे में बताया, अंतरिक्ष से वापस आने के बाद शुक्ला को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए फ्लाइट सर्जन की देखरेख में एक कार्यक्रम के तहत लगभग सात दिन पुनर्वास में रहना होगा।

इसरो ने शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा के लिए लगभग 550 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह एक ऐसा अनुभव है, जो अंतरिक्ष एजेंसी को अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने में मदद करेगा। गगनयान, 2027 में कक्षा में स्थापित होगा। इसरो के फ्लाइट सर्जन निजी चिकित्सा/मनोवैज्ञानिक सत्रों में भागीदारी के माध्यम से अंतरिक्ष यात्री शुक्ला के समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती की निरंतर निगरानी कर रहे हैं।

इसरो ने बताया, शुभांशु का स्वास्थ्य अच्छा है और वह उत्साह से लबरेज हैं। शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के भारतीय समयानुसार अपराह्न दो बजकर 25 मिनट पर क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार होने, अपने अंतरिक्ष सूट पहनने और पृथ्वी की यात्रा शुरू करने से पहले आवश्यक जांच कराने की उम्मीद है।

### 580 पाउंड से अधिक सामान के साथ लौटेगा ड्रैगन

अंतरिक्ष यान स्वचालित रूप से आईएसएस से अलग होने की प्रक्रिया शुरू करेगा, ताकि धीरे-धीरे गति धीमी हो सके और कैलिफोर्निया में पानी में उतरने (स्पलैशडाउन) के लिए पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर सके। नासा ने एक बयान में बताया, ड्रैगन अंतरिक्ष यान 580 पाउंड से अधिक सामान के साथ वापस आएगा, जिसमें नासा हार्डवेयर और पूरे मिशन के दौरान किए गए 60 से अधिक प्रयोगों का डेटा शामिल है। नासा के मुताबिक, एक्सिओम-4 मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम कॉकटेल और अच्छे लोगों के साथ अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने आखिरी कुछ दिनों का आनंद ले रहे हैं।